नई दिल्ली

बुधवार, 24 अप्रैल 2024

वैशाख मास कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 28, अंक : 13

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


**मौसम**
अधि. 38
न्यून. 24


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


haribhoomi.com


### हनुमान गढ़ी पर आस्था का सैलाब



*अयोध्या। राम नगरी अयोध्या में हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को भक्तों की भीड़ उमड़ी। सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में बजरंगबली का श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। हनुमानगढ़ी मंदिर के सामने सुबह करीब एक किमी तक लंबी लाइनें लगी रही। यहां मुख्य तौर पर हनुमान जन्मोत्सव छोटी दिवाली के एक दिन पहले मनाया जाता है।*

शेष पेज 5 पर






## सेना पर ज्यादा खर्च वाला चौथा देश भारत



**नई दिल्ली।** भारत 2023 में सेना पर सबसे ज्यादा खर्च वालों की लिस्ट में दुनिया का चौथा बड़ा देश है। जानकारी स्टॉकहोम इंटरनैशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट (सिपरी) की रिपोर्ट में सामने आई है। 2023 में अपनी सेना पर सबसे ज्यादा अमेरिका ने खर्च किया है। दूसरे नंबर पर चीन और तीसरे पर रूस तथा चौथे पायदान पर भारत है। भारत साल 2022 में भी सेना पर खर्च करने वाले देशों की लिस्ट में चौथे स्थान पर था। भारत ने पिछले साल 2023 में 83.6 बिलियन अमेरिका डॉलर खर्च किया। जानकारी के अनुसार दुनिया में हथियार खरीदने की होड़ में वैश्विक सैन्य खर्च 7% बढ़कर 2,443 बिलियन डॉलर हो गया है।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने टीकमगढ़, रीवा और सतना में की जनसभाएं, कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर साधा निशाना

# लोक-लुभावने वादे करना, फिर भुला देना कांग्रेस की रीति-नीति

इंडी गठबंधन में सब घोटालेबाज इकट्ठे आ गए हम तुम्हें बचाएं तुम हमें बचाओ



नड्डा ने कहा कि 10 साल पहले आप ही कहते थे कि कोई बदलाव नहीं आएगा। लेकिन, आप लोग ही कह रहे हैं कि देश बदल चुका है। विकसित भारत के लिए हमें स्थिर, मजबूत और निर्णायक सरकार की जरूरत है।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

विपक्षी गठबंधन परिवारवादियों और भ्रष्टचारियों का जमावड़ा है। एक तरफ प्रधानमंत्री का संकल्प भ्रष्टाचार हटाना है, वहीं दूसरी तरफ इंडी गठबंधन का उद्देश्य भ्रष्टाचार को बचाना है। हर चुनाव में लुभावने वादे करना और बाद में वादों को भुला देना कांग्रेस की रीति-नीति रही है।

सारे परिवार की पार्टियां इकट्ठी हो गई हैं। इनको मैं, मेरा बेटा, बेटी और दामाद के बाहर कुछ नहीं दिखता। अब सब घोटालेबाज इकट्ठे आ गए। हम तुम्हें बचाएं, तुम हमें बचाओ। इस काम में लगे हैं। यह बात मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कांग्रेस और इंडी गठंबंधन पर निशाना साधते हुए कही। नड्डा ने मंगलवार को मध्यप्रदेश के टीकमगढ़, रीवा और सतना में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इन कार्यक्रमों में उनके साथ मंच पर मुख्यमंत्री मोहन यादव, उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। नड्डा ने कहा कि 10 साल पहले आप ही कहते थे कि कोई बदलाव नहीं आएगा। लेकिन आप लोग ही कह रहे ▶▶ शेष पेज 5 पर

**कांग्रेस ने सनातन को डेंगू, मलेरिया और एचआईवी जैसा कहा**

**ये रिपोर्ट कार्ड की राजनीति** पॉलिटिक्स ऑफ डिलीवरी अगर किसी ने सिखाया तो मोदी ने सिखाया




### कांग्रेस ने तीनों लोक में किए घोटाले

नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने न अंतरिक्ष छोड़ा, न आसमान छोड़ा, न समुद्र छोड़ा, न धरती छोड़ी और न ही पाताल छोड़ा। इन लोगों ने तीनों लोक में घोटाले किए हैं। आप बताओ, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, लालू यादव बेल पर हैं कि नहीं? केजरीवाल और टीएमसी के मंत्री जेल में हैं कि नहीं? ये आधे बेल पर हैं और आधे जेल में हैं। नड्डा ने कहा कि मुलायम यादव के बेटे अखिलेश ने गोमती रिवर फ्रंट, लैपटॉप, फूड ग्रेन घोटाला, केजरीवाल ने शराब और दवाई घोटाला, डीएमके ने बालू घोटाला, टीएमसी ने टीचर भर्ती घोटाला, कांग्रेस ने कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाला किया।

### भोपाल में पीएम मोदी का रोड शो आज



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बुधवार को भोपाल में रोड शो में शामिल होकर जनता का अभिवादन करेंगे। रोड शो के दौरान लगभग 200 मंच स्थलों से पीएम का भव्य स्वागत होगा। विकसित भारत संकल्प को लेकर प्रधानमंत्री द्वारा किया जा रहा यह ऐतिहासिक रोड शो होगा। मोदी 24 अप्रैल को सागर एवं हरदा में जनसभा को संबोधित करेंगे। वे दोपहर 2.55 बजे सागर जिले के बड़तुमा के संत रविदास मंदिर प्रांगण में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद इसी दिन शाम को 5.15 बजे हरदा जिले के अबागांव खुर्द में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### पतंजलि केस में आईएमए को भी 'सुप्रीम' फटकार

# आईएमए अपनी तरफ भी देखे... एलोपैथी के डॉक्टर गैरजरूरी और महंगी दवाएं लिख रहे हैं



कोर्ट ने कहा कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की तरफ से भी अनैतिक तौर तरीके अपनाए जाने की शिकायत मिल रही हैं

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बाबा रामदेव से पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन से जुड़े अवमानना के मामले की सुनवाई करते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि वह पतंजलि पर अंगुली उठा रहा है, जबकि चार अंगुलियां ▶▶ शेष पेज 5 पर

### केंद्र सरकार से भी किए सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि ऐसे भी कई सारे उत्पादों के विज्ञापन देखने को मिलते हैं, जिनके इस्तेमाल से न केवल छोटे बच्चों पर बल्कि स्कूल जाने वाले बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों तक पर बुरा प्रभाव होता है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में तो सभी राज्यों की लाइसेंसिग अथॉरिटीज को भी पार्टी बनाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार को भी तलब कर लिया और कहा कि अब तक आपने बीते तीन सालों में कितने भ्रामक विज्ञापन पर कार्रवाई की है? वहीं, आईएमए की ओर से पेश ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 22 मार्च को शुरू हुआ था सर्वेक्षण,29 को होगी सुनवाई

## एएसआई ने भोजशाला परिसर का सर्वे करने मांगा आठ और सप्ताह का समय

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने भोजशाला परिसर का सर्वेक्षण करने के लिए आठ और सप्ताह का समय मांगा है। आवेदन में कहा गया है कि स्मारक की बारीकी से जांच करने पर यह



देखा गया कि प्रवेश द्वार बरामदे में बाद में भराव संरचना की मूल विशेषताओं ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मसालों के गुणवत्ता की चिंता

## सिंगापुर ,हांगकांग से भारत ने मांगा ब्यौरा

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

मसाला कंपनियों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। हांगकांग की खाद्य सुरक्षा निगरानी संस्था ने लोकप्रिय भारतीय ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला उत्पादों पर बैन लगाने के बाद अब सरकार भी हरकत में आ गई है। मसाला निर्यात करने वाली देशी कंपनियों के मसले पर भारत ने सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से विवरण मांगा है। दोनों देशों ने गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के कारण भारतीय ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों पर प्रतिबंध लगा दिया है। ▶▶ शेष पेज 5 पर




### चीनी कंपनियों को पछाड़ा

## दुनिया का सबसे बड़ा मोबा.ऑपरेटर बना जियो

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**




दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस जियो ने डेटा खपत के मामले में नया रिकॉर्ड बनाया है। भारतीय टेलीकॉम सेक्टर में अपनी धाक जमाने के बाद रिलायंस जियो ने डेटा ट्रैफिक के मामले में चाइना मोबाइल को पछाड़ दिया है। रिलायंस जियो, डेटा ट्रैफिक में वर्ल्ड की नंबर वन कंपनी बन गई है। पिछली तिमाही में कुल डेटा ट्रैफिक 40.9 एक्साबाइट दर्ज किया गया। वहीं दुनिया में डेटा ट्रैफिक में अब तक नंबर वन कंपनी रही चाइना मोबाइल लुढ़ककर नंबर दो पोजिशन पर पहुंच गई। उसके ▶▶ शेष पेज 5 पर

### डीजीसीए ने दिए निर्देश

## फ्लाइट में बच्चों को माता-पिता के साथ दी जाए सीट

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**



अब नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की ओर से 2024 में जारी एयर ट्रांसपोर्ट सर्कुलर (एटीसी)-01 के मुताबिक 12 साल से कम उम्र के बच्चे को हवाई सफर के दौरान उसके अभिवावकों के पास वाली सीट उपलब्ध हो सकेगी। खास बात ये है कि इसके लिए यात्री को कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं देना होगा। अगर अभिभावक ने अपने लिए फ्री सीट या ऑटो एलोकेशन का ऑप्शन चुना है तो बगल की सीट बच्चे के लिए अरेंज करनी होगी। दरअसल, डीजीसीए ने बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से यह सख्त ▶▶ शेष पेज 5 पर


# UNCONDITIONAL PUBLIC APOLOGY


भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण (रिट याचिका सं. 645/2022) के संदर्भ में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों/आदेशों का पालन न करने अथवा अवज्ञा के लिए हम वैयक्तिक रूप से, साथ ही कम्पनी की ओर से बिना शर्त क्षमायाची हैं।

हम विगत 22.11.2023 को बैठक/संवाददाता सम्मेलन आयोजित करने के लिए भी क्षमाप्रार्थी हैं। हम अपने विज्ञापनों के प्रकाशन में हुई गलती के लिए भी ईमानदारी से क्षमा चाहते हैं और पूरे मन से प्रतिबद्धता व्यक्त करते हैं कि ऐसी त्रुटियों की पुनरावृति नहीं होगी। हम पूरी सावधानी और अत्यंत निष्ठा के साथ माननीय न्यायालय के निर्देशों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम न्यायालय की महिमा का सम्मान बनाए रखने और लागू कानूनों एवं माननीय न्यायालय/संबंधित अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने का वचन देते हैं।

निवेदक,

**पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड,**
**आचार्य बालकृष्ण,**
**स्वामी रामदेव,**
**हरिद्वार, उत्तराखंड**







### रेलवे और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव का दावा

## छह महीने में 10 स्लीपर वंदे भारत ट्रेनें पटरियों पर दौड़ेंगी



**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

रेलवे और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे की क्षमता में पिछले 10 वर्षों में जबरदस्त परिवर्तन देखा गया है। अगले पांच वर्षों में इसका और तेजी से विस्तार किया जाएगा।

जैसे कि पिछले 10 साल के दौरान वंदे भारत स्लीपर, चेयर कार और मेट्रो ट्रेनों से लेकर यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए एक सुपर एप तक के निर्माण पर तेजी से काम हो रहा है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि वंदे भारत ट्रेन के तीन वर्जन हैं- स्लीपर, चेयर कार और मेट्रो। वंदे भारत की चेयर कार संस्करण पहले से ही पटरियों पर है, वंदे भारत स्लीपर की पहली कार बॉडी तैयार है और पहली स्लीपर ट्रेन ▶▶ शेष पेज 5 पर

सभी वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें 'कवच' प्रणाली से लैस होंगी



### 7,000 में से 1,321 स्टेशनों को पुनर्विकास के लिए रेलवे ने चुना

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगले पांच वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था के विकास की सबसे मजबूत कड़ी रेलवे को और मजबूत किया जाएगा। विशेषकर यात्रियों के लिए सुविधाओं का तेज गति से विस्तार किया जाएगा। अमृत भारत स्टेशन योजना (एबीएसएस) दुनिया का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम है। वैष्णव ने बताया कि आज तक ▶▶ शेष पेज 5 पर

# जेएनयू की कुलपति बोली- मैं 'ड्रेस कोड' के खिलाफ, किसी को हिजाब पहनना है तो उसे अनुमति होनी चाहिए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने कहा है कि भारत में धर्म, भाषा और 'ड्रेस कोड' में एकरूपता कारगर नहीं है और अगर कोई छात्रा हिजाब पहनना चाहती है, तो यह उसकी पसंद है और उसे इसकी अनुमति मिलनी चाहिए।

पंडित ने कहा कि शिक्षण संस्थानों को वैयक्तिक पसंदों का सम्मान करना चाहिए और जो छात्राएं हिजाब पहनना चाहती हैं, उन्हें इसकी अनुमति देनी चाहिए। शिक्षण संस्थानों में 'ड्रेस कोड' पर उनके विचार पूछे जाने पर कुलपति ने कहा कि यह एक व्यक्तिगत पसंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं ड्रेस कोड के खिलाफ हूं। मुझे लगता है कि खुलापन होना चाहिए। अगर कोई हिजाब पहनना चाहता है, तो यह उसकी पसंद है और अगर कोई इसे नहीं पहनना चाहता है, तो उसे मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। पंडित ने कहा कि जेएनयू में लोग शॉर्ट्स पहनते हैं तो कुछ लोग पारंपरिक परिधान भी पहनते हैं। ये उनकी पसंद का मामला है। जब तक वे मुझे ऐसा करने के लिए मजबूर नहीं करते, मुझे कोई समस्या नहीं है। गौरतलब है कि कर्नाटक में 2022 में हिजाब विवाद सामने आया था जब उडुपी के एक सरकारी स्नातकोत्तर कॉलेज की छह छात्राओं ने निर्धारित परिधान से हटकर हिजाब पहनकर कक्षा में भाग लिया था और उन्हें कॉलेज से बाहर निकाल दिया गया था। कर्नाटक की तत्कालीन भाजपा नीत सरकार ने शिक्षण संस्थानों के निर्धारित वेशभूषा संबंधी नियमों का पुरजोर समर्थन किया था और हिजाब को धार्मिक प्रतीक करार



दिया था, वहीं उस समय विपक्ष में रही कांग्रेस ने मुस्लिम छात्राओं का समर्थन किया था। तटीय कर्नाटक में ऐसे अनेक मामले सामने आए जब हिजाब पहनकर कॉलेज पहुंची मुस्लिम छात्राओं को कक्षाओं में नहीं बैठने दिया गया। कुलपति पंडित ने कहा कि खानपान और पहनावा निजी पंसद के मुद्दे हैं। मुझे नहीं लगता कि संस्थानों को इन पर कोई नियम बनाना चाहिए। व्यक्तिगत पसंद का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं धर्म, जाति या भाषा में एकरूपता पर सहमत नहीं हूं। एक भाषा नहीं थोपी जानी चाहिए। अगर कुछ लोग कुछ राज्यों में इसे (आधिकारिक भाषा को) बदलकर हिंदी करना चाहते हैं तो वे कर सकते हैं। लेकिन दक्षिण में यह मुश्किल होगा। पूर्वी भारत में, यहां तक कि महाराष्ट्र में मुझे नहीं लगता कि हिंदी स्वीकार्य होगी। कुलपति ने कहा कि मैं कहूंगी कि हिंदी हो सकती है लेकिन एक ही भाषा नहीं थोपी जानी चाहिए। (जवाहरलाल) नेहरू और इंदिरा गांधी दोनों त्रि-भाषा फॉर्मूले की बात करते थे तो वे मूर्ख तो नहीं थे, क्योंकि भारत में, किसी भी रूप में एकरूपता काम नहीं करती है।

### भाषा संवेदनशील मुद्दा

वह हिंदी को राष्ट्र भाषा बनाने और शिक्षण में माध्यम की मुख्य भाषा बनाने की मांगों के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा कि भाषा संवेदनशील मुद्दा है। सभी को इसे लेकर सावधानी बरतनी चाहिए।पंडित ने कहा कि मेरा मानना है कि सभी को बहुभाषी होना चाहिए क्योंकि भारत में हम सांस्कृतिक विविधता का उत्सव मनाते हैं। सभी भाषाएं अच्छी हैं। मैं किसी भाषा के खिलाफ नहीं हूं, लेकिन मेरे लिए मैं सबसे अधिक सहज अंग्रेजी में हूं। शिक्षा प्रणाली में भारतीय इतिहास की कुछ सभ्यताओं का अपेक्षित प्रतिनिधित्व नहीं होने और पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव होने की ओर इशारा करते हुए पंडित ने कहा कि हर भारतीय चीज खराब नहीं है। हमें संतुलन का भाव रखना होगा। कुछ पश्चिम का लीजिए और कुछ भारत का। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में 200 साल से कम शासन करने वाले मुगलों का वर्णन 200 से अधिक पन्नों में मिलता है। मैं उनके खिलाफ नहीं हूं, उन्हें उनका स्थान दीजिए लेकिन हमारे इतिहास में चोल थे जिन्होंने दुनियाभर में सबसे अधिक समय तक शासन किया था, लेकिन उनका वर्णन आधे पन्ने से भी कम में मिलता है।

## कुलपति के 'मुफ्तखोर' वाले बयान पर जेएनयू छात्र संघ ने की आलोचना

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) ने विश्वविद्यालय की कुलपति शांतिश्री धुलिपुड़ी पंडित के इस बयान के लिए उन पर निशाना साधा कि जेएनयू परिसर मुफ्त भोजन और आवास की सुविधा भोगने वालों (फ्रीलोडर) का सामना कर रहा है। छात्र संघ ने पंडित पर विश्वविद्यालय को निशाना बनाने वाली कुछ फिल्मों के 'निंदात्मक विमर्श' पर ध्यान नहीं देने का आरोप भी लगाया। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) ने कुलपति को लिखे एक खुले पत्र में उन पर 'परिसर में कुछ राजनीतिक रूप से तरजीही समूहों को प्राप्त शानदार सुविधाओं' को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया और कहा कि 'मुफ्तखोर' (फ्रीलोडर) वह थीं, न कि विद्यार्थी। सोमवार देर रात जारी पत्र के अनुसार, "यहां वास्तविक मुफ्तखोर कौन है? क्या छात्र और शिक्षक हैं, जो अकादमिक उत्कृष्टता के लिए काम कर रहे हैं, या संभवतः आप हैं, जो कुलपति के पद पर आसीन हैं, करदाताओं के पैसे से वेतन पा रही हैं लेकिन विश्वविद्यालय समुदाय के लिए अपनी जिम्मेदारियां नहीं निभा पा रहीं। इससे पहले पंडित ने एक साक्षात्कार में कहा था कि जेएनयू में 'मुफ्तखोरों' की समस्या है।जेएनयू से पढ़ाई कर चुकीं पंडित (61) ने कहा था कि यह समस्या तब भी थी जब वह छात्रा थीं, लेकिन अब यह और बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि परिसर में ऐसे भी अतिथि हैं, जो अवैध रूप से रह रहे हैं, जो जेएनयू के छात्र भी नहीं हैं, लेकिन यहां आते हैं और रहते हैं। वे या तो यूपीएससी या अन्य परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं... उनके लिए, जेएनयू रहने की सबसे सस्ती जगह है... दक्षिण पश्चिम दिल्ली में आपको हरियाली वाला, दो हजार एकड़ में फैला हुआ, ढाबों और सस्ते भोजन के साथ ऐसा आवास कहां मिल सकता है।

## खबर संक्षेप

### 7671 क्वार्टर अवैध शराब जब्त, पुलिस से भागने के चक्कर में पलटी गाड़ी

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले की एएटीएस टीम ने शराब तस्करों से एक बड़ी खेप जब्त की है। इस सिलसिले में एक आरोपी गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम भिवानी, हरियाणा निवासी संदीप बताया गया है। पुलिस ने 153 पेटियों में भरी 7671 क्वार्टर शराब जब्त की है। पुलिस के अनुसार शराब तस्करी का इनपुट एएटीएस को मिला था। रिंग रोड राजौरी गार्डन में रविवार तड़के पुलिस टीम ने ट्रैप लगाया। एसीपी ऑपरेशन अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर मनीष चौधरी की टीम ने सुबह करीब पांच बजे के आसपास एक पिकअप वाहन को रूकने का इशारा किया। लेकिन पुलिस से बचने के लिये चालक ने वाहन की स्पीड बढ़ाकर भागने की कोशिश की। इसी चक्कर में वाहन का बैलेंस बिगड़ा और वह पलट गया। गाड़ी में शराब की पेटियां भरी हुई थी।

### यौन उत्पीड़न केस में 'क्लोजर रिपोर्ट' पर कोर्ट का आदेश 20 को

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक नाबालिग पहलवान द्वारा दायर यौन उत्पीड़न की शिकायत को रद्द करने के अनुरोध संबंधी पुलिस रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए या नहीं, इस पर दिल्ली की एक अदालत का 20 मई को आदेश आने की संभावना है। अदालत मंगलवार को आदेश पारित करने वाली थी, लेकिन इसने कहा कि मामले में कुछ स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। पिछले साल एक अगस्त को बंद कमरे में हुई सुनवाई के दौरान, नाबालिग पहलवान ने अदालत को बताया था कि वह मामले में दिल्ली पुलिस की जांच से संतुष्ट है और पुलिस ने जो 'क्लोजर रिपोर्ट' पेश की थी, वह उसका विरोध नहीं करती। दिल्ली पुलिस ने 15 जून, 2023 को अदालत को एक रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें नाबालिग पहलवान से जुड़े मामले को रद्द करने का अनुरोध किया गया था क्योंकि उसके पिता ने जांच के बीच में यह चौंकाने वाला दावा किया था कि उन्होंने सिंह से बदला लेने के लिए उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के झूठे आरोप लगाए थे।

### नजफगढ़ का मामला : पुलिस ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

# पहले की फायरिंग फिर मांगी दो करोड़ की रंगदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका जिले की एएटीएस टीम ने हत्या की कोशिश और दो करोड़ की रंगदारी के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनसे वारदात में इस्तेमाल देसी कट्टा और मोबाइल बरामद हुए हैं। इस गिरफ्तारी से तीन मामले सुलझाने का दावा पुलिस ने किया है। पूछताछ में इन्होंने कबूला कि यूट्यूब पर उपलब्ध बड़े बदमाशों के वीडियो देखते थे। उनसे प्रेरित होकर रंगदारी की कोशिश की गई थी। पांच में से तीन आरोपी पहले भी चोरी, साइबर अपराध और अन्य मामलों में शामिल रहे हैं।

डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार 18 अप्रैल को नजफगढ़ थाने को फायरिंग की पीसीआर कॉल मिली थी। घटनास्थल पर जांच के दौरान पता चला कि आरोपी दो स्कूटी पर आए थे। इन्होंने संजय के ऊपर फायरिंग की थी। घायल संजय नजफगढ़ में क्लीनर और हेल्पर के रूप में काम करता है। घटना वाले दिन सुबह करीब 9:20 बजे वह गोदाम का शटर खोल रहा था। कुछ देर बाद हेलमेट पहने एक युवक मुख्य गेट पर आया और उसने गोदाम का छोटा गेट खोल दिया। उस युवक ने बिना कुछ कहे उस पर



फायरिंग कर दी। हाथ पर छर्रे लगने से वह घायल हो गया। इसके बाद हमलावर अपने साथियों के साथ स्कूटी पर बैठ फरार हो गया। इस बीच, व्यवसायी के बेटे ललित को दो करोड़ की रंगदारी की कॉल मिली। केस की जांच में एएटीएस टीम को भी शामिल किया गया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक करने और टैक्नीकल सर्विलांस की मदद से इस वारदात में शामिल आरोपियों का पता लगाया और 19 अप्रैल को शूटर सन्नी शाह निवासी राणा एंक्लेव और दो साजिशकर्ता लक्ष्य भारद्वाज, निखिल और उनके सहयोगियों को पकड़ लिया। पुलिस की तहकीकात में खुलासा हुआ कि जिस साइट पर घटना हुई, वहां का इलेक्ट्रीशियन सन्नी शाह ही इस पूरे मामले का मास्टरमाइंड था। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर रंगदारी वसूलने की योजना बनाई थी। उसका धोखाधड़ी के एक मामले में पहले भी नाम आ चुका चुका है। निखिल (20) निवासी मदनगीर गांव ने सनी के साथ मिलकर ललित आहूजा को धमकी भरी कॉल की थी। वह मेरठ से पत्राचार के माध्यम से बीए कर रहा है। चिराग दिल्ली निवासी लक्ष्य भारद्वाज (22) ने रंगदारी मांगने के लिए मोबाइल उपलब्ध कराया था। शिव प्रकाश शुक्ला (18) ने अपराध के लिए स्कूटी उपलब्ध करायी थी। वह देशबधु कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहा है। इसके अलावा वह ओखला में केमिस्ट की दुकान पर पार्ट टाइम जॉब भी करता है। वहीं आरोपी इंद्रजीत (26) ने मोबाइल सिम का बंदोबस्त किया था। इस पर भी पहले केस दर्ज हो चुका हैं।

## लॉरेंस बिश्नोई गोल्डी बराड़ गैंग का शूटर धरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका सेक्टर 23 इलाके में गर्लफ्रेंड के पीछे एक युवक ने अपने ही दोस्त का कत्ल कर दिया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। सुरेश गंगवार (25) मूलरुप से रामपुर, यूपी का रहने वाला है।

पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन, अपराध में इस्तेमाल चाकू और खून से सने कपड़े भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस के अनुसार नौ अप्रैल को सेक्टर 23 द्वारका थाने को इस वारदात से जुड़ी पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि सेक्टर 21 द्वारका मेट्रो स्टेशन के पीछे जंगल में एक युवक की लाश पड़ी है। मौके पर पहुंच पुलिस ने लाश को कब्जे में लिया। उसके चेहरे को पत्थरों से कुचला और गले को चाकू से काटा गया था। मृतक की पहचान आशीष कुमार (28) के तौर पर हुई थी। पुलिस ने घटना को लेकर हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच और टैक्नीकल सर्विलांस की मदद से पुलिस आरोपी तक पहुंच गई। पुलिस का ऐसा दावा है कि पूछताछ में आरोपी ने जुर्म कबूल लिया है। आरोपी ने खुलासा किया कि आशीष उसका करीबी दोस्त था। पहले दोनों असम में एक प्राइवेट कंपनी में साथ



काम करते थे। उस वक्त मृतक अपने दोस्त का मोबाइल फोन इस्तेमाल कर गर्लफ्रेंड से बातचीत करता था। इसी वजह से वह युवती आरोपी के संपर्क में भी आ गई और दोनों एक दूसरे से बात करने लगे। असम में नौकरी के बाद दोनों दोस्तों ने अजमेर राजस्थान में काम किया और वहां कोई विवाद होने के बाद उन्होंने दिल्ली आकर एक कंपनी ज्वाइन कर ली। वर्तमान में वे एक कंपनी में बतौर सुपरवाइजर कार्यरत थे। आशीष की गर्लफ्रेंड अब उससे दूरियां बना कर सुरेश से नजदीकियां बढ़ा रही थी। यह बात उसे बर्दाश्त नहीं हुई। आशीष ने युवती को उसकी कुछ आपत्तिजनक तस्वीरें भेज ब्लैकमेल करने की कोशिश भी की थी। यह बात सुरेश को पता चली तो उसने आशीष से तस्वीरों को डिलीट करने को कहा। दोस्त की बात को आशीष ने अनसुना कर दिया। इसलिए आरोपी ने उसे मारने की साजिश रची। आरोपी ने आशीष को बहाने से घटनास्थल पर बुलाया और जंगल में मौका मिलते ही पत्थर से हमला कर दिया। इसके बाद उसका गला भी रेंता गया। बाद में आशीष का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया गया था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### नासिर गैंग का बदमाश साथी संग गिरफ्तार

नई दिल्ली। स्पेशल सेल ने नासिर गैंग के बदमाश दानिश जमाल को साथी संग गिरफ्तार किया है। इनसे एक पिस्टल और तीन कारतूस बरामद हुये। आरोपी हत्या, हत्या की कोशिश, डकैती और आर्म्स एक्ट जैसे 11 मामलों में शामिल रहा है। वर्तमान में दानिश जमाल मकोका के एक मामले में भी वांछित था। इसके सहयोगी का नाम गौरव बताया गया है। डीसीपी प्रतीक्षा गोदारा के अनुसार दोनों बदमाशों को भोपाल, मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया गया। इनमें दानिश पिछले चार साल से गिरफ्तारी से बच रहा था। इसका सहयोगी गौरव भी हत्या के एक मामले में फरार चल रहा था। दानिश जमाल गैंगस्टर नासिर का चचेरा भाई है, जो फिलहाल मकोका मामले में जेल में बंद है। नासिर की गिरफ्तारी के बाद उसका भाई आदिल, दानिश और बदर ने उत्तर पूर्वी दिल्ली में गिरोह की कमान संभाल रहा है। दानिश जमाल 15 सालों से आपराधिक गतिविधियों में शामिल है।

### दिन में अंधेरा...



नई दिल्ली में मंगलवार को हवाओं और हल्की बारिश के बीच राष्ट्रपति भवन का दृश्य। फोटो : एजेंसी

## तीन लोगों पर ब्लेड से हमला कर लूटपाट करने वाले दो दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

साउथ रोहिणी पुलिस ने लूटपाट के विरोध पर ब्लेड से हमला करके तीन लड़कों को घायल करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके नाबालिक साथी को भी हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम आनंद उर्फ रवि बताया गया है। वह सेक्टर तीन रोहिणी का रहने वाला है। आरोपी पहले से लूट, चोरी और वाहन चोरी के पांच मामले में शामिल रहा है। पुलिस के अनुसार 19 अप्रैल की रात बाबा साहेब अंबेडकर (बीएसए) अस्पताल से पुलिस को इस मध्य सूचना मिली थी। तीन लड़कों को घायल हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस मौके पर पहुंची तो घायल प्रीतम, कृष्ण और सरवन ने बताया कि वह सब्जी खरीदने जा रहे थे। जैसे ही सेक्टर तीन रोहिणी पहुंचे तीन लड़के उनके साथ लूटपाट की कोशिश करने लगे। उनका मोबाइल और कैश छीनने की कोशिश का विरोध किया तो उन पर ब्लेड से हमला किया गया। तीनों के चेहरे पर जख्म लगा है। मामले में छानबीन के बाद पुलिस ने एक नाबालिग समेत दो को दबोच लिया। एक अन्य की तलाश जारी है।

## आंधी में गिरी दीवार, आठ लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मालवीय नगर में मंगलवार शाम आई तेज आंधी के कारण एक घर की छत की बाउंड्री वाल गिर गई। इस घटना में आधा दर्जन नाबालिग समेत कुल आठ लोग घायल हुये। सभी को पास के अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। साउथ पुलिस के मुताबिक शाम करीब छह बजे पीसीआर कॉल के माध्यम से घटना की सूचना मिली। मालवीय नगर थाने की पुलिस खिड़की एक्सटेंशन इलाके में पहुंची जहां एक टॉप फ्लोर की दीवार आंधी के कारण बगल वाले घर पर गिर गई। घटना में पड़ोसी घर की छत पर मौजूद छह नाबालिग समेत आठ लोग घायल हो गये।


## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नामः** सुभाष, **पुत्रः** श्री बाशु, **निवासीः** कैलाश पुरी सब्जी मण्डी, दिल्ली, **उम्रः** लगभग 35 साल, **लिंगः** पुरुष, **कदः** 5 फुट 6 इंच, **रंगः** सांवला, **चेहराः** गोल, **शरीरः** मध्यम, **पहचान चिन्हः** दाहिने हाथ पर "OM" का टैटू बना है, **पहनावाः** नीले रंग की ट–शर्ट व जीन्स पहने हुए है दिनांक 21.04.2024 को काली माता मन्दिर, पंखा रोड, सागरपुर, दिल्ली पर घायल अवस्था में मिला जिसे डी.डी.यू. हास्पिटल, दिल्ली में भर्ती किया गया था जिसकी दौरान इलाज मृत्यु हो गयी। थाना अन्तर्गत हरि नगर, दिल्ली।

इस संदर्भ में **FIR No.172/24, dated 21.04.2024** थाना हरि नगर, दिल्ली में दर्ज है।

हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

मृतक के पहचान के लिए सफदरजंग हास्पिटल के शवगृह, नई दिल्ली में 72 घंटे के लिए संरक्षित रखा गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना– हरि नगर, दिल्ली
फोनः 011- 28125719, 8750871128

DP/4782/WD/2024 (UIDB)


## महापौर चुनाव पर आमने सामने आप और भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम में महापौर और उपमहापौर चुनाव को लेकर दिल्ली की महापौर डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि 26 अप्रैल को महापौर और उपमहापौर का चुनाव है। हमने इसके लिए सूचना जारी की है। इस बार लोकसभा के चुनाव हैं इसलिए आचार संहिता में भारतीय निर्वाचन आयोग की मंजूरी जरूरी है। हम भारतीय निर्वाचन आयोग से मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं।

उपराज्यपाल के पास भी एक फाइल भेजी गई है हम दोनों से मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। जैसे ही चुनाव के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग से मंजूरी मिलेगी चुनाव होगा। वहीं, दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि दिल्ली नगर निगम के महापौर एवं उप महापौर के



चुनाव को लेकर वर्तमान महापौर डॉ. शैली ओबरॉय का वक्तव्य ना सिर्फ हास्यास्पद है बल्कि उनकी ही उनकी पार्टी की भी अपरिपक्वता का प्रमाण है। देश के आम चुनाव के बीच दिल्ली नगर निगम में महापौर के चुनाव करवाने के लिए चुनाव आयोग की स्वीकृति आवश्यक होगी यह एक सामान्य ज्ञान की बात है अतः आम आदमी पार्टी शासित नगर निगम को चुनाव आयोग से स्वीकृति पाने के बाद ही चुनाव की घोषणा करनी चाहिए थी। इसी तरह पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति पर सामान्यतः पहले एक राय बनानी चाहिए थी।

### हाईकोर्ट से 2020 दंगे के आरोपी को झटका

## यूएपीए मामले में जमानत देने से इनकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने 2020 में हुए सांप्रदायिक दंगों के पीछे बड़ी साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में एक आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया और कहा कि हिंसक प्रदर्शन विरोध करने के संवैधानिक अधिकार से परे है तथा यह कानून के तहत दंडनीय अपराध है।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने मंगलवार को अपलोड किए गए अपने आदेश में कहा कि इस बारे में पर्याप्त सामग्री है कि आरोपी सलीम मलिक 'गहरी साजिश' में सह साजिशकर्ता था जिसने शांति एवं सद्भाव में कथित तौर पर खलल डालने के लिए धर्म के नाम पर



स्थानीय लोगों को उकसाया। अदालत ने कहा कि प्रदर्शन स्थलों को धर्मनिरपेक्ष रंग देने के लिए 'धर्मनिरपेक्ष नाम हिंदू नाम' दिए गए थे और साजिशकर्ताओं का उद्देश्य विरोध प्रदर्शन को 'चक्का जाम' तक ले जाने तथा एकत्रित भीड़ को हिंसा के लिए उकसाना था। इसने कहा कि दिनांक 20/21.02.2020 को चांद बाग में और फिर 22/23.02.2020 को हुई बैठकों में अपीलकर्ता के साथ अन्य आरोपी भी शामिल हुए और दंगा रूपी हिंसा तथा दिल्ली को जलाने से संबंधित पहलुओं पर खुलकर चर्चा की गई जो किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र में स्वीकार्य नहीं है। पीठ ने 22 अप्रैल को पारित आदेश में कहा कि वित्तपोषण, हथियारों की व्यवस्था करने, लोगों की हत्या और संपत्ति में आग लगाने के लिए पेट्रोल बम खरीदने तथा इलाके में लगे सीसीटीवी को नष्ट करने की भी बातचीत हुई थी। अदालत ने कहा कि तथ्यात्मक सामग्री और गवाहों के बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ प्रथम दृष्टया सही मामला बनता है। इसने गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में आरोपी को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि हिंसक प्रदर्शन विरोध करने के संवैधानिक अधिकार से परे है तथा यह कानून के तहत दंडनीय अपराध है। फरवरी 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक घायल हुए थे। यह हिंसा नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान भड़की थी।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त जतिन कत्याल निवासी 3/57, राम गली, विश्वास नगर एसएचडी दिल्ली, दूसरा पताः— मकान नं. 6 प्रथम तल गगन विहार एक्सटेंशन दिल्ली ने CT Case No. 4466/18 U/s 138 NI Act, थाना फर्श बाजार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त जतिन कत्याल मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रुप मे दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त जतिन कत्याल फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है CT Case No. 4466/18 U/s 138 NI Act, थाना फर्श बाजार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त जतिन कत्याल से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 29.06.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
अखिल मलिक
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट–02
कमरा नं.38 शाहदरा, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/4637/SHD/2024



## जहांगीरपुरी में तैनात रहे अर्धसैनिक बल

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने हनुमान जयंती के मौके पर निकाली जाने वाली शोभायात्रा के दौरान निगरानी रखने के लिए मंगलवार को जहांगीरपुरी में सुरक्षा बढ़ा दी और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2022 में उत्तर पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में हनुमान जयंती के मौके पर निकाली गयी शोभायात्रा के दौरान हुई सांप्रदायिक झड़प के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े उपाय किये गये हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जहांगीरपुरी में शोभायात्रा के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा योजना बनाई गई है और हम यात्रा को एक क्षेत्र तक ही सीमित रखने की कोशिश कर रहे हैं। अर्धसैनिक बलों के साथ पुलिस बल कड़ी निगरानी रखेंगे। अधिकारी ने कानून- व्यवस्था का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी जारी की।



अधिकारी ने बताया कि हमने उत्तर पश्चिमी जिले के सभी थानाध्यक्षों को सतर्क रहने और अपने सूत्रों को भी सतर्क रखने को कहा है। थानाध्यक्षों को संकट की स्थिति से जुड़ी हर सूचना पर तुरंत ध्यान देने और व्यक्तिगत रूप से घटनास्थल पर जाकर ऐसी किसी भी स्थिति की निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। हमने दमकल विभाग से भी सतर्क रहने को कहा है।

# राजधानी में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती, मंदिरों में श्रद्धालुओं की रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में मंगलवार को हनुमान जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाई गई। इस मौके पर हनुमान मंदिर वाले इलाकों में जगह-जगह श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई। कारोबारियों, दानियों, दुकानदारों, श्रद्धालुओं आदि ने जगह जगह भंडारों का भी आयोजन किया। वहीं, अलग अलग राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी जगह जगह विभिन्न आयोजनों में शिरकत की। इस दौरान दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय सहित लोकसभा के प्रत्याशियों ने सभी को हनुमान जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। दिल्ली प्रदेश प्रभारी ओम प्रकाश धनखड़ हनुमान जयंती के पावन पर्व पर आयोजित अनेक समारोहों में पहुंचे और कार्यकर्ताओ के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। दिल्ली प्रभारी ओम प्रकाश धनखड़ राजनगर के बूथ न 18 पर कार्यकर्ताओ के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। दिल्ली प्रभारी ने बताया कि पार्टी का हर कार्यकर्ता और नेता बूथों पर पहुंचा है और हनुमान चालीसा का पाठ किया है। भाजपा ने दावा किया कि दिल्ली में 9745 स्थानों पर हनुमान चालीसा का पाठ किया जिसमें करीब चार लाख कार्यकर्ता व समर्थक जुड़े। धनखड़ ने देश व प्रदेशवासियों को हनुमान चालीसा की बधाई देते हुए कहा कि हनुमान जी भगवान श्री राम के अटल भक्त थे। भगवान और भक्त के ऐसे भक्तिभाव और स्नेह पूर्ण अतुलनीय सम्बंध का उल्लेख या उदाहरण कहीं नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज राम भक्त हनुमान का गुणगान भी प्रभुराम की तरह हो रहा हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता का देश के प्रति समर्पण भाव ऐसा ही है जैसा हनुमान जी का भक्तिभाव श्रीराम के प्रति हमने सुना और पढ़ा है।

पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट से प्रत्याशी महाबल मिश्रा ने सभी को हनुमान जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज पश्चिमी दिल्ली के विभिन्न हनुमान मंदिरों में जाकर भंडारे में शामिल हुआ। इस दौरान मैंने अरविंद केजरीवाल के अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। वहीं, साउथ दिल्ली लोकसभा सीट से 'आप' प्रत्याशी सहीराम पहलवान ने हनुमान से प्रार्थना कर सीएम केजरीवाल को अच्छी सेहत और ताकत देने की कामना की, ताकि वो अन्याय के खिलाफ लड़ सकें। नई दिल्ली लोकसभा सीट से आप प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में जाकर बजरंग बली के दर्शन किए। उन्होंने कहा कि हनुमान भक्तों में आज के दिन हर्ष की कोई सीमा नहीं रहती है। मैंने सुबह से कई मंदिरों में जाकर हनुमान जी का दर्शन किया। 108 फुटा हनुमान जी के दर्शन करके मैं अभिभूत हो गया। हनुमान जी ने मुझे गदा दिया है। इस गदे से समस्याओं का नाश करेंगे। हनुमान जयंती पर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी से प्रत्याशी कुलदीप कुमार ने कई हनुमान मंदिरों में जाकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। चांदनी चौक लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी एंव वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जयप्रकाश अग्रवाल ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न प्रमुख मंदिरों में जाकर भगवान श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जयप्रकाश अग्रवाल ने दिल्लीवासियों विशेष कर चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के लोगों के सुख समृद्धि की कामना प्रभु हनुमान जी से की। इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा कि वह पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में साधारण से परिवार में पले बड़े जहां परिजनों द्वारा उन्हें अपने देवी - देवताओं की बचपन से ही पूजा अर्चना करना सिखाया गया और उसके महत्व को बताया गया। अंतर्राष्ट्रीय महात्यागी खालसा के श्री महंत एवं महामंडलेश्वर श्री राम गोविन्द दास महात्यागी महाराज के पावन सानिध्य में 'चिरंजीवी संकट मोचन हनुमान जी का जन्मोत्सव' सिद्ध पीठ श्री सीताराम संत सेवा मंदिर एवं गौशाला में राष्ट्र रक्षा संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में श्री राम नाम संकीर्तन व श्री सुंदरकांड पाठ व हवन यज्ञ का भी भव्य आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ "दुनिया चले ना श्री राम के बिना, राम जी चले ना हनुमान के बिना" की मधुर धुन के साथ हुआ।

## सुनीता केजरीवाल ने की पूजा अर्चना



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने मंगलवार को हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि अगली बार वह अपने पति के साथ मंदिर में आएंगी। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने अब रद्द हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था और वह एक अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद हैं। सुनीता ने कहा कि हनुमान बाबा सभी को सदबुद्धि और समृद्धि दें। हनुमान बाबा सभी के और मेरे भी दुख दर्द दूर करें। मैं जल्द ही सर (अरविंद केजरीवाल) के साथ आऊंगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल अकसर कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर आते रहे हैं। इस बीच, तिहाड़ जेल के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(एम्स) दिल्ली के चिकित्सकों की सलाह पर सोमवार शाम को केजरीवाल को दो यूनिट निम्न क्षमता की इंसुलिन दी गई। इस खबर का उनकी पार्टी ने स्वागत किया और कहा कि यह घटनाक्रम भगवान हनुमान की कृपा का नतीजा है। आप नेताओं ने आरोप लगाया था कि जेल अधिकारी जानबूझकर दिल्ली के मुख्यमंत्री को इंसुलिन नहीं दे रहे हैं।

## हिन्दी हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति, सभ्यताएं और संस्कार की संवाहिका : डीसी

नई दिल्ली। हिन्दी हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति, सभ्यताएं और संस्कार की संवाहिका है। दिल्ली नगर निगम के राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित हिन्दी कार्यशाला में उपायुक्त बी. पी. भारद्वाज ने यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की वैचारिक एवं सामाजिक एकता का आधार ही भाषा होती है। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने सभी निगम कर्मचारियों को सरकारी काम काज में हिंदी भाषा का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करने की बात की। बता दें कि दिल्ली नगर निगम ने राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए तथा दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर स्थित सभा भवन में मंगलवार को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया। इस मौके पर हिंदी भाषा में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल एक स्थित इमारत में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**एजेंसी. नई दिल्ली।** 'अलांयस एयर' ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली हवाई अड्डे पर टर्मिनल एक पर स्थित उसके दफ्तर से सटी इमारत में आग लग गई। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सुबह छह बजकर 29 मिनट पर विभाग को आग लगने की सूचना दी गई और आग को बुझाने के लिए दमकल की आठ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। 'अलांयस एयर' ने एक बयान में कहा कि सुबह के समय अलायंस एयर के दफ्तर से सटी इमारत में मामूली आग लग गई। आग पर तुरंत काबू पा लिया गया। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, आग को सुबह सात बजकर 20 मिनट तक बुझा दिया गया। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि आग शायद शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी और आग में कुछ कंप्यूटर और मशीन जलकर खाक हो गईं। अधिकारी ने बताया कि यह घटना टर्मिनल के गैर-परिचालन क्षेत्र में हुई। एयरलाइन का कॉर्पोरेट कार्यालय दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 पर 'अलायंस' भवन में है।

## भगवान राम के चित्र वाली प्लेट में बिरयानी परोसने की शिकायत पर दुकानदार को हिरासत में लिया : पुलिस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने इस शिकायत के बाद एक व्यक्ति को कुछ समय के लिए हिरासत में लिया कि उसने उत्तर पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी में एक बार इस्तेमाल होने वाली (डिस्पोजेबल) ऐसी प्लेटों में बिरयानी बेची थी जिन पर कथित तौर पर भगवान राम की तस्वीर थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला कि दुकानदार ने एक कारखाने से 1000 प्लेट खरीदी थीं और उनमें से केवल चार पर भगवान राम का चित्र था। अधिकारी ने कहा कि उसने हमें बताया कि उसे प्लेटों पर भगवान राम के चित्र की जानकारी नहीं थी और कारखाना मालिक ने भी इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि बाहरी-उत्तर दिल्ली में



रहने वाले कारखाने के मालिक और आपूर्तिकर्ता से पूछताछ की गई है। उन्होंने कहा कि प्रथमदृष्टया संदेह है के निर्माताओं ने प्लेटों पर पत्रिकाओं के चमकदार पन्ने चिपका दिए थे। यह अनजाने में हुआ हो सकता है। दिल्ली पुलिस को शनिवार शाम को जहांगीरपुरी इलाके से किसी का फोन आया था कि एक व्यक्ति भगवान राम के चित्र वाली प्लेटों में बिरयानी बेच रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो क्लिप भी सामने आई जिसमें दो पुलिसकर्मियों को दुकानदार से तथा दुकान के बाहर कुछ लोगों से बात करते हुए देखा जा सकता है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि जब टीम मौके पर पहुंची तो कुछ लोग दुकान के बाहर प्रदर्शन करते दिखाई दिए। उन्हें मामले में उचित जांच का आश्वासन देकर शांत किया गया। उन्होंने कहा कि दुकानदार को पहले दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धाराओं 107/151 के तहत हिरासत में लिया गया और बाद में छोड़ दिया गया। अधिकारी ने बताया कि प्लेट भी जब्त कर ली गईं। अधिकारी ने कहा कि अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है और मामले की जांच की जा रही है।




## केजरीवाल के लिए तिहाड़ बना यातना गृह 24 घंटे रखी जा रही है नजर : संजय सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सीएम अरविंद केजरीवाल के लिए तिहाड़ जेल यातना गृह बन गया है। प्रधानमंत्री और एलजी 24 घंटे केजरीवाल पर नजर रख रहे हैं। मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर 'आप' के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मोदी सरकार की तानाशाही और अत्याचार पर बड़ा खुलासा करते हुए आरोप लगाए। उन्होंने कहा पीएमओ तिहाड़ जेल से सीसीटीवी कैमरे का लिंक मंगाकर देख रहा है कि केजरीवाल क्या कर रहे हैं? उन्होंने प्रश्न किया कि क्या मोदी और एलजी यह देखना चाहते हैं कि जेल में अरविंद केजरीवाल की किडनी, लीवर या स्वास्थ्य खराब हुआ या नहीं? मोदी को देश में बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी और महिलाओं की सुरक्षा की चिंता करनी



चाहिए, लेकिन उनको तो केजरीवाल का मनोबल तोड़ने चिंता है। मेरी सलाह है कि अगर प्रधानमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुकाबला करना चाहते हैं, तो वो भी काम की राजनीति करें और केजरीवाल की तरह अच्छे स्कूल, अस्पताल और सड़के बनाकर दिखाएं।

## अदालत ने केजरीवाल, बीआरएस नेता कविता की न्यायिक हिरासत सात मई तक बढ़ाई

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत सात मई तक बढ़ा दी। हिरासत अवधि समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किए जाने के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी हिरासत बढ़ा दी। न्यायाधीश ने सीबीआई जांच के अधीन एक भ्रष्टाचार मामले में तेलंगाना विधान परिषद की एक सदस्य और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी कविता की न्यायिक हिरासत भी 7 मई तक बढ़ा दी।

## डीडीए ने विभिन्न एजेंसियों को जारी किए नोटिस, यमुना पर एकत्रित निर्माण अपशिष्ट और मलबे को 30 जून तक हटाए

नई दिल्ली। पुलों, रेलवे लाइनों, रीजनल रेलवे नेटवर्क आदि के निर्माण के दौरान यमुना रिवर फ्लड प्लेन्स पर एकत्रित निर्माण अपशिष्ट और मलबे को 30 जून, 2024 तक हटाना सुनिश्चित करने के लिए डीडीए ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई), पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (पीडब्ल्यूडी), नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एनसीआरटीसी), दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) और दिल्ली जल बोर्ड सहित विभिन्न एजेंसियों को नोटिस जारी किए हैं। यह दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 8 अप्रैल 2024 को जारी निर्णय के निर्देशों के अनुपालन में हैं। डीडीए ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय के आदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पहचान किए गए स्टेक होल्डरों द्वारा डिफॉल्ट के मामले में डिफॉल्टर (रों) पर उपयुक्त जुर्माना लगाकर डीडीए ऐसे निर्माण अपशिष्ट और मलबे को हटाने का काम करेगा। डीडीए फ्लड प्लेन के प्रत्येक खंड के लिए नोडल अधिकारियों को भी नामित कर रहा है जो अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्र को अतिक्रमण तथा निर्माण और तोड़फोड़ (सीएंडडी) अपशिष्ट से निरंतर मुक्त रखने के लिए जिम्मेदार होंगे, ताकि यह एक सतत प्रक्रिया बनी रहे। इससे यमुना फ्लड प्लेन के पुनरुद्धार और पुनर्विकास के प्रति प्रभावी तंत्र सुनिश्चित होगा।

## खबर संक्षेप

### डॉ. बीआरसी की 31वीं पुस्तक का विमोचन




**गुरुग्राम।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर डॉ. बिस्वरूप रॉय चौधरी की 31वीं पुस्तक पीओईएम (आपातकालीन चिकित्सा प्रोटोकॉल) का विमोचन हुआ। डॉ बीआरसी, आचार्य मनीष एवं डॉ. सुनील चव्हाण ने हिम्स मेडिकल एकेडमी (एचएमए) के शुभारंभ की घोषणा की। वहीं एकेडमी के ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का अनावरण किया गया। डॉ. बीआरसी ने कहा कि एचएमए प्राचीन ज्ञान को आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के साथ जोड़ता है।

### भगोड़ा घोषित आरोपी को पुलिस ने किया काबू



**फरीदाबाद।** थाना सेक्टर-58 प्रबंधक की टीम पुलिस चौकी सीकरी ने अवैध हथियार के मुकदमें में वर्ष 2020 में भगोड़ा घोषित हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मुस्ताक उर्फ होकुला वासी गांव धौज फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी को पुलिस टीम मुख्य सिपाही मनोज व सिपाही अजय के द्वारा अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गांव खहरर मोहाली पंजाब से गिरफ्तार किया है।

### नाबालिग को तलाश कर परिजनों को सौंपा



**फरीदाबाद।** थाना एसजीएम नगर प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील की टीम ने घर से लापता नाबालिग लड़की को तलाश कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। नाबालिग 19 अप्रैल को बिना बताए घर से निकल गई थी। जिसकी रिपोर्ट थाना एसजीएम नगर दी गई थी। एसजीएम नगर ने मुकदमा दर्ज कर लड़की की तलाश की और एनआईटी में पुलिस ने उसे बरामद किया।

### 420 ग्राम गांजे सहित आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा प्रभारी कर्मबीर की टीम ने नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सुधीर को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से राहुल कॉलोनी से गांजा बेचते हुए काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 420 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी गांजा को पुड़िया बनाकर 100-150 रूपए में बेच रहा था।

---

व्यय प्रेक्षक सौरभ नायक की अध्यक्षता में बैठक

# तृतीय व्यय निरीक्षण बैठक के दौरान कई प्रत्याशियों के प्रतिनिधि रहे नदारद, नहीं हो पाया रजिस्टर का मिलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

प्रत्याशियों के व्यय खातों का शेडो रजिस्टर से मिलान का तृतीय व्यय निरीक्षण बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें में कई प्रत्याशियों के प्रतिनिधि नदारद रहे। कई प्रत्याशियों के रजिस्टर का नहीं हो पाया मिलान।

महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में व्यय प्रेक्षक सौरभ नायक व टी. अरिवाझगन की अध्यक्षता में लोक सभा प्रत्याशियों के व्यय खातों का शेडो रजिस्टर से मिलान का तृतीय व्यय निरीक्षण बैठक संपन्न हुई जिसमें में कई प्रत्याशियों के प्रतिनिधि नदारद रहे। कई प्रत्याशियों के रजिस्टर का मिलान नहीं हो पाया।

बैठक में लोकसभा प्रत्याशियों में भाजपा के प्रतिनिधि केवीसिंह, कांग्रेस के प्रतिनिधि अतुल शर्मा, बसपा के प्रतिनिधि लोकेश कुमार, राष्ट्रीय निर्माण पार्टी के प्रतिनिधि चन्द्रमोली शर्मा, राष्ट्रीय जन कर्मठ पार्टी के प्रतिनिधि अंशुल गुप्ता, समाज विकास पार्टी से प्रतिनिधि अंकुर त्यागी के साथ ही राइट टू रिकॉल पार्टी की प्रत्याशी पूजा सक्सेना, अभिषेक पुण्डीर निर्दलीय, अवधेश कुमार निर्दलीय, औरंगजेब निर्दलीय, नत्थू सिंह चौधरी निर्दलीय, आनन्द सिंह निर्दलीय उपस्थित रहें। जबकि सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभाष पार्टी) से धीरेन्द्र सिंह भदौरिया व रवि कुमार पांचाल निर्दलीय बैठक में अनुपस्थित रहे।

भाजपा के प्रतिनिधि केवीसिंह, कांग्रेस के प्रतिनिधि अतुल शर्मा सहित कई अनुपस्थित रहे



**शेडो रजिस्टर से मिलान करने पर व्यय खाते में अंतर दिखा**

बैठक के दौरान शेडो रजिस्टर से मिलान करने पर प्रत्याशियों के व्यय खाते में अंतर पाया गया। उनके द्वारा नगद और बैंक की डिटेल अप—टू—डेट नहीं पाई गयी। वहीं कुछ प्रत्याशियों के बैंक खाते से कोई भी लेन—देन नहीं किया गया। जनता के अवलोकन के लिए प्रत्याशियों द्वारा किये गये खर्च का ब्यौरा रजिस्टर डीईओ पोर्टल डिस्ट्रीक इलैक्शन ऑफिसर गाजियाबाद के पोर्टल पर अपलोड रहेगा। बैठक में मुख्य रूप से एडीएम एफआर सौरभ भट्ट, सीटीओ पुष्पांजलि, सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

---

गाजीपुर लैंडफिल साइट के बाद

# बंधवाड़ी लैंडफिल पर कूड़े के पहाड़ में लगी आग, धुंए से नागरिकों को हो रही है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम


गुरुग्राम-फरीदाबाद बॉर्डर पर स्थित बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर मीथेन गैस के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि कूड़े के पहाड़ में आग तड़के लगी थी।

**आग बुझने के बजाए लगातार बढ़ती ही गई, और धुआं धुआं हो गया**

**आग पर काबू पाने के लिए फरीदाबाद फायर ब्रिगेड से भी गाड़ियां मंगाई गई**

साइबर सिटी बंधवाड़ी लैंडफिल पर कूड़े के पहाड़ में भीषण आग लग गई। आग की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की दर्जनों गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने की मशक्कत में जुट गई। दरअसल, गुरुग्राम के विभिन्न क्षेत्रों से कूड़ा उठाकर बंधवाड़ी गांव के पास बने डंपिंग प्लांट में डाला जाता है। यहां कूड़े के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं। बंधवाड़ी में फिलहाल 15 लाख टन पुराना कूड़ा पड़ा हुआ है। पूरा दिन इस कूड़े से बदबू तो उठती ही है, साथ ही समय-समय पर इससे धुआं भी निकलता रहता है। पुराने कूड़े के ढेर के नीचे मिथेन गैस बनने लगती है, जिसके ऑक्सीजन के संपर्क में आते ही कूड़े में आग लग जाती है। सोमवार की शाम करीब 5 बजे कूड़े के इस ढेर में अचानक आग लग गई।

इसके बाद धीरे-धीरे आग बढ़ गई और उससे लपटें और भारी मात्रा में धुआं उठने लगा। कूड़े के पहाड़ में लगी आग का धुआं दूर से देखा जा सकता था। बंधवाड़ी डंपिंग यार्ड में आग लगने की सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। इसके बाद भी आग बुझने के बजाय लगातार बढ़ती ही गई। आग पर काबू पाने के लिए फरीदाबाद फायर ब्रिगेड से भी गाड़ियां मंगाई गई। आग किन कारणों से लगी, इसका खुलासा नहीं हो सका है। लेकिन गनीमत रही कि अब तक इससे कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। इस समय करीब एक एकड़ के डंप यार्ड में आग लगी है। इससे करीब 4 किमी दूर रिहाइशी इलाका है। आग का धुआं वहां तक भी पहुंचकर लोगों को परेशान कर रहा है। आग लगने की वजह का पता नहीं चल सका है। दमकलकर्मियों का कहना है कि आग पर काबू पाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।



**पहले भी लगी थी बड़ी आग**

*यह पहली बार नहीं जब इस डंप यार्ड में इस तरह से आग लगी हो। साल 2014 में भी इसी तरह की आग लगी थी, जिसे बुझाने में 3 दिन तक दमकल विभाग ने कड़ी मशक्कत की थी। वहीं, 2022 में भी इस कूड़े के पहाड़ में इसी तरह आग लगी थी। उसे बुझाने में 2 दिन लगे थे।*

**सुबह करीब 3 बजे तक आग पर काबू पाया**

फायर ऑफिसर मनोज कादयान ने बताया कि सोमवार शाम 5 बजे सूचना मिली थी कि कूड़े के ढेर में आग लगी है। उस समय मौके पर तैनात गाड़ी ने अपना काम किया, लेकिन आग नहीं बुझ पाई। फिर फायर स्टेशन से और गाड़ियां आईं। उन्होंने सुबह करीब 3 बजे तक आग पर काबू पाया। मनोज कादयान ने बताया कि उन्हें आज सुबह 5 बजे फिर से सूचना मिली कि आग ने फिर विकराल रूप ले लिया है। इसके बाद मौके पर फौरन दमकल की दर्जन भर गाड़ियां भेजी गईं। तब से करीब 40 कर्मी मिलकर आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। अनुमान है कि आज शाम 7 बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया जाएगा।

**मनोज कादयान,** फायर ऑफिसर

---

आगामी रणनीति पर की बैठक

# जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर लोगों के बीच में जाएगी इनेलो



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

इनेलो से फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र का उम्मीदवार बनाए जाने के बाद जिला इनेलो ने सुनील तेवतिया ने अपने निवास राजा नाहर सिंह पैलेस पर उन्हें बधाई दी।

इस मौके पर इनेलो की जिला इकाई के जिलाध्यक्ष देवेंद्र चौहान, कार्यकारी जिलाध्यक्ष देवेंद्र तेवतिया, महिला जिलाध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू, युवा जिलाध्यक्ष अजय चौधरी, सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष व प्रकोष्ठों के प्रमुख उपस्थित थे। इसके बाद एक बैठक का भी आयोजन किया गया। जिसमें चुनाव लड़ने की आगामी रणनीति पर विचार किया गया।

जिलाध्यक्ष देवेंद्र चौहान ने कहा कि दोनों जिलों में इनेलो चट्टान की तरह मजबूत खड़ी है और उसका कार्यकर्ता हर बूथ पर तैनात खड़ा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा के चुनाव में सुनील तेवतिया को उम्मीदवार बनाकर इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला, विधायक अभय सिंह चौटाला ने यह सिद्ध कर दिया है कि जो उनके लिए थोड़ा भी संघर्ष करता है इनेलो उसको आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ती है। सुनील तेवतिया एक युवा है, शिक्षित है और बड़े परिवार से जुड़े हुए है। उन्होंने कहा कि हमेशा ही इस परिवार ने इस क्षेत्र में हर समाज के लिए काम किया है और हमेशा ही सामाजिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं।

**कार्यकर्ताओं को चुनाव की जिम्मेदारी दी**

इनेलो के कार्यकारी जिलाध्यक्ष देवेंद्र तेवतिया ने कहा कि चुनाव को सही तरीके से लड़ा जाएगा। सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को उनके क्षेत्र की जिम्मेदारी दी जाएगी। जल्द ही जन-जन के बीच में जाने का प्रोग्राम भी तय कर दिया जाएगा। महिला जिलाध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू ने कहा कि देश का हर वर्ग भाजपा सरकार से परेशान है। रोजगार नहीं है और महंगाई इस कदर बढ़ रही है, जिससे दो जून की रोटी खाना भी मुश्किल हो गया है।

---

सूरजकुंड रोड पर लगा जाम

# मैरिज गार्डन संचालकों पर पार्किंग व्यवस्था न करने पर मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सूरजकुंड रोड पर शादी कार्यक्रमों के चलते खालसा गार्डन, आनन्दा फार्म और लोटस फार्म मैरिज गार्डन के कारण सूरजकुंड रोड पर जाम लग गया है। किसी तरह देर रात जाम खुलवाया गया। तीनों गार्डन प्रबंधक, संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस उपायुक्त यातायात ऊषा के द्वारा शादियों के सीजन के चलते एक ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की थी जिसके चलते सभी मैरिज गार्डन, वाटिका, रिजॉर्ट, बैंक्वेट हॉल, रेस्टोरेंट, धर्मशाला, होटल इत्यादि को अपने यहां आने वाले यात्रियों की पार्किंग की उचित व्यवस्था



करने के निर्देश दिए थे। शादी एवं पार्टी में शिरकत करने वाले आगंतुकों वाहन चालक अपने वाहन सड़क पर खड़ा कर देते हैं जिसके कारण यातायात व्यवस्था बाधित होती है। इसके चलते यातायात व्यवस्था बिगड़ने के कारण मैरिज गार्डनों के मालिक व मैनेजर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

---

5.20 लाख रिश्वत लेता पकड़ा गया ईटीओ

# गाड़ी को छोड़ने के बदले मांगे रुपए, चपरासी-दलाल भी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आबकारी विभाग में तैनात एक्साइज टैक्सेशन ऑफिसर को एंटी करप्शन ब्यूरो ने रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। टीम ने अफसर से 5 लाख 20 हजार रुपए बरामद किए हैं। उसकी दो दिन बाद ही रिटायरमेंट होनी थी। अफसर की पहचान भूषण कुमार के रूप में हुई है।

भूषण ने दफ्तर के चपरासी व एक बिचौलिए की मदद से ये रिश्वत ली थी। एंटी करप्शन ब्यूरो ने चपरासी व बिचौलिए को भी हिरासत में ले लिया है।

अफसर भूषण कुमार ने ट्रांसपोर्ट की गाड़ी पकड़ी थी। इसको छुड़वाने के लिए ट्रांसपोर्ट कंपनी ने ईटीओ से



संपर्क किया तो इसके लिए 5 लाख 20 हजार रुपए मांगे। ईटीओ ने ये रिश्वत अपने कार्यालय के चपरासी मनोज फौजी और एक दलाल चुन्नी लाल के माध्यम से ली। कंपनी ने इसकी शिकायत एसीबी को दी।

एसीबी ने कार्यालय में रेड की। यहां पहले चपरासी को पकड़ा। उसने पूरे मामले का खुलासा किया कि वह चुन्नी लाल की माध्यम से ईटीओ के लिए रिश्वत ले रहा था।

---

पीएम ने ही बाबा की स्मृति में भीम एप नाम की घोषणा की

# मोदी ने नेतृत्व में भाजपा ने एससी-एसटी समाज के विकास के लिए कई सकारात्मक प्रयास किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया ने कहा कि विगत 10 वर्षो में भाजपा सरकार में दलित समाज को सुरक्षा, सम्मान और राजनैतिक सम्मान को आगे बढ़ाया है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर से प्रेरित होकर भाजपा ने एससी-एसटी समाज के विकास के लिए सकारात्मक प्रयास किए।

कनौजिया ने भाजपा की पहचान सेवा और सम्मान के विषय को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दलितों, वंचितों को संवैधानिक अधिकार देकर मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया। भाजपा ने अपनी कल्याणकारी योजनाओं में सर्वाधिक लाभ दलित वंचितों को पहुंचाया। आयुष्मान कार्ड प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना स्टैण्डअप इंडिया, सोशल हैल्थकार्ड, 1.50 गावों में इंटरनेट, भारत नेट, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना जन



औषधि योजना, मुद्रा योजना, जलजीवन मिशन, अटल पैंशन योजना, किसान सम्मान निधि, जनधन योजना। आजादी के बाद से ही कांग्रेस सरकारों ने बाबा साहेब को तिरस्कार व अपमान किया गया भाजपा ने भारत रत्न देकर सम्मानित किया, पंच तीर्थ बनाया।

रामचंद्र कनौजिया ने कहा कि देश में संविधान तो था परन्तु संविधान दिवस नहीं था, 26 नवंबर 2015 को संविधान दिवस घोषित किया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा को स्मरण कर भीम एप की घोषणा की, बाबा साहेब की स्मृति में डाक टिकट जारी किया।

---

3500 रुपए में खरीदा था कट्टा

# देशी कट्टा व जिंदा रोंद सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

शाखा सेंट्रल प्रभारी की टीम ने देशी कट्टा व जिंदा रोंद सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी हेप्पी टप्पल अलीगढ़ का हाल में श्याम कॉलोनी बल्लभगढ़ का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से दशहरा ग्राउंड बल्लभगढ़ से काबू किया है।



आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देशी कट्टा व जिंदा रोंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना शहर बल्लभगढ़ में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देशी कट्टा व जिंदा रोंद को मथुरा मे किसी अनजान व्यक्ति से चोरी की वारादात को अंजाम देते समय लोगों में भय बनाने के लिए 3500 रुपए में खरीद कर लाया था। आरोपी पर पूर्व में गुरुग्राम में दो मुकदमे अवैध हथियार व हत्या के प्रयास की धाराओं के दर्ज हैं। आरोपी पर फरीदाबाद में एक मुकदमा चोरी का दर्ज है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

---

निर्णय होने के बावजूद आवंटी ने रेरा में दाखिल की तीन शिकायतें

रेरा की पीठ का समय बर्बाद करने का मामला

# कानून की प्रक्रिया के दुरूपयोग के लिए शिकायतकर्ता पर लगाया 5 हजार का हर्जाना, शिकायत निरस्त कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

उप्र रेरा के अध्यक्ष ने एक ऐसे शिकायतकर्ता पर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया है, जिसने निर्णय होने के बावजूद आवंटी ने एक ही विषय पर रेरा में पहले ही दायर की थी तीन शिकायतें की थी।

आवंटियों द्वारा बड़ी संख्या में दायर शिकायतों के आधार पर उन्हें लगातार राहत प्रदान कर रहा है, वहीं कतिपय आवंटियों द्वारा उसी मामले में बार-बार शिकायतें दायर कर न्यायिक प्रक्रिया के दुरूपयोग के मामले भी प्रकाश में आ रहे हैं। एक ऐसा ही मामला जब अध्यक्ष उप्र रेरा की एनसीआर पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया तो उन्होंने यह पाया कि आवंटी द्वारा प्रश्नगत शिकायत साफ मंशा से नहीं फाइल की गई है, उसके द्वारा कानून की प्रक्रिया का दुरूपयोग किया जा रहा है और रेरा की पीठ का समय बर्बाद किया जा रहा है।

आवंटी ने प्रश्नगत शिकायत साफ मंशा से नहीं फाइल की और इसमें समय बर्बाद किया




**किसी भी पक्षकार को कानून की प्रक्रिया का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं**

वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई के दौरान भी शिकायतकर्ता का आचरण अत्याधिक अनुचित पाया गया था। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी ऐसे मामलों में निरन्तर यह निर्णय दिए गए हैं कि पक्षकारों के लिए न्यायालय के समक्ष साफ मंशा से आना आवश्यक है और किसी भी पक्षकार को कानून की प्रक्रिया का दुरूपयोग करने तथा न्यायालय का समय और ऊर्जा बर्बाद करने की छूट नहीं है।

रेरा में इस आवंटी ने पहली शिकायत विलम्ब के लिए ब्याज सहित कब्जा दिलाने के लिए दायर की गई थी। रेरा की पीठ ने उसकी शिकायत पर यह निर्णय किया गया कि प्रोमोटर द्वारा रजिस्टर्ड सब-लीज़ डीड निष्पादित करते हुए उसको कब्जा प्रदान कर दिया जाए और कब्जे में विलम्ब के लिए ब्याज का भी भुगतान किया जाए। प्रोमोटर ने इस आदेश के अनुपालन में आवंटी को विलम्ब के लिए ब्याज का भुगतान लगभग ढाई लाख रुपए करते हुए सब-लीज़ डीड निष्पादित कर दी गई और इकाई का कब्जा हस्तगत कर दिया गया। आवंटी ने इसी मामले में रेरा के एडज्यूडिकेटिंग ऑफिसर के न्यायालय में मुआवज़े के लिए शिकायत दायर की गई, जिसमें 50हजार रुपए मुआवजे.के भुगतान का आदेश किया। उसी आवंटी ने रेरा में उसी मामले में फिर से कब्जे और विलंब के ब्याज के लिए शिकायत दायर कर दी। रेरा की पीठ द्वारा शिकायत निरस्त कर दी गई ।

## खबर संक्षेप

### नीतीश कुमार ने बिहार की जनता के नाम लिखा पत्र



**पटना।** दूसरे चरण के तहत बिहार के पांच सीटों (किशनगंज, कटिहार, बांका, पूर्णिया और भागलपुर) पर 26 अप्रैल को मतदान होगा।इस बीच राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार वासियों के नाम पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने इस पत्र में वर्ष 2005 के पहले के बिहार के हालात का विस्तार से वर्णन किया है। पत्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद और राबड़ी देवी को निशाने पर लेते हुए कहा है कि तब बिहारवासियों को देश-दुनिया में अपमान झेलना पड़ता

### बारात ले जाने से पहले जेल पहुंचा दूल्हा



**वाराणसी।** यहां एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक दूल्हा अपने शादी वाले दिन ही जेल पहुंच गया। पुलिस घोड़ी चढ़ने से पहले ही युवक को गिरफ्तार कर लिया। दरअसल दूल्हे पर आरोप है कि उसने एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ चार साल तक दुष्कर्म करता रहा। अब पुलिस ने धारा 376 आईपीसी के तहत कार्रवाई की है। वहीं, इलाके में ये मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। इसकी जानकारी युवती को हुई तो वह सीधे सारनाथ थाने पहुंच गई।

### भाजपा नेता हेम्ब्रम रहस्यमय तरीके से लापता



**रांची।** झारखंड के बरहेट के भाजपा नेता गमरियल हेम्ब्रम रहस्यमय ढंग से लापता हो गए हैं। थाना खैरवा पंचायत की मुखिया विनीता टुडू ने थाना में आवेदन देकर पति गमरियल हेम्ब्रम के लापता होने की शिकायत की है। गमरियल भाजपा की राजनीति में सक्रिय रहने के अलावा स्थानीय जय हिंद क्लब के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने 2019 में बरहेट सीट से आजसू के टिकट पर विधानसभा चुनाव भी लड़ा था। भाजपा नेता की पत्नी ने आवेदन में कहा कि 15 अप्रैल को दुमका के लिए निकले थे।

परिक्रमा वैशाख शुक्ल सप्तमी, 14 मई को संपन्न होगी

# मखभूमि से 24 अप्रैल से शुरू होगी 84 कोसी परिक्रमा 21 दिनों में पूरी होगी परिक्रमा, जगह-जगह होंगे कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

अयोध्या के हनुमान मंडल के तत्वावधान में आयोजित चौरासी कोसी परिक्रमा 24 अप्रैल से शुरू होगी। इसमें शामिल होने परिक्रमार्थियों का दल कारसेवकपुरम से मखभूमि (मखौड़ा) के लिए प्रस्थान करेगा। बस्ती जिले में स्थित मखभूमि वह धार्मिक स्थान है, जहां राजा दशरथ ने पुत्र प्राप्ति के लिए यज्ञ करवाया था। 84 कोसी परिक्रमा के प्रभारी सुरेन्द्र सिंह के मुताबिक वर्षों से चली आ रही चौरासी कोसी

मान्यता है कि तमाम सिद्ध ऋषियों ने त्रेता युग में अवध क्षेत्र में तपस्या कर इस क्षेत्र को सकारात्मक ऊर्जा का केंद्र बनाकर प्रभु राम के अवतरण योग्य बनाया था।



#### अयोध्या धाम का कण-कण है पूज्य

परिक्रमार्थियों के बीच अपने विचार रखते हुए विहिप संरक्षक पुरुषोत्तम नारायण सिंह ने कहा अयोध्या धाम का कंण-कण पूज्य है। चौरासी कोस की परिक्रमा हमारी आस्था श्रद्धा और भक्ति को समाहित कर समाज को एक सूत्र में बांधने का माध्यम है। परिक्रमा पांच जनपदों से होकर दो सौ पैंसठ किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इन स्थानों पर बाइस पड़ाव होंगे। जहां भोजन जलपान और रात्रि निवास की व्यापक व्यवस्था की गई है। मौके पर कटरा कुटी के महंत चिंमय दास,सुभाष भट्ट, आदित्य उपाध्याय, सुबोध मिश्र,शिवा सिंह,सत्यम तिवारी, हीरा लाल, बालचंद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।

परिक्रमा वैशाख कृष्ण प्रतिपदा तदनुसार 24 अप्रैल को सुबह छह बजे मखभूमि से प्रारंभ होकर परिक्रमा वैशाख शुक्ल सप्तमी यानी 14 मई को संपन्न होगी। इस प्रकार परिक्रमा का यह धार्मिक अनुष्ठान 21 दिवसीय होगा। इस बीच परिक्रमा रामायणकालीन कई महत्वपूर्ण ऋषियों की तपस्थलियों से होकर गुजरेगी। धार्मिक मान्यता है कि तमाम सिद्ध ऋषियों ने त्रेता युग में अवध क्षेत्र में तपस्या करके इस क्षेत्र को सकारात्मक ऊर्जा का केंद्र बनाकर प्रभु राम के अवतरण योग्य बनाया था।

अमरोहा में कांग्रेस पर सीएम योगी का करारा हमला, कहा

# शरिया कानून से नहीं डॉ.बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान से चलेगा देश

एजेंसी ▶▶ अमरोहा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में देश में शरिया कानून लागू करने और जनता की संपत्ति का बंटवारा करने की मंशा जाहिर की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने न केवल आतंकवाद का सफ़ाया कर दिया बल्कि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा कर आतंकवाद को घुटने टेकने के लिए मज़बूर कर दिया। अमरोहा में हसनपुर क्षेत्र के प्रकाशवीर शास्त्री इंटर कॉलेज रहरा चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2014 से पहले देश में आतंकवाद चरम पर था। आए दिन कहीं न कहीं बम धमाके होने की घटनाएं होती रहती थीं। बम विस्फोट से लोग भयभीत रहते थे मगर आज कश्मीर घाटी में न सिर्फ शांति है बल्कि विकास कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश की तक़दीर बदल दी, देश के अंदर सुरक्षा का माहौल पैदा किया। उन्होंने कहा कि यूपी में समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकार के कार्यकाल में अपराधियों का बोलबाला रहने की वज़ह से लोगों का जीवन मुहाल था, लेकिन भाजपा सरकार ने यूपी में सुरक्षा का माहौल तैयार किया। सपा की तत्कालीन राज्य सरकार ने अयोध्या और काशी मंदिरों को तोड़ने वाले आतंकियों के मुकदमे वापस लेने का काम किया गया था। सपा और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सरकारों में पैसों की बंदरबांट होती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में गुंडे मवालियों तथा आतंकवादियों की आरती नहीं उतारी जाती। यहां उत्तर प्रदेश से गुज़रने वाली कांवड़ यात्रा पूरे हर्षोल्लास से मनाई जाती है। इंडी गठबंधन के रूप में सामने आए कांग्रेस के समय देश के अंदर आंतकी घटनाएं आए दिन होती थीं तो वहीं समाजवादी पार्टी की तत्कालीन सूबे की सरकार में अपराधियों का बोलबाला रहता था।

**खास बातें**

- भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश में सुरक्षा का माहौल तैयार किया
- कांवड़ यात्रा पूरे हर्षोल्लास से मनाई जाती है



#### कांग्रेस के समय गरीबी में बढ़ोतरी हुई

योगी ने कहा कि कांग्रेस के समय गरीबी में बढ़ोतरी हुई। कांग्रेस ने 1970 में गरीबी हटाओ का नारा दिया था। गरीबी तो नहीं हट सकी लेकिन एक परिवार को देश के संसाधनों को लूटने की छूट अवश्य मिल गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक बार फिर से ये अपने घोषणापत्र के साथ आपके सामने आए हैं।कांग्रेस घोषणा पत्र में कहती है कि हमारी सरकार बनने पर हम शरिया कानून लागू करेंगे। बाबा साहेब डॉ आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान से देश चलेगा न कि किसी शरिया कानून से। तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। उन्होंने सवाल किया कि ऐसे में दलित, पिछड़े,अति पिछड़े, गरीब तथा किसान कहां जाएंगे। उन्होने कहा कि जो व्यक्ति संसद में भारत माता की जय कहने में गुरेज करता हो ऐसे लोगों को दोबारा सांसद नहीं चुना जाना चाहिए। अमरोहा के मौजूदा सांसद (दानिश अली) पहले हाथी के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ते हैं तो अब की बार दूसरा दल पकड़ लिया। इस तरह स्थानीय लोगों के साथ विश्वासघात करने वाले को जनता सबक सिखाएगी।

अलीगढ़ रैली में अखिलेश ने कहा

# किसानों का कर्जा करेंगे माफ, डेटा-आटा देंगे फ्री



एजेंसी ▶▶ अलीगढ़

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण को लेकर यूपी के पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अलीगढ़ में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की देशभर में चर्चा हो रही है। अगर उनकी पार्टी सत्ता में आई तो डेटा और आटा दोनों मुफ्त देगी। वहीं, किसानों का कर्जा माफ करेंगे और एमएसपी भी देंगे।

अखिलेश ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा के गोदाम में अपराधी और भ्रष्टाचारी भर गए हैं। भाजपा ने किसानों और नौजवानों का एक तिहाई जीवन बर्बाद किया। दिल्ली-लखनऊ वाले पश्चिम की वोटिंग से परेशान हो गए हैं। भाजपा केवल लूट और झूठ की सरकार है। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा से पहले ही पेपर लीक करने वाली सरकार है। पेपर लीक से युवाओं का भविष्य खराब हो गया है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सत्ता में रही तो पुलिस की नौकरी तीन साल के लिए हो जाएगी। अग्निवीर की तरह पुलिस वालों का भी कार्यकाल घट जाएगा। उन्होंने इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट देने की अपील की।

#### भाजपा के गलत मंसूबों पर लगा दे ताला

अलीगढ़ में अखिलेश यादव ने कहा कि पश्चिम से जो हवा चली है, पश्चिम लोगों ने जो मतदान किया है। उस मतदान ने ऐलान कर दिया है कि भाजपा का इस बार सफाया होने जा रहा है। मैं अलीगढ़ वालों से कहूंगा एक ऐसा ताला बनाओ जिससे हम सब मिलकर भाजपा के सभी गलत मंसूबों पर ताला लगा दें।

## पेज एक का शेष

### हनुमान गढ़ी पर ...

लेकिन, दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुसार, दक्षिण मुखी हनुमान जी के उपासक देश के विभिन्न क्षेत्रों में आज भी हनुमान जन्मोत्सव को मना गया। हनुमानगढ़ी के अलावा राम जन्मभूमि, कनक भवन और नागेश्वर नाथ मंदिर पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। देश और विदेश के राम नगरी पहुंचे श्रद्धालु सरयू स्नान कर हनुमान लला का आशीर्वाद लेने हनुमानगढ़ी पहुंचे।

### लोक-लुभावने वादे ...

हैं कि देश बदल चुका है। विकसित भारत के लिए हमें स्थिर, मजबूत और निर्णायक सरकार की जरूरत है। 1997 में हमने पालमपुर में कहा था कि राम मंदिर बनवाने का काम करेंगे। विरोधी इस बात को लेकर हमारा मजाक उड़ाते थे, लेकिन 22 जनवरी 2024 को पीएम मोदी ने राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की।

**कांग्रेस पार्टी सदैव हिंदू विरोधी रही:** नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव हिंदू विरोधी रही है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाया था और डीएमके के एक नेता ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से की थी। ये सनातन विरोधी हैं। इन विरोधियों को मजा चखाना है। 10 साल पहले किसी कांग्रेसी नेता को रिपोर्ट कार्ड रखते सुना है क्या? ये रिपोर्ट कार्ड की राजनीति, पॉलिटिक्स ऑफ डिलीवरी अगर किसी ने सिखाया तो मोदी ने सिखाया। 10 साल पहले खिलौने और दीपावली में गणेश जी भी चीन से आकर हमारे घर में विराजते थे। आज खिलौना एक्सपोर्ट करने में भारत, दुनिया में तीसरे स्थान पर आ चुका है। अब मोबाइल पर मेड इन चाइना नहीं, मेड इन इंडिया लिखा है।

### आईएमए अपनी तरफ भी देखे...

आप पर भी उठ रही हैं। कोर्ट ने कहा कि एलोपैथी के डॉक्टर भी महंगी और गैरजरूरी दवाओं का प्रचार करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आईएमए को अपनी तरफ भी देखना चाहिए। एलोपैथी के डॉक्टर लोगों को गैरजरूरी और काफी महंगी दवाएं लिखते हैं। कोर्ट ने आगे कहा कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की तरफ से भी अनैतिक तौर तरीके अपनाए जाने की शिकायत मिल रही है। इतना ही नहीं, इस दौरान कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद के अलावा दूसरी एफएमसीजी कंपनियों का भी जिक्र किया और कहा कि वे भी अपने प्रोडक्ट्स के बारे में गलत दावे करती हैं।

**लोगों के अधिकारों की रक्षा करना हमारा फर्ज:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम यहां पक्षपातपूर्ण होने के लिए नहीं हैं। न ही वह किसी पार्टी का पक्ष लेने के लिए बैठे हैं। हम जनता के व्यापक हित में निर्णय लेते हैं। लोगों को गुमराह नहीं होना चाहिए। लोगों को समझना चाहिए कि सच क्या है। यह उनका अधिकार है और उस अधिकार की रक्षा करना हमारा कर्तव्य और हमारी जिम्मेदारी है। सुप्रीम कोर्ट ने आईएमए से यह भी कहा कि हम इस जिम्मेदारी को ठीक से निभाते हैं।

### केंद्र सरकार से...

वरिष्ठ वकील पटवालिया ने कहा कि एसोसिएशन इस पर गौर करेगा, जिस पर जस्टिस कोहली ने देते हुए कहा कि हम मामले को हल्के में नहीं ले सकते। इसमें छोटे बच्चे भी शामिल हैं।

### एएसआई ने भोजशाला...

को छिपा रहा है और इसे हटाने का काम बहुत सावधानी से किया जाना चाहिए । यह एक समय लेने वाली प्रक्रिया है। एएसआई ने सोमवार को उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के समक्ष एक आवेदन दायर में कहा कि विवादित परिसर में संरचनाओं के खुले हिस्सों की प्रकृति को समझने के लिए कुछ और समय की जरूरत है। दरअसल, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश पर धार जिले में स्थित भोजशाला परिसर में एएसआई एक वैज्ञानिक सर्वेक्षण कर रहा है। हिंदू पक्ष का दावा है कि 11वीं सदी के स्मारक भोजशाला में वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर हैं, जबकि मुस्लिम समुदाय यहां कमल मौला मस्जिद होने का दावा कर रहे है।

**पहले 6 हफ्ते का मिला था समय:** 7 अप्रैल, 2003 को एएसआई द्वारा की गई एक व्यवस्था के अनुसार, हिंदू मंगलवार को भोजशाला परिसर में पूजा करते हैं, जबकि मुस्लिम शुक्रवार को परिसर में नमाज अदा करते हैं। भोजशाला विवाद मामले में सुनवाई के लिए हाईकोर्ट ने पहले ही 29 अप्रैल की अगली तारीख तय कर रखी है। एएसआई का नया आवेदन भी उसी दिन सुनवाई के लिए आने की संभावना है। उच्च न्यायालय ने 11 मार्च को एएसआई को छह सप्ताह के भीतर भोजशाला-कमल मौला मस्जिद परिसर का 'वैज्ञानिक सर्वेक्षण' करने का आदेश दिया था। आवेदन में यह भी बताया गया है कि एएसआई ने राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) से ग्राउंड-पेनेट्रेटिंग रडार (जीपीआर) सर्वेक्षण करने का अनुरोध किया है। इसमें कहा गया है कि एनजीआरआई की एक टीम और उनके वैज्ञानिक उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्देशों का सख्ती से पालन करते हुए नियमित रूप से पूरे क्षेत्र का सर्वेक्षण कर रहे थे।

### सिंगापुर,हांगकांग...

मंत्रालय ने सिंगापुर और हांगकांग दोनों में भारतीय दूतावासों को इस मामले पर एक विस्तृत रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया है। मंत्रालय ने भारतीय कंपनियों एमडीएच और एवरेस्ट से भी विवरण मांगा है, जिनके उत्पादों पर कथित तौर पर स्वीकार्य सीमा से अधिक कीटनाशक 'एथिलीन ऑक्साइड' होने के कारण प्रतिबंध लगाया गया है। वाणिज्य

**सुधारात्मक कार्रवाई का निर्धारण किया जाएगा:** वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि अस्वीकृति का मूल कारण और संबंधित निर्यातकों के साथ सुधारात्मक कार्रवाई का निर्धारण किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि विश्लेषणात्मक रिपोर्ट और जिन निर्यातकों की खेप खारिज कर दी गई है उनका विवरण सिंगापुर और हांगकांग स्थित दूतावासों से मांगा गया है। अधिकारी ने बताया कि सिंगापुर फूड एजेंसी और सेंटर फॉर फूड सेफ्टी और खाद्य एवं पर्यावरण स्वच्छता विभाग, हांगकांग से भी विवरण मांगा गया है। मंत्रालय के अधिकारी ने उल्लेख किया कि सिंगापुर और हांगकांग को मसाला शिपमेंट में एथिलीन ऑक्साइड के अनिवार्य परीक्षण के मुद्दे पर चर्चा के लिए एक उद्योग परामर्श भी निर्धारित है।

**एमडीएच और एवरेस्ट के 4 मसालों पर बैन:** गौरतलब है कि हांगकांग की खाद्य सुरक्षा निगरानी संस्था ने लोकप्रिय भारतीय ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि उनमें कैंसर पैदा करने वाला रसायन पाया गया था। खाद्य सुरक्षा केंद्र (सीएफएस) ने 5 अप्रैल को घोषणा की कि उसने तीन एमडीएच उत्पादों – मद्रास करी पाउडर, मिश्रित मसाला पाउडर, और सांभर मसाला – और एवरेस्ट के फिश करी मसाला में एथिलीन ऑक्साइड, एक कैंसरजन के रूप में वर्गीकृत कीटनाशक का पता लगाया है।

### दुनिया का सबसे बड़ा....

नेटवर्क पर डेटा खपत तिमाही में 40 एक्साबाइट से भी कम रही। चीन की एक और कंपनी चाइना टेलीकॉम डेटा खपत के मामले में तीसरे नंबर पर, तो भारत की एयरटेल चौथे नंबर पर रही। दुनिया भर की टेलीकॉम कंपनियों के डेटा ट्रैफिक, ग्राहक आधार पर नजर रखने वाली टीएफिशियंट ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

**डेटा खपत में आया उछाल:** 5जी सेवाओं के शुरु होने के बाद, रिलायंस जियो के डेटा खपत में पिछले वर्ष के मुकाबले 35.2 फीसदी का उछाल देखने को मिला। जियो ट्रू 5जी नेटवर्क पर 10 करोड़ 80 लाख ग्राहक जुड़ चुके हैं और जियो के कुल डेटा ट्रैफिक का करीब 28 फीसदी हिस्सा अब 5जी नेटवर्क से आ रहा है। दूसरी तरफ जियो एयर फाइबर ने भी देश भर के 5,900 शहरों में अपनी सेवाएं शुरू कर दी हैं।

### फ्लाइट में 12 साल...

कदम उठाया है। विमानन नियामक डीजीसीए ने एयरलाइन कंपनियों को फ्लाइट में 12 साल तक के बच्चों को उनके माता-पिता या अभिभावकों के साथ सीट दिए जाने का निर्देश दिया है।

**सीट दिए जाने का रिकॉर्ड भी मेंटेन करना होगा:** इस संबंध में डीजीसीए ने मंगलवार को जारी एक बयान में एयरलाइंस कंपनियों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि 12 वर्ष तक के बच्चों को एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे उनके माता-पिता या अभिभावकों में कम से कम एक के साथ उनकी सीट आवंटित की जाए। केवल इतना ही नहीं डीजीसीए ने इसका रिकॉर्ड भी रखने को कहा है। विमानन नियामक ने यह निर्देश बीते दिनों ऐसे कई मामले सामने आने के बाद जारी किए हैं।

### छह महीने में 10...

अगले पांच-छह महीनों में तैयार हो सकती है। अमृत भारत ट्रेन का निकट भविष्य में बड़ी संख्या में निर्माण किया जाएगा ताकि कोई भी यात्री लंबी दूरी की यात्रा आराम से कर सके। केंद्रीय मंत्री ने हाल ही में वंदे भारत स्लीपर कोच के निर्माण की प्रगति को देखने के लिए बेंगलुरु में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) का दौरा किया था। छह महीने के भीतर परीक्षण के तौर पर कम से कम 10 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें शुरू की जाएंगी। सभी वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें 'कवच' प्रणाली से लैस होंगी।

### 7,000 में से 1,321...

7,000 में से 1,321 स्टेशनों को पुनर्विकास के लिए रेलवे ने चुना है। इन चुने हुए 1,321 स्टेशनों का पुनर्विकास चल रहा है और जल्द ही यह काम पूरा हो जाएगा। उसके बाद, अन्य सभी मध्यम और बड़े स्टेशनों को भी स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

मायावती के निशाने पर एनडीए की जगह इंडिया

# सपा नहीं चाहती एससी-एसटी वर्ग को मिले आरक्षण का लाभ

एजेंसी ▶▶ मेरठ

बसपा अध्यक्ष मायावती ने आरक्षण का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि अखिलेश यादव की सपा नहीं चाहती कि अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ मिले।



मेरठ में चुनावी सभा में मायावती के निशाने पर सत्ताधारी एनडीए की जगह इंडिया गठबंधन में शामिल सपा रही। मायावती ने यह भी दावा किया कि अगर उनकी पार्टी केंद्र की सत्ता में आयी तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाया जाएगा। बसपा प्रमुख ने मेरठ के लोहिया नगर क्षेत्र के अलीपुर मैदान में पार्टी उम्मीदवार देवव्रत कुमार त्यागी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। मेरठ में भाजपा ने रामायण के राम अरुण गोविल को मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले सपा ने दलित प्रत्याशी सुनिता वर्मा को टिकट दिया है।

माना जा रहा है कि दलित प्रत्याशी के कारण ही मायावती के निशाने पर यहां सपा रही है। मायावती ने हालांकि भाजपा और कांग्रेस पर भी निशाना साधा लेकिन आरक्षण को लेकर उनके निशाने पर सपा ही रही। मायावती ने कहा कि सरकारी नौकरियों में दलितों, आदिवासियों को दिया जाने वाला आरक्षण वर्षों से अभी तक पूरा नहीं हुआ है। मायावती ने कहा कि उप्र में जब सपा की सरकार थी तब एससी-एसटी वर्ग के सरकारी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण बिल्कुल खत्म कर दिया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि सपा नहीं चाहती है कि एससी-एसटी वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ मिले। मायावती ने सवाल पूछा कि जब पदोन्नति में आरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए राज्यसभा में बसपा संशोधन विधेयक लेकर आई तो सपा सांसदों ने संसद में इस बिल को फाड़ दिया था।

धार्मिक स्थलों के लिए यात्रियों की ओर टिकट को लेकर खोज

# रिपोर्ट में दावा- टूरिस्ट्स के लिए टॉप पर अयोध्या, 2 अन्य शहरों के भी नाम, 300 प्रतिशत से अधिक किए गए सर्च


एजेंसी ▶▶ अयोध्या

एक वेबसाइट की रिपोर्ट में भारत के कुछ प्रमुख धार्मिक स्थलों के लिए यात्रियों की ओर टिकट को लेकर की गई खोज पर एक रिपोर्ट प्रकाशित की है जिसमें अयोध्या टॉप पर है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि राम नगरी के अलावा भी दो धार्मिक स्थल ऐसे हैं, जहां यात्रा के लिए 300 प्रतिशत से भी अधिक सर्चिंग हुई है। रिपोर्ट को 100 मिलियन से अधिक वार्षिक एक्टिव यूजर्स की सर्चिंग एक्टिविटी के आधार पर तैयार किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो वर्षों के दौरान टियर-2 और टियर-3 शहरों में धार्मिक



स्थानों या उसके आसपास के गंतव्यों की खोज में 97% की वृद्धि दर्ज की गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी यात्रा सर्चिंग में वृद्धि दर्ज की गई। मेकमाईट्रिप ने कहा कि दुबई, बैंकॉक और सिंगापुर के लिए भारत से अंतर्राष्ट्रीय यात्रा खोज, जबकि लंदन, टोरंटो और न्यूयॉर्क सबसे अधिक खोजे जाने वाले लंबी दूरी के गंतव्यों में से 30% हैं। यहां हांगकांग, अल्माटी, पारो, बाकू, दा नांग और त्बिलिसी के लिए भी लोगों ने जमकर सर्च किया।




# 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' के चौथे सीजन का हुआ ऐलान

**मुंबई।** जीवन जे कांग और नवीन जॉन की वेब सीरीज 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' के तीनों सीजन को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला है। अब हनुमान जयंती के खास मौके पर निर्माताओं ने दर्शकों को बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, उन्होंने 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' के चौथे सीजन का ऐलान कर दिया है, जिसका प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' जल्द डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। डिज्नी+ हॉटस्टार ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' का टीजर साझा किया है। उन्होंने लिखा, 'बजरंगबली ने बुलाया है, आना तो पड़ेगा।'

## लाइफ Style

# सारा अली



## 'मेट्रो इन दिनों' थिएटर में धमाल मचाने तैयार

अनुराग बसु के निर्देशन में बनी फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' काफी चर्चा में हैं। वहीं फिल्म में पहली बार सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आने वाले हैं। इसी बीच फिल्म की नई तारीख की घोषणा कर दी गई हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक बार फिर फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही मेकर्स ने इस फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। हाल ही में कोंकणा सेन शर्मा नेपोस्ट को शेयर करते हुए, उन्होंने लिखा कि, "तैयार हो जाइए शहरी रोमांस देखने के लिए, जो इससे पहले आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। 'मेट्रो इन दिनो' 29 नवंबर 2024 में को सिनेमाघरो में रिलीज होने वाली हैं। आपको बता दें, इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु और भूषण कुमार ने किया है। वहीं जहां एक तरफ, इस एंथोलॉजी फिल्म में सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। वहीं दूसरी तरफ, कई और नई जोड़ियां अपना जलवा दिखाएंगी। इसके साथ ही इस फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा, नीता गुप्ता, फातिमा सना शेख, अनुपम खेर, अली फजल भी अहम रोल प्ले करने वाले हैं। ऐसे में अब वह एंथोलॉजी फिल्म 'मेट्रो... इन दिनों में बिल्कुल नई कास्ट के साथ दर्शको के बीच नजर आने वाली है। हालांकि, इस फिल्म को लेकर दर्शक काफी लंबे वक्त से इंतजार कर रहे हैं। दरअसल, अक्सर अनुराग बसु की फिल्म दिल छू देने वाली होती है।

## हॉलीवुड मसाला



# मिशन इम्पॉसिबल-7 व 8 इंतजार खत्म

**लॉस एंजिलस।** टॉम क्रूज अभिनीत स्पाई एक्शन सीरीज 'मिशन इम्पॉसिबल 7' और 'मिशन इम्पॉसिबल 8' की दो फिल्मों की रिलीज डेट को अमेरिका और यूरोप भर में कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आगे बढ़ा दिया गया है। 'वैराइटी' की रिपोर्ट के मुताबिक 'मिशनः इम्पॉसिबल 7', जो पहले 30 सितंबर को रिलीज होने वाली थी। इससे पहले 'मिशनः इम्पॉसिबल 8', जो 7 जुलाई, 2023 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब 28 जून 2024 को रिलीज होगी।





# डिप्रेशन से जूझ रही थीं मिस चेसली...

**लॉस एंजिलस।** मिस यूएसए 2019 चेसली क्रिस्ट ने 30 जनवरी, 2022 को आत्महत्या कर ली थी। उनकी न्यूयॉर्क की 60 मंजिला बिल्डिंग से गिरकर मौत हुई थी। अब उनकी आत्महत्या को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। चेसली की मां अप्रैल सिमप्किंस द्वारा सह-लिखित उनके नए संस्मरण के मुताबिक, वह इंपोस्टर सिंड्रोम और हाई-फंक्शनिंग डिप्रेशन से पीड़ित थीं। चेसली ने लॉ और एमबीए की डिग्री हासिल की थी। उनका सफल करियर था, लेकिन उन्हें लगता था कि वह अच्छी नहीं हैं। चेसली ने अपने संस्मरण में खुलासा किया कि ऑनलाइन मिलने वाले नफरती संदेशों ने उनकी असुरक्षा को बढ़ा दिया था। इससे उन्हें इंपोस्टर सिंड्रोम हो गया।



# डॉक्यूमेंट्री के लायक है मेरी कहानी...

**मुंबई।** नोरा फतेही फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई की, वहीं इसमें नोरा के अभिनय की भी फिल्म में तारीफ हुई। अपनी इस फिल्म की रिलीज के बाद से नोरा काफी मुखर हो गई हैं और बड़ी बेबाकी से अपने विचार रख रही हैं। पिछले दिनों उन्होंने बॉलीवुड के शादीशुदा जोड़ों पर निशाना साधा था। हाल ही में उन्होंने अपने जीवन पर फिल्म बनने की बात कही। एक इंटरव्यू में नोरा ने कहा, मेरे पास एक कहानी है और एक दिन मैं इस पर डॉक्यूमेंट्री बनाना चाहूंगी। इस बारे में बात करना चाहूंगी कि कैसे नोरा नाम की लड़की एक जगह आती है। वो भारतीय नहीं है, लेकिन वो बॉलीवुड में आई, उसने हिंदी भाषा सीखी और सभी बाधाओं को तोड़ते हुए वह आगे बढ़ी।



# डीपफेक वीडियो के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**मुंबई।** अभिनेता आमिर खान के बाद अब बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह ने भी अपने डीपफेक वीडियो के खिलाफ लीगल एक्शन लिया है। रणवीर ने डीपफेक वीडियो को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बता दें कि बीते दिनों अभिनेता आमिर खान, रश्मिका मंदाना, नोरा फतेही समेत कई सितारे डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुके हैं। इस मामले में एक्टर रणवीर सिंह भी फंस गए हैं। इन दिनों अभिनेता का एक डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। वहीं इस मामले को लेकर रणवीर सिंह ने कानूनी एक्शन लेते हुए अपने डीपफेक वीडियो के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस वीडियो में उन्हें देश में जारी लोकसभा चुनाव के बीच एक राजनीतिक पार्टी का प्रमोशन करते देखा जा सकता है।

## फिल्मी मसाला

# रेखा ने सेट पर जड़ दिया था एक्ट्रेस को थप्पड़...

**मुंबई।** जिंदगी की तरह ही फिल्मों में भी सीखने-सिखाने का सिलसिला ताउम्र चलता रहता है। जब भी कोई नया-नवेला एक्टर फिल्मों की दुनिया में कदम रखता है तो उसके मन में कई तरह के संशय रहते हैं कि क्या वह इतने लोगों के बीच में अपनी अलग पहचान बना पाएगा या नहीं। डेब्यू फिल्म के दौरान अक्सर एक्टर डरे-सहमे रहते हैं और जब वह पहली ही फिल्म में किसी सीनियर एक्टर संग काम करते हैं तो डर और घबराहट का बढ़ना तो लाजमी है। बरसों पहले आई एक फिल्म के सेट पर नई-नेवेली एक्ट्रेस संग ऐसा ही कुछ हुआ था। पहली ही फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्हें इतना जोरदार झटका लगा कि वह घंटों तक रोती रह गईं। आज ये एक्ट्रेस फिल्म लाईन से दूर होकर लाइफस्टाइल और फैशन वीडियोज के माध्यम से करोड़ों रुपये कमाती हैं।



### आरती छाबड़िया ने लज्जा से किया था डेब्यू

एक्ट्रेस आरती छाबड़िया ने साल 2001 में आई राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी फिल्म 'लज्जा' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। महिलाओं पर आधारित इस फिल्म में उन्होंने एक नहीं बल्कि कई दिग्गजों संग स्क्रीन शेयर किया था। 'लज्जा' में आरती छाबड़िया संग रेखा, माधुरी दीक्षित, महिमा चौधरी, सोनाली बेंद्रे, जैकी श्रॉफ, अजय देवगन, डैनी, गुलशन ग्रोवर जैसे कई मंझे हुए कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।

### रेखा ने आरती को जड़ा था थप्पड़

इस फिल्म में एक ऐसा सीन था जिसमें रेखा को एक्ट्रेस आरती छाबड़िया को कई थप्पड़ झड़ने होते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नई-नवेली एक्ट्रेस को इस सीन के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी जिसकी वजह से जब ये सीन शूट हुआ तो उन्हें जोरदार झटका लगा था। रेखा ने सीन के अनुसार एक के बाद एक उन्हें कई थप्पड़ जड़ डाले थे जिस वजह से एक्ट्रेस गहरे सदमे में चली गईं।

### अब फिल्मों से दूर कमाती हैं करोड़ों

वह 'तुमसे अच्छा कौन है' में नकुल कपूर, 'आवारा पागल दीवाना' में अक्षय कुमार, 'राजा भईया' में गोविंदा और 'पार्टनर' में सलमान खान संग काम कर चुकी हैं। बॉलीवुड में कुछ खास सफल न होने के बाद एक्ट्रेस ने कई भाषाओं की फिल्मों में किस्मत आजमाई, लेकिन जब उन्हें वहां भी सफलता न मिली, तो उन्होंने फिल्मी पर्दे से दूरी बना ली। आज ये एक्ट्रेस लाइफस्टाइल और फैशन वीडियोज के माध्यम से करोड़ों रुपये कमाती हैं।

# ये सितारे एक ही फिल्म में बने हीरो और विलेन, खुद से ही किए दो-दो हाथ...

*__मुंबई।__ बॉलीवुड में आपने कलाकारों को फिल्मों में तमाम नए-नए प्रयोग करते देखा होगा। कुछ कलाकार अपना किरदार निभाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं और जोखिम उठाने से भी परहेज नहीं करते। हालांकि, सबसे मुश्किल होता है फिल्म में 2 अलग-अलग किरदार निभाना। कई सितारों ने फिल्मों में हीरो के साथ-साथ विलेन की भूमिका को अंजाम दिया है। आज हम आपको उन्हीं कलाकारों से मिलवा रहे हैं, जो पर्दे पर खुद से ही भिड़ते नजर आए हैं।*

*__अमिताभ बच्चन :__ शुरुआत करते हैं अमिताभ बच्चन से, जिन्होंने अपने करियर में कई अलग-अलग फिल्मों में हीरो और खलनायक की भूमिका निभाई हैं, लेकिन 1978 में आई फिल्म 'डॉन' में उन्होंने न सिर्फ हीरो, बल्कि विलेन का किरदार भी बड़े शानदार तरह से निभाया। फिल्म में वह 'विजय' और 'डॉन' के किरदार में नजर आए थे। उन्हें उनके उम्दा अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला था। जी5 पर अमिताभ की यह फिल्म मौजूद है। फिल्म आखिरी रास्ता में बाप और बेटे की भूमिका निभाई। महान फिल्म में भी अमिताभ ने तीन रोल निभाए थे।*

*__अक्षय कुमार :__ अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने करियर में कई फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई और दर्शकों से जमकर वाहवाही लूटी। अक्षय 1997 में रिलीज हुई फिल्म 'अफलातून' और 'खिलाफी 420' में डबल रोल में नजर आए थे, जिसमें उन्होंने हीरो और विलेन दोनों की भूमिका खुद ही निभाई थी। 'अफलातून' यूट्यूब पर तो 'खिलाड़ी 420' जी5 पर देखी जा सकती है।*



*__शाहरुख खान :__ शाहरुख खान ने कई हिट और सुपरहिट फिल्में कीं। 'डुप्लीकेट' उनके करियर की बेहतरीन फिल्मों में शुमार है, जिसके लिए उन्हें न सिर्फ दर्शकों, बल्कि समीक्षकों से भी खूब सराहना मिली। नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद यही वो पहली फिल्म थी, जिसमें शाहरुख को हीरो के साथ-साथ विलेन के रूप में भी देखा गया। इसके बाद उन्होंने 'डॉन' और 'फैन' में भी सकारात्मक और नकारात्मक भूमिका निभाई। अमेजन प्राइम वीडियो पर ये दोनों फिल्में मौजूद हैं।*



## 'टाइम' मैग्जीन की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में हुई शुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट 'टाइम' मैग्जीन की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में शामिल हो गई हैं। टाइम मैग्जीन ने अपनी 100 सबसे प्रभावशाली शख्सियतों की लिस्ट जारी की है, जिसमें आलिया भट्ट का भी नाम शामिल है। आलिया भट्ट ने इस बात की जानकारी अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करके दी है। आलिया ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, #टाइम100 का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रही ही। आपके दयालु शब्दों के लिए सबसे प्यारे #टॉमहार्पर को धन्यवाद। आलिया भट्ट को लेखक-निर्देशक और फिल्म निर्माता टॉम हार्पर ने 'अद्भुत टैलेंट' में से एक बताया। उनकी प्रोफाइल में लिखा गया है कि आलिया दुनिया की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं।

## साउथ की इन फिल्मों ने एक्टर को बनाया मेगा पावरस्टार

# आरआरआर से बॉलीवुड में रामचरण ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** साउथ सिनेमा में बड़ा नाम बना चुके राम चरण की जबरदस्त फैन फॉलोइंग हैं। एक्टर और निर्माता राम चरण ने 27 मार्च को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। उनका जन्म चेन्नई में तेलुगु सुपरस्टार चिरंजीवी के घर हुआ था। वह भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले कलाकारों में से एक हैं। राम चरण ने 2007 में फिल्म चिरुथा से अपने फीचर करियर की शुरुआत की। उन्हें 2009 में एस.एस. राजामौली की फंतासी एक्शन फिल्म मगधीरा से प्रसिद्धि मिली, जो उस समय सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म बन गई।

***कई अवॉर्ड और पुरस्कार जीते :*** अपने शानदार करियर में राम चरण ने कई अवार्ड और पुरस्कार जीते हैं। आज राम चरण न सिर्फ साउथ सिनेमा बल्कि बॉलीवुड में भी लोकप्रिय एक्टर हैं। राम चरण की आरआरआर देखने के बाद फैन्स इनके दीवाने हो गए लेकिन बॉलीवुड दर्शक स्टार की उन फिल्मों को नहीं जानते जिनसे साउथ में धमाल मचाया। आइए जानते हैं रामचरण की बेस्ट मूवीज।

**नायक :** साल 2013 में सिनेमाघरों में आई फिल्म नायक में राम चरण के किरदार ने फैन्स का दिल जीत लिया। नायक की कहानी में एक युवक और उसका हमशक्ल अन्याय का मुकाबला करने और खलनायकों के खिलाफ अपने प्रतिशोध को निपटाने के लिए एकजुट होते हैं।

**चिरुथा :** फिल्म में राम चरण को एक गरीब आदमी के रूप में दिखाया गया है जिसे गलत तरीके से हत्या का दोषी ठहराया जाता है और जेल भेज दिया जाता है। चिरुथा साल 2007 में रिलीज हुई थी।

**मगधीरा :** साल 2009 में काजल अग्रवाल के साथ राम चरण की फिल्म मगधीरा आज भी फैन्स के जहन में है। फिल्म की कहानी राजकुमारी को बचाने के प्रयास के बाद 400 साल बाद एक योद्धा का पुनर्जन्म होता है और राज्य के परिणामस्वरूप उसकी और राजकुमारी की मृत्यु हो जाती है। अपने खोए हुए प्यार को वापस पाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर, वह चुनौतियों से पार पाने और सभी बाधाओं के खिलाफ विजयी होने के लिए एक नई यात्रा पर निकलता है।

**ऑरेंज :** साल 2010 में आई ऑरेंज में राम चरण एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाते हैं जो स्थायी प्रेम में विश्वास नहीं करता है और एक जीवंत रोमांटिक रिश्ते का पीछा करता है। हालाँकि, प्यार के बारे में उनकी परस्पर विरोधी मान्यताएँ उन्हें अलग रखती हैं।

### टॉप हिट फिल्में....



**येवाडू :** अल्लू अर्जुन के साथ राम चरण की येवाडू 2014 में सिनेमाघरों में दस्तक देते ही हिट साबित हुई थी। फिल्म में राम चरण ने एक ऐसे युवा व्यक्ति का किरदार निभाया है, जो गंभीर चोटों से पीड़ित होने और अपने प्रेमी को एक क्रूर हमले में मरते हुए देखने के बाद, जीवन बचाने के लिए चेहरे का प्रत्यारोपण कराता है। वह एक नए रूप के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों से अपनी पहचान छिपाते हुए बदला लेना चाहता है। उनका ताजा चेहरा उनके जीवन में अप्रत्याशित कठिनाइयों और जटिलताओं को प्रस्तुत करता है।

**गोविंदुडु अंदारिवाडेले (येवाडू 2) :** फिल्म एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो अपने परिवार में दरार के कगार पर होने की तलाश में भारत लौटता है। चीजों को गंभीरता से न लेने की आदत के बावजूद, उसे अपने परिवार के रिश्तों को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**ब्रूस ली- द फाइटर:** राम चरण और रकुल प्रीत सिंह स्टारर फिल्म ब्रूस ली द फाइटर साल 2015 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में राम चरण को एक स्टंटमैन के रूप में दिखाया गया है जिसे एक आदर्शवादी महिला गलती से पुलिस अधिकारी समझ लेती है। वास्तविक अधिकारी न होने के बावजूद, वह पुलिस की ओर से अपराध से लड़ने की भूमिका निभाता है।

### ऑस्कर विजेता फिल्म आरआरआर

ऑस्कर विजेता फिल्म दो प्रसिद्ध क्रांतिकारियों की काल्पनिक कहानी और 1920 के दशक में अपने देश के लिए लड़ने के उनके रास्ते का वर्णन करती है। वहीं ध्रुव एक समर्पित पुलिस अधिकारी देश के सबसे भ्रष्ट व्यक्ति सिद्धार्थ अभिमन्यु को मार गिराने के बेहद खतरनाक मिशन पर है।

### रामचरण की गेम चेंजर ने मचाई धूम

रामचरण की फिल्म गेम चेंजर 14 अप्रैल को रिलीज होने के बाद से धूम मचा रही है - गेम चेंजर एक आगामी तेलुगु भाषा की एक्शन से भरपूर राजनीतिक थ्रिलर फिल्म है, जिसे कार्तिक सुब्बाराज द्वारा लिखित और निर्देशित किया गया है, एस. शंकर अपनी तेलुगु निर्देशन की शुरुआत कर रहे हैं। दिल राजू और सिरीश ने इसे श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले निर्मित किया है।

जैसा मैंने देखा

चुनाव...

# अखबार के दफ्तरों में डेढ़ महीने पहले बन जाती थी चुनाव डेस्क



मिलिंद कुलकर्णी
वरिष्ठ पत्रकार

वर्ष 1991 से 2000 के बीच बतौर पत्रकार मुझे चुनाव रिपोर्टिंग और चुनाव डेस्क पर कई बार काम करने का मौका मिला। बाद में संपादक रहते हुए चुनाव को लेकर अखबार मालिकों का नजरिया भी समझने को मिला। यही वह दौर था, जब मत-पत्र की जगह ईवीएम का प्रयोग किया जाने लगा, जिसने मतदान और मतगणना के समय को कम कर दिया। अखबार के दफ्तरों में चुनाव डेस्क करीब डेढ़ महीना पहले बन जाती थी। यह डेस्क आंकड़ों से लेकर पूर्व में हुए विभिन्न चुनावों के इतिहास एवं विभिन्न घटनाओं का ब्योरा इकट्ठा करती थी। लोकसभा चुनावों के दौरान स्टार-प्रचारकों और प्रत्याशियों के साक्षात्कार कई बार सुबह के नाश्ते के दौरान या फिर चुनावी यात्रा के दौरान उनके वाहन में ही हो पाते थे। अब राजनेता अखबारनवीसों की बखत समझ चुके हैं और वे तरीके भी, जिनसे पब्लिसिटी हासिल की जाती है। वहीं राजनैतिक दलों के कार्यालयों में भी बहुत गहमागहमी बनी रहती थी और प्रवक्तागण पार्टी के घोषणा पत्र से लेकर सरकार बनाने या विपक्ष में अपनी भूमिका संबंधी जानकारी पत्रकारों को उपलब्ध कराते थे। पार्टी कार्यालयों में अधिसूचना (नोटिफिकेशन) जारी होने के बाद पत्रकार वार्ताओं का सिलसिला निरंतर चलता था, जो चुनाव परिणामों के बाद ही थमता था। प्रेस कॉम्प्लेक्स और बस स्टैंड, हमीदिया रोड पर रात के दौरान चाय की दुकानें अलसुबह तक आबाद होतीं, जहां सभी पार्टियों के नेता और कार्यकर्ता पत्रकारों के साथ ख़ूब गप्प लगाते। इन्हीं नुक्कड़ चर्चाओं में अगले दिन भोपाल में आने वाले राष्ट्रीय नेताओं की सभाओं को लेकर भी ख़ूब बातचीत होती। अक्सर दावे-प्रतिदावों के बावजूद सभी राजनैतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच मधुर संबंध बने रहते थे। मतदान का दिन बहुत ख़ास होता। सुबह से राजनेता और कार्यकर्ता अलग-अलग इलाकों में खुली जीप और कारों में बैठकर एक मतदान केंद्र से दूसरे मतदान केंद्र पर घूमते रहते। वहीं पत्रकारों का ध्यान इस बात पर होता कि क्या कहीं फ़र्जी मतदान हो रहा है या कहीं कोई विवाद की स्थिति बनी है? यह भी है कि क्या कुछ कार्यकर्ता या आपराधिक तत्व मतदान में गड़बड़ी करते या मारपीट करते पकड़ाए हैं ?, वर्ष 1995 से 2000 तक एक बात और खास रही कि मीडिया हाउस पर चुनाव के दौरान पैकेज सेटिंग के आरोप लगे। यहां तक कि निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए और प्रत्येक राज्य में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई। इनका काम था अखबारों में छपने वाली हर खबर पर नजर रखना और हर दल एवं प्रत्याशी के साथ मीडिया में न्यायपूर्ण प्रकाशन सुनिश्चित कराना। आज यह सब लगभग खत्म सा हो गया है।

जो हो न सका...

# एनजीटी के आदेश के बाद भी बड़े तालाब के किनारे नहीं हट सके सभी अतिक्रमण

भोपाल की जीवनरेखा कहे जाने वाले बड़े तालाब के किनारे अतिक्रमण को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल से लेकर जिला प्रशासन तक आदेश और कार्रवाई करता रहा है, लेकिन आज तक सभी अतिक्रमण नहीं हट सके हैं। रामसर साइट का दर्जा प्राप्त बड़ा तालाब अतिक्रमण की वजह से सिकुड़ता जा रहा है। जिस विभाग पर इसके संरक्षण और निगरानी की जिम्मेदारी है, उसके अधिकारी पुराने अतिक्रमणों को चिह्नित करने में ही उलझे हैं, जबकि इस बीच अतिक्रमणकारी कैचमेंट क्षेत्र में स्थित नए स्थानों पर कब्जा कर फार्म हाउस और कॉलोनियों का निर्माण कर रहे हैं। बोट क्लब के आगे निर्माणाधीन फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के पास मिट्टी डालकर 15 हजार स्क्वायर फीट जमीन की पुराई कर दी गई है, लेकिन शिकायत करने के बाद भी अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई का अता-पता नहीं है। जिला प्रशासन द्वारा दो साल पहले किए गए सर्वे के अनुसार बड़े तालाब के आसपास 1300 से अधिक अतिक्रमण चिह्नित किए गए थे। वहीं, निगम प्रशासन ने लोगों को नोटिस जारी किए थे, लेकिन दो साल का समय बीतने के बाद भी अब तक सभी अवैध निर्माण को लेकर कार्रवाई नहीं हो सकी है।

### ऐसे खत्म हो रहा राजधानी में स्थित तालाबों का अस्तित्व

राजधानी के 14 छोटे-बड़े तालाबों में से तीन का अस्तित्व खत्म हो चुका है। दो अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। मोतिया तालाब पर सीमेंट-कंक्रीट का जंगल खड़ा हो गया है। गुरुबक्श की तलैया व अच्छे मियां की तलैया का नामोनिशान तक नहीं बचा है। नवाब सिद्दीक हसन तालाब अतिक्रमण से घिरा है। इस तालाब के एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में से 98 प्रतिशत पर कब्जा है। शेष दो प्रतिशत हिस्सा जलकुंभी से पटा है। अब शहर के तालाबों पर संकट मंडरा रहा है।

## चुनावी चटखारे...

लोकतंत्र का आओ पावन पर्व मनाओ रे,
मताधिकार कर, जनजागृति फैलाओ रे।
एक अंगूठा क्या से क्या कर सकता है,
हर व्यक्ति का जीवन सुधर सकता है।
लालच में अपनी वोट नहीं बहाओ रे,
लोकतंत्र का आओ साथी पर्व मनाओ रे।
सोच-समझकर अपना निर्णय करना है,
हर जन को अपना मतदान करना है।
सिसक-सिसककर अपना रोना छोड़ो,
वोट डालकर राज्य को अपनी मोड़ो।
अच्छी सरकार बनाकर रामराज्य लाओ रे।



वीरेंद्र कुमार बड़गईंयां

## सीएम का आज रायसेन, नरसिंहपुर, रीवा दौरा

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को रायसेन, नरसिंहपुर, रीवा व सतना में चुनाव प्रचार करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुबह 10 बजे रायसेन के छींदधाम पहुंचकर दर्शन करने के बाद स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सुबह 11.05 बजे नरसिंहपुर जिले में स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ दोपहर 1.30 बजे रीवा के एसएएफ एवं दोपहर 3 बजे सतना के सीएमए ग्राउंड में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा खजुराहो, टीकमगढ़ एवं कटनी जिले के प्रवास पर रहेंगे।*

## फर्स्ट टाइम वोटर

### चुनाव में युवा भागीदारी जरूरी तभी बनेगा स्वस्थ लोकतंत्र...

आज जरूरत है कि युवा मतदाता आगे बढ़कर 100 फीसदी मतदान करें, जिससे देश में स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण हो सके। आजकल युवा मतदान को लेकर सचेत नहीं रहता, जिससे वोटिंग प्रतिशत कम हो रहा है। ऐसे में लोगों को एक-दूसरे को मतदान के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। ऐसा करने से हम देश को मजबूती प्रदान करेंगे।



**कमलेश सोनार**, युवा मतदाता

### ईमानदार उम्मीदवार शहर, प्रदेश और देश का भला करेंगे...

वर्तमान में चुनावों को लेकर नए-नए हथकंडे अपनाए जाते हैं। लोगों को लालच देकर वोट हथियाने का काम किया जाता है। ऐसे में जरूरत है कि मतदाता सही और ईमानदार उम्मीदवार का चुनाव करे। ऐसा करने से हमारे चुने हुए प्रतिनिधि शहर, प्रदेश और देश का भला करेंगे। ऐसा नहीं करने पर भ्रष्ट लोग चुनाव के बाद आम लोगों से जुड़े विकास के कामों पर ध्यान नहीं देंगे।



**नमन श्रीवास्तव**, युवा मतदाता

## पूर्व मुख्यमंत्री ने विदिशा, होशंगाबाद, राजगढ़ और भोपाल लोकसभा क्षेत्रों में किया चुनाव

# कांग्रेस कभी भी किसी का भला नहीं कर सकती, कांग्रेसी धन अर्जन करते हैं अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए: चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को विदिशा, होशंगाबाद, राजगढ़ और भोपाल लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस कभी भी किसी का भला नहीं कर सकती है, ये धन का अर्जन करते हैं अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए। इनकी नजरों में जनता की सेवा का कोई मोल नहीं है।

पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि, राहुल गांधी वामपंथियों के बंधक है, भारत की सनातन परंपराओं से जुड़े नहीं हैं, वो जानते ही नहीं है कि भारत की माटी क्या है। कांग्रेस अपने गलत फैसलों की वजह से गर्त में जा रही है। भाजपा और मोदी का विरोध करते-करते कांग्रेस भगवान राम का ही विरोध करने लगी है।



### प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का बढ़ाया मान

चौहान ने कहा कि 2014 से पहले देश में कांग्रेस की सरकार थी, तब कहीं भी हमारे देश का कोई मान-सम्मान नहीं था। भारत को घोटालों का देश कहा जाता था। छोटे-छोटे से देश हमें डराते थे। चीन और पाकिस्तान भी आंखें दिखाते थे, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी ने कह दिया कि हम किसी को छेड़ेंगे नहीं और हमें किसी ने छेड़ा तो हम छोड़ेंगे भी नहीं। मुझे पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही भारत विश्व गुरू बनेगा।

### चुनावी सीजन में शादियां, 250 कर्मचारियों ने पेश किए कार्ड

*भोपाल। चुनावी ड्यूटी में लगाए गए दर्जनों कर्मचारी ऐसे हैं, जिनके घर में चुनाव तारीख या उसके आसपास शादियां पड़ रही है। ऐसे में चुनाव ड्यूटी लग जाने से उनके सामने भारी संकट खड़ा हो गया है। चुनाव से बचने के लिए कोई बीमारी का हवाला देकर तो कोई शादी का कार्ड देकर ड्यूटी कटवाने की जुगत में लगा है। बताया जा रहा है कि अफसरों के पास ऐसे करीब ढाई सौ से अधिक आवेदन आ चुके हैं, जिनमें शादी का हवाला देकर नाम कटवाने की गुहार की गई है। इधर अलग-अलग कारणों से करीब डेढ़ हजार कर्मचारियों ने चुनावी ड्यूटी से राहत मांगी थी, जिसमें से जांच के बाद 958 को राहत दी गई है। इधर, जिला निर्वाचन कार्यालय नाम मात्र के आवेदनों पर ही निर्णय ले रहा है। उसमें भी आवेदन करने वाले के परिवार में शादी होनी चाहिए साथ ही बीमारी होने पर मेडिकल बोर्ड से बीमारी के संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही विचार किया जा रहा है। डिप्टी कलेक्टर आदित्य जन का कहना है कि जिन लोगों के परिवार में शादियां हैं, उन्हें छुट्टी दी जा रही है। अन्य कारणों वाले आवेदनों की जांच की जा रही है।*

## मुख्यमंत्री ने व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर अफसरों को दिए निर्देश

# प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो की तैयारियों का सीएम डॉ. मोहन ने लिया जायजा

## रोड-शो को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने की रिहर्सल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को राजधानी भोपाल के चुनावी दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी भोपाल में रोड शो करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को रोड शो मार्ग का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एयरटेल चौराहे से लेकर नानके पेट्रोल पंप तक रोड शो मार्ग का सोमवार की शाम निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, पूर्व सांसद आलोक संजर, जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, सहित पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को भोपाल प्रवास रहेंगे। उनका शाम को रोड शो प्रस्तावित है। रोड शो और प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रहे, इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने सोमवार शाम रिहर्सल की और सुरक्षा व्यवस्था के आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान बम डिस्पोजल एवं डाग स्क्वायड द्वारा पूरे मार्ग के दोनों तरफ मौजूद दुकानों, ज्वैलर्स के शोरूम और अन्य स्थानों पर चैकिंग की। पूरे मार्ग पर सड़क के दोनों तरफ बैरीकेटिंग लगाई गई है। सोमवार शाम पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने मार्ग का जायजा लिया। और जिन स्थानों पर ।



### दोपहर तीन बजे से बंद रहेगा मार्ग

प्रधानमंत्री मोदी का कारकेड हेलीपैड से कार के माध्यम से पहुंचेगे। लिहाजा रोड शो के अलावा एयरपोर्ट से लाल परेड मैदान तक सख्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाली एसपीजी के मापदंडों के अनुसार कार्यक्रम शुरू होने से करीब 4 घंटे पहले मार्ग बंद पूर्णतः बंद किया जाएगा। दोपहर 3 बजे से रोड शो वाला मार्ग पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। 3 बजे के बाद अपेक्स बैंक से लाल परेड मैदान तक किसी प्रकार के आम यातायात की अनुमति नहीं होगी। कार्यक्रम में शामिल होने कार्यकर्ताओं को पैदल जाने दिया जाएगा।

### हाई राइज बिल्डिंगों पर तैनात रहेंगे जवान

*प्रधानमंत्री के रोड शो की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दो दर्जन से ज्यादा आईपीएस अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा करीब 2000 पुलिस और अर्धसैनिक बलों के सुरक्षा जवान तैनात रहेंगे। पीएम के आने-जाने वाले मार्ग पर स्थित हाईराईज बिल्डिंग्ग पर सुरक्षा जवान तैनात रहेंगे। इसके साथ ही ड्रोन कैमरों से लगातार नजर रखी जाएगी। करीब एक घंटे तक चलने वाले इस रोड शो की सुरक्षा व्यवस्था पूरी कर ली गई हैं।*

### मंच, बैरीकेडिंग, हैलीपेड सहित सभी प्रकार की अनुमति के लिए 48 घंटे पहले किए आवेदन

# सभा के आयोजन के लिए भूमि स्वामी ने दी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 24 अप्रैल को हरदा शहर में प्रस्तावित रैली को लेकर सोशल मीडिया वार शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री की रैली को लेकर कांग्रेस नेता विवेक तन्खा द्वारा कई सवाल उठाए गए हैं, हालांकि इन सवालों को लेकर नई जानकारियां भी सामने आई है। बताया जा रहा कि इस सभा के लिए ग्राम अबगांवखुर्द की निजी भूमि चयनित की गई है और संबंधित भूमिस्वामी की इस भूमि पर सभा आयोजन के लिए सहमति भी प्राप्त की गई है। सभा के आयोजनकर्ताओं द्वारा आयोजन के लिए सभा की अनुमति, मंच, बैरीकेडिंग की अनुमति एवं हैलीकॉप्टर के उतरने एवं उड़ने की अनुमति हेतु आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत किए हैं। यह आवेदन आयोग की निर्धारित समयसीमा कार्यक्रम के 48 घंटे पूर्व किए गए हैं, जिनका निराकरण कर पोर्टल के माध्यम से जारी की गई है।

### पीएम मोदी की हरदा में प्रस्तावित रैली को लेकर सवाल-जवाब शुरू

बताया जा रहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के पत्र 19 अप्रैल 2024 द्वारा प्रधानमंत्री की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आदर्श आचरण संहिता की अवधि में हैलीपेड का निर्माण, जनसभा हेतु मंच का निर्माण व सभा स्थल पर बैरीकेडिंग की व्यवस्था एवं उक्त पर व्यय संबंधित राज्य शासन द्वारा किया जाना है। जिसकी प्रतिपूर्ति भारत सरकार द्वारा की जा सकती है। संबंधित दस्तावेज में हल्का पटवारी द्वारा भूमिस्वामी से ली गई सहमति उक्त निर्देश के अनुरूप है तथा भूमि के संबंध में लिखी गई टीप भी हैलीपेड निर्माण, जनसभा हेतु मंच निर्माण एवं सभा स्थल पर बैरिकेडिंग के लिए उक्त पत्र के निर्देशों के परिपालन में दी गई है। ऐसे में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुक्रम में यह कार्य आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन के दायरे में भी नहीं आ रहा है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कटनी में बैठकों एवं नवमतदाता सम्मेलन को किया संबोधित

# 2014 से पहले कांग्रेस के कार्यकाल में हर तरफ आतंकी घटनाएं, लूट, भ्रष्टाचार, असुरक्षा का माहौल था: विष्णुदत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को कटनी में नुक्कड़ सभा और सिंधी समाज सहित विभिन्न समाज एवं नवमतदाता सम्मेलन को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने समाज की बैठकों को संबोधित करने के बाद जनसंपर्क भी किया। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास कर रहा है।

पीएम भारत को विकसित बनाने के साथ विश्व गुरू बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। यह लोकसभा चुनाव सामान्य न होकर 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का चुनाव है। मतदाताओं को यह मालूम होना चाहिए कि 2014 से पहले कांग्रेस के कार्यकाल में हर तरफ आतंकी घटनाएं, लूट, भ्रष्टाचार, भय, असुरक्षा का माहौल था, लेकिन 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश की सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं और आतंकवाद का लगभग सफाया हो चुका है।



### विपक्षी पार्टियों की वास्तविकता पता होना चाहिए

*नवमतदाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा की देश की विपक्षी पार्टियां अनर्गल आरोप लगाती रहती हैं। कांग्रेस ने गरीबी हटाने के नाम पर सिर्फ नारा दिया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से मुक्ति दिलाई है, जिसमें मध्यप्रदेश के भी करीब 2.5 करोड़ लोग शामिल हैं। कांग्रेस पार्टी ने राम मंदिर निर्माण के लिए कोई कार्य नहीं किया, सिर्फ रोड़े अटकाने का कार्य किया है।*

### कटनी के समग्र विकास की कार्ययोजना तैयार

*प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कटनी एक समय में प्रदेश का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र रहा है। कटनी रेलवे का भी बहुत बड़ा जंक्शन है। कटनी में आने वाले डेढ़ वर्ष में मेडिकल कॉलेज शुरू हो जाएगा। पॉलिटेक्निक में माइनिंग का पाठ्यक्रम शुरू हो चुका है। लॉजिस्टिक हब का कार्य तेजी से चल रहा है। लॉजिस्टिक हब शुरू होते ही कटनी के विकास को चार चांद लग जाएंगे।*

### मासूम को इंजेक्शन लगाने का विरोध कर रही थी महिला

# नीचे कूदने वाली थी बच्ची को लेकर पेड़ पर चढ़ी महिला, पुलिस ने सूझबूझ से बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

### गनियारी जन स्वास्थ्य केंद्र का मामला

इलाज दौरान डॉक्टरों द्वारा इंजेक्शन देने पर विरोध कर रही थी। कुछ देर बाद वह मासूम बच्ची को साथ लेकर नीम के पेड़ पर चढ़ गई, जिसे नीचे उतरने के लिए कहने या पेड़ में चढ़ने का प्रयास करने पर वह स्वयं या बच्चे को पेड़ से नीचे फेंक देने की धमकी दे रही थी।

बिलासपुर जिले के जन स्वास्थ्य केंद्र गनियारी परिसर में दो साल की बच्ची सहित महिला पेड़ से कूदने का प्रयास कर रही थी। जिसकी सूचना मिलने पर डायल 112 की तत्परता से बच्ची और महिला की जान बचाई गई।

दरअसल, डायल 112 कमांड सेंटर रायपुर में सूचना मिली कि बिलासपुर जिले के थाना कोटा क्षेत्रान्तर्गत जन स्वास्थ्य केंद्र गनियारी में दो वर्ष की मासूम बच्ची भर्ती थी, जिसे एक महिला अपने साथ नीम पेड़ में लेकर चढ़ गई। बच्ची समेत कूदकर जान देने का प्रयास कर रही थी, लेकिन तभी सूचना की गंभीरता को देखते हुए डायल 112 टीम बिना देर किए मौके पर पहुंच गई। जहां पूछताछ में पता चला कि महिला अपने नातिन को जन स्वास्थ्य केंद्र गनियारी में स्वास्थ्य खराब होने से भर्ती थी।

## अपहृत/गुमशुदा की तलाश



वर्षा सरस्वती परमिला प्रतिमा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चार लड़कियाँ नाम **(1) वर्षा (2) सरस्वती (3) परमिला (4) प्रतिमा**, जो दिनांक 24.01.2018 से कैटालिस्ट ट्रस्ट, सेक्टर–19, द्वारका, नई दिल्ली लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में **एफआईआर सं. 29/18 दिनांक 25.01.2018 धारा 363 भा.द.सं. के तहत** थाना द्वारका, नई दिल्ली में गुमशुदगी दर्ज है। गुमशुदा/अपहृत लड़कियों का ब्यौरा इस प्रकार है : **(1) उम्र** : 17–20 साल, **कद** : 5' **शरीर** : मध्यम, **रंग** : गेहूँआ, **चेहराः** गोल, **पहनावा** : लाल रंग का जैकेट और ब्लू जीन्स पहने हुए है। **(2) उम्र** : 17–20 साल, **कद** : 5' **शरीर** : मध्यम, **रंग** : गोरा, **चेहराः** गोल, **पहनावा** : नीले रंग का जैकेट और लाल पैंट पहने हुए है। **(3) उम्र** : 17–20 साल, **कद** : 5' **शरीर** : मध्यम, **रंग** : गोरा **चेहराः** गोल, **पहनावा** : काले रंग का जैकेट और पेंट पहने हुए है। **(4) उम्र** : 17–20 साल, **कद** : 5' **शरीर** : मध्यम, **रंग** : गोरा, **चेहराः** गोल, **पहनावा** : पीले रंग का जैकेट और पैजामा पहने हुए है।

अगर किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाइट : http://cbi.nic.in
ई–मेल : cic@cbi.gov.in
फैक्स : 011-24368639
फोन : 011-24368638, 24368641

थानाध्यक्ष
थाना : द्वारका, नई दिल्ली
फोनः 011-28051583, 8750871021

DP/4486/DW/2024

## चिंतन

# दलबदल कानून मजबूत हो 'फ्रीबिज' पर प्रतिबंध लगे

अभी जब देश में आम चुनाव हो रहे हैं, तो इस दरम्यान पूर्व उपराष्ट्रपति व पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित एम. वेंकैया नायडू ने दो मौजूं विषय उठाए हैं। नायडू ने कहा कि दलबदल कानून का और मजबूत किया जाना चाहिए और चुनाव में मुफ्त उपहार (फ्रीबिज) खत्म होना चाहिए। संयोग से भारतीय लोकतंत्र इन दोनों सिंड्रोम से ग्रसित है। दलबदल कानून का सहारा लेकर चुनाव के बाद सरकारें बन रही हैं, सरकारें गिर रही हैं। सत्ता की सियासत में राजनीतिक नैतिकता और दलगत प्रतिबद्धता गौण होती जा रही हैं। जनप्रतिनिधि चंद लालच में दल बदलने को तैयार हो जाते हैं। जनप्रतिनिधियों का दलबदल करना मतदताओं के साथ कितना बड़ा विश्वासघात है। दुर्भाग्य की बात है कि दलबदल के खेल में सभी दल शामिल हैं। हाल के वर्षों में बड़े-बड़े दलबदल कर सत्ता बदली है, चुनी हुई सरकार गिरी है, नहीं सरकार बनी है। इस बाबत वेंकैया नायडू का सुझाव काबिलेगौर है। । हमें दलबदल रोधी कानून को मजबूत करना चाहिए। चिंता की बात यह है कि अब सार्वजनिक जीवन में मानकों में गिरावट आ रही है। राजनीतिक दलों में, लोग अक्सर अपनी पार्टियां बदलते हैं। नवीनतम प्रवृत्ति यह है कि लोग सुबह एक पार्टी में होते हैं और शाम को दूसरी पार्टी में शामिल हो जाते हैं और फिर वे अपने नेता की आलोचना करते हैं और दाएं-बायें बातें कहते हैं, उनमें से कुछ को टिकट मिलने में भी वरीयता मिलती है। यह बहुत परेशान करने वाली प्रवृत्ति है और लोगों को इससे बचना चाहिए। लोगों को दलों में काम करना चाहिए और अपनी साख साबित करनी चाहिए। अगर कोई पार्टी बदलना चाहता है, तो उसे उस पार्टी द्वारा दिए गए पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और उसके बाद ही दूसरी पार्टी में शामिल होना चाहिए। कोई भी समझ सकता है कि आरोप लगा रहे हैं, लेकिन जो हो रहा है वह आरोप नहीं बल्कि अनुचित व्यवहार है। इस समय देश में व्यापक दलबदल कानून है, जिसमें दल बदलने के लिए दो तिहाई संख्याबल चाहिए, लेकिन यह भी नाकाफी साबित हो रहा है। दलबदल की प्रवृत्ति पर रोक के लिए न्यायविदों से सुझाव लिया जा सकता है। कायदे से अगर कोई भी जनप्रतिनिधि चुनाव जीतने के बाद दल बदलना चाहता है, उसे फिर से जनादेश हासिल करने का प्रावधान होना चाहिए। दल बदलते ही उस जनप्रतिनिधि की सांसदी या विधायकी खत्म हो जानी चाहिए। चुनाव पूर्व गठबंधन, चुनाव बाद गठबंधन राजनीतिक कसौटी पर न्यायपूर्ण है, लेकिन जिस दल के नेता के रूप में मतदाताओं ने चुना है, उसे छोड़कर अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए दूसरे दल का दामन थामना, सीधे मतदाताओं के साथ धोखा है, वोटरों से विश्वासघात है। किसी के दल बदलते ही फिर से जनादेश पाने की अनिवार्यता होने से दलबदल की मौजूदा परिपाटी पर लगाम लग सकती है। नायडू ने चुनाव के दौरान मुफ्त के उपहार (फ्रीबिज) की घोषणाओं पर भी आपत्ति जताई है। हालांकि नायडू केंद्र में वर्षों तक उच्च पदों पर रहे हैं, तो उन्हें गंभीरता से ये मुद्दे पूर्व में उठाने चाहिए थे, लेकिन देर से ही सही, कम से कम फ्रीबिज को हानिकारक परिपाटी बता कर दलों को आईना जरूर दिखाया है। चुनाव में मतदाताओं को फ्रीबिज से लुभाने की चेष्टा अस्वस्थ प्रवृत्ति है। राज्य की वित्तीय स्थिति के अनुकूल योजनाएं लानी चाहिए। चुनाव घोषणा-पत्र वास्तविक होना चाहिए, उसमें किए वादे पूरे करने के संसाधन का रोडमैप होना चाहिए। चूंकि देश में चुनाव हो रहे हैं, इसलिए इन गंभीर राजनीतिक रोगों का स्थाई इलाज होना चाहिए। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र अगर है, तो हमें आदर्श लोकतंत्र बनाना चाहिए, लोकतंत्र की नैतिकता के उच्च मानक स्थापित करने चाहिए।

# तेज ग्रोथ के लिए अनुकूलन जरूरी



विश्लेषण
सतीश सिंह

**कोरोना महामारी के शुरू होने के बाद से वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर धीमी बनी हुई है। हालांकि, इस मामले में भारत की स्थिति काफी बेहतर है। भले ही वैश्विक स्तर पर विकास दर धीमी रहेगी, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर आगामी सालों में भी तेज बनी रहेगी। आईएमएफ ने विश्व आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट में कहा है कि वित्त वर्ष 2024 और 2025 में भारत की विकास दर 6 .5 प्रतिशत रह सकती है। उभरती अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाला देश बना रहेगा। सरकार की नीतियों की वजह से भारत में विकास की गति काफी तेज है और आगामी सालों में भी भारत में विकास दर के तेज बने रहने की संभावना है।**

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर मार्च महीने में घटकर 10 महीनों के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई, जो फरवरी महीने में 5.09 प्रतिशत और जनवरी में 5.1 प्रतिशत रही थी। हालांकि, खाद्य पदार्थों की खुदरा महंगाई 0.39 प्रतिशत कम होकर 8.27 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई। यह फरवरी महीने में 8.66 प्रतिशत रही थी। केंद्र सरकार ने आम चुनाव से पहले एलपीजी और पेट्रोल की कीमतों में कटौती की थी, जिसके कारण ईंधन एवं बिजली की कीमत में मार्च 2023 की तुलना में 3.24 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

खुदरा महंगाई बहुत ज्यादा चिंताजनक नहीं है, लेकिन यह अभी भी भारतीय रिजर्व बैंक के लक्ष्य 4 प्रतिशत से ऊपर है और इसी वजह से केंद्रीय बैंक ने विकास दर को स्थिर रखने के लिए ब्याज दरों में न तो बढ़ोतरी की है और न ही कटौती। साथ ही, द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षाओं में लगातार 7वीं दफा रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा है। खाद्य महंगाई के ऊंचे स्तर पर रहने से आम लोगों को अभी भी राहत नहीं मिली है, क्योंकि खाद्य तेलों की कीमत में गिरावट का दौर मार्च में भी जारी है और मार्च 2023 के मुकाबले इसमें 11.72 प्रतिशत की नरमी आई है, लेकिन सब्जियों की कीमत में 28.34 प्रतिशत, दालों की कीमत में 17.71, मसालों की कीमत में 11.4,अनाजों की कीमत में 8.37, अंडों की कीमत में 10.33, मांस-मछलियों की कीमत में 6.36 और दूध की कीमत में 3.38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कोरोना महामारी के शुरू होने के बाद से वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर धीमी पड़ गई है और कमोबेश सभी देश अभी भी महंगाई की समस्या से जूझ रहे हैं। हालांकि, मामले में भारत की स्थिति काफी बेहतर है। कुछ विकसित देशों में भी मंहगाई पहले से कम हुई है। अमेरिका में महंगाई के नरम रहने की संभावना की वजह से जून महीने में फेडरल रिजर्व बैंक नीतिगत ब्याज दरों में कटौती कर सकता है, जिससे निवेश के दूसरे विकल्पों में प्रतिफल कम हो जाएंगे, इसलिए निवेश से अधिक प्रतिफल मिलने की आस में लोग सोने में निवेश कर रहे हैं, जिससे सोने की कीमत में तेजी बनी हुई है। भारत में 12 अप्रैल को सोने की 10 ग्राम की कीमत बढ़कर 75,100 रुपये और चांदी की कीमत बढ़कर 85,500 रुपये किलो के स्तर पर पहुंच गई। फरवरी, 2024 में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर सालाना आधार पर 5.7 प्रतिशत बढ़ा, जो 4 महीनों में सबसे अधिक है। हालांकि, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन फरवरी 2023 में 6 प्रतिशत बढ़ा था। आईआईपी का पिछला उच्चतम स्तर अक्टूबर, 2023 में 11.9 प्रतिशत दर्ज किया गया था, जो नवंबर में घटकर 2.5 प्रतिशत, दिसंबर में 4.2 प्रतिशत और जनवरी 2024 में 4.1 प्रतिशत के स्तर पर रहा था। वित्त वर्ष 2023-24 के अप्रैल से फरवरी महीने के दौरान, आईआईपी वृद्धि 5.9 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो एक साल पहले 5.6 प्रतिशत रही थी। फरवरी महीने में खनन उत्पादन की वृद्धि दर बढ़कर 8 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 4.8 प्रतिशत रही थी। फरवरी 2024 के दौरान




उपभोक्ता टिकाउ वस्तुओं के उत्पादन में 12.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो फरवरी 2023 में 4.1 प्रतिशत रही थी। उल्लेखनीय है कि आईआईपी में वृद्धि आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने का सूचक है।

निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट ने 9 अप्रैल को कहा कि भारत में इस साल मानसून के सामान्य रहने की संभावना है। भारत के मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के वैज्ञानिकों का भी मानना है कि इस वर्ष देश में उत्तर पश्चिम, पूर्व और पूर्वोत्तर के हिस्सों को छोड़कर अधिकांश हिस्सों में जून से सितंबर महीने के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून अवधि में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। गौरतलब है कि ला नीना से मानसून परिसंचरण मजबूत होता है। स्काईमेट को दक्षिण, पश्चिम और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में अच्छी बारिश की उम्मीद है। इसके अनुसार, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के मानसून वर्षा आधारित क्षेत्रों में पर्याप्त वर्षा होगी, जबकि बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के पूर्वी राज्यों में जुलाई और अगस्त महीने के दौरान कम वर्षा होने का अनुमान है। साफ है अच्छे मानसून से विविध फसलों के उत्पादन में तेजी आएगी और महंगाई में कमी। विश्व बैंक के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में निवेश की धीमी गति रहने से विकास दर थोड़ी धीमी रहेगी। हालांकि, औद्योगिक उत्पादन व सेवा क्षेत्र मजबूत बने रहेंगे। रियल एस्टेट व निर्माण क्षेत्र में भी तेजी बनी रहेगी। मानसून के सामान्य से बेहतर रहने से महंगाई में भी गिरावट आने के आसार हैं। जीएसटी में वृद्धि से राजकोषीय घाटे और सरकारी कर्ज में कमी आने की संभावना है। विश्व बैंक के मुताबिक भारत की मजबूत विकास दर की वजह से अगले 2 सालों तक दक्षिण एशिया में विकास की गति तेज बनी रहेगी। वित्त वर्ष 2023-24 की अंतिम तिमाही का जीडीपी आंकड़ा जून महीने में जारी किया जाएगा, लेकिन फरवरी व मार्च महीने में सेवा व विनिर्माण क्षेत्र में तेजी को देखते हुए मार्च तिमाही में जीडीपी के 8 प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान जताया जा रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी हाल ही में अंतिम तिमाही में जीडीपी के 8 प्रतिशत से अधिक रहने अनुमान जताया था। पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने 17 अप्रैल 2024 को कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान भारत की जीडीपी वृद्धि दर 8.00 से 8.3 प्रतिशत के बीच रह सकती है। पीएचडीसीसीआई का यह भी कहना है कि अगले 23 सालों तक भारत की विकास दर औसतन 6.7 प्रतिशत रहेगी और 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था 34.7 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। साथ ही, उस समय भारत में प्रति व्यक्ति आय 21,000 डॉलर की होगी।

आईएमएफ के मुताबिक विकास दर में तेजी लाने के लिए वैश्विक स्तर पर महंगाई और देशों द्वारा लिए जा ऋण को नियंत्रित करना होगा। आईएमएफ ने 2024 के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था के 3.1 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ने का अनुमान जताया है, 2025 में यह 3.2 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ सकती है। आईएमएफ ने यह भी कहा है कि विकास दर को स्थिर रखने के लिए दुनिया के केंद्रीय बैंकों को सतर्कता बरतते हुए मौद्रिक नीति बनानी होगी, ताकि महंगाई व विकास के बीच संतुलन बना रहे।

भले ही वैश्विक स्तर पर विकास दर धीमी रहेगी, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर आगामी सालों में भी तेज बनी रहेगी। आईएमएफ ने "विश्व आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट" में कहा है कि वित्त वर्ष 2024 और 2025 में भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत रह सकती है। हालांकि,उभरती अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाला देश बना रहेगा। आंकड़ों से साफ है, सरकार की समीचीन नीतियों की वजह से भारत में विकास की गति काफी तेज है और मौजूदा स्थिति में आगामी सालों में भी भारत में विकास दर के तेज बने रहने की संभावना है।

(लेखक बैंक अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जन्म व मृत्यु के उपरांत समाप्त होती है यात्रा



संकलित
दर्शन

शरीर में समाहित ऊर्जापुंज को आत्मा कहा गया है। यह आत्मा अनंत ऊर्जा अर्थात परमात्मा का एक अति सूक्ष्म अंशमात्र है। भौतिक जगत में रहते हुए यह भौतिक शरीर एक यात्री के सदृश होता है। शरीर के जन्म के साथ ही यात्रा प्रारंभ होती है एवं मृत्यु के उपरांत समाप्त हो जाती है। अर्थात भौतिक शरीर के लिए जीवन एक यात्रा के समतुल्य है। जन्म के साथ ही ऊर्जापुंज अर्थात आत्मा भौतिक शरीर से संयुक्त होकर उसकी यात्रा में सहयात्री की भूमिका का निर्वहन करने लगता है एवं मरणोपरांत स्वयं को यात्रा से अलग कर लेता है। यह कहा जा सकता है कि भौतिक शरीर की यात्रा का आदि और अंत स्पष्टतः ज्ञात होता है, परंतु ऊर्जापुंज जिसे आत्मा कहकर संबोधित किया जाता है, अपनी यात्रा के आदि और अंत से सर्वथा अपरिचित होता है। आत्मा की यात्रा कब और क्यों प्रारंभ हुई तथा कब और क्यों पूर्ण होगी? इन प्रश्नों का हल आज भी एक चुनौती के रूप में खड़ा है। ऊर्जापुंज अगणित भौतिक शरीरों की भौतिक यात्रा में सहयात्री की भूमिका को निभाता हुआ अपनी अनंत दिव्ययात्र को जारी रखता है। अर्थात आत्मा की इस अलौकिक यात्रा में अनंत लौकिक यात्राएं शामिल होती हैं। इस अलौकिक यात्रा के संबंध में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि यह यात्रा अनंत से प्रारंभ होकर अनंत पर ही पूर्ण होगी, किंतु अनंत को परिभाषित करना भी असंभव है। अनंत को अज्ञात का पर्याय माना जा सकता है। प्रश्न यह उठता है कि इस अनंत गति को अनवरत जारी रखने के लिए आवश्यक बल किस स्नेत से प्राप्त होता है?

## कोयला और चंदन



संकलित
प्रेरणा

चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया। बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा-देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया। अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ। बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया। उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो। बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा। मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो वह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, देखा तुमने। कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई। गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है। दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकडी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है और उनका साथ छूटने पर भी उनके विचारों की महक जीवन भर बनी रहती है।

## सारा संसार



भगवान अयप्पा को समर्पित, यह केरल के सभी सस्था मंदिरों में सबसे प्रसिद्ध मंदिर है। ये मंदिर सबरीमाला पहाड़ी की चोटी और पेरियार टाइगर रिजर्व में स्थित है। सबरीमाला संस्था मंदिर हर साल लाखों भक्तों को आकर्षित करता है।

मतदान
डॉ. मोनिका शर्मा



# अपने दायित्व को समझें नागरिक

लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के मतदान में देश के कई हिस्सों में कम वोटिंग होना राजनीतिक दलों के लिए ही नहीं समग्र समाज के लिए चिंता और चर्चा का विषय है। भारत में मतदाताओं का उदासीन रवैया कई प्रश्न उठाता है। ज्ञात हो कि 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर पहले चरण की वोटिंग में औसत 60.03 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। बीते दो लोकसभा चुनावों की तुलना में इन सीटों पर मतदान प्रतिशत कम रहा है। देश में कई सीटों पर 50 प्रतिशत से भी कम वोटिंग हुई है, जिसके चलते चुनाव आयोग भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपनी रणनीति में सुधार करने की योजना बना रहा है। चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया के मंच इंस्टाग्राम और एक्स पर भी आमजन से घर से निकलने और मतदान करने के लिए कहा है। जरूरी है कि हर मतदाता इस अपील की सार्थकता को समझे। वस्तुतः चुनाव आयोग के प्रयासों के साथ ही आमजन को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। देश की सरकार चुनने में मतदाताओं को बढ़-चढ़कर भागीदारी निभानी चाहिए। त्योहार, शादी-ब्याह को पोलिंग बूथ तक ना पहुंचने की वजह बना लेना, उचित नहीं है। विशेषकर महानगरों और शहरी क्षेत्रों में, मतदान के दिन को आराम के दिन के रूप में मानने की प्रवृत्ति बेहद चिंतनीय है। चुनाव को गंभीरता से लेते हुए हर मतदाता को लोकतन्त्र के महापर्व में भागीदार बनने के मोर्चे पर किसी चीज को आड़े नहीं आने देना चाहिए। चुनाव आयोग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चुनाव में भी देश के तिहाई लोगों ने अपने मत का उपयोग नहीं किया था। मताधिकार का प्रयोग न करने वालों में युवा, अमीर और शहरी जनसंख्या वाले लोग भी शामिल थे। 18वीं लोकसभा के लिए 7 चरणों में पूरी होने वाली वोटिंग में इस बार भी पहले चरण के मत प्रतिशत के रुझान मतदाताओं को मतदान करने के प्रति सजग करने वाले हैं। ज्ञात हो कि पिछले दो वर्षों में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में चुनाव आयोग और दलों ने मतदाताओं को वोटिंग के दौरान सहज अनुभव प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत की है। अनेक परामर्शों, समीक्षाओं, विभिन्न क्षेत्रों के दौरों और अधिकारियों के व्यापक प्रशिक्षण के बाद सावधानीपूर्वक सारी तैयारियां की हैं। ऐसे में विशाल जनसंख्या और विविधतापूर्ण संस्कृति वाले हमारे देश में चुनाव आयोग के प्रयासों और योजनाओं को मतदान के प्रति आमजन की प्रतिबद्धता का भी साथ मिलना चाहिए। मतदान प्रत्येक भारतीय नागरिक का संवैधानिक अधिकार भी है और कर्तव्य भी। इस संवैधानिक अधिकार के वैकल्पिक होने का अर्थ नहीं है कि अपने आंगन को संवारने-सहेजने वाले जन-प्रतिनिधियों को चुनने में रुचि न ली जाए। मणिपुर हाईकोर्ट द्वारा एक अहम आदेश में कहा गया है कि वोट डालने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत मतदाताओं के भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का ही एक हिस्सा है। ऐसे में मतदान करना अपना और अपने देश का भविष्य चुनने के समान है। देश की जनतांत्रिक व्यवस्था के सम्मान और बतौर नागरिक अपनी स्वतंत्रता और मान को कायम रखने के लिए हर भारतीय के मन में यह दायित्व निभाने की प्रतिबद्धता आवश्यक है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पृथ्वी का संरक्षण जरूरी

सन 1970 में पृथ्वी के संरक्षण के उद्देश्य से अमरीकी सीनेटर गेलोर्ड नेल्सन ने पृथ्वी दिवस मनाने का निर्णय लिया था। इस दिवस को अमरीका ट्री डे के रूप में मनाता है। और अब सन 1970 से हर वर्ष 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस बहुत से देशों में मनाया जाता है। हमारे देश में भी इस दिन बहुत से प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। हम जिस थाली में खाएं, उसी में छेद करना शुरू कर दें, तो यह हमारी सबसे बड़ी नासमझी नहीं होगी, तो और क्या होगा? पृथ्वी हमें निस्वार्थ भाव से जीने के लिए सब कुछ देती है, लेकिन हम नासमझी बरतते हुए इसे ही अपने स्वार्थ के लिए आंखें बंद कर नुकसान पहुंचाने में लगे हुए हैं। पृथ्वी का नासमझी से दोहन हमें नुकसान पहुंचाएगा। इसलिए पृथ्वी का संरक्षण जरूरी है।

*- मनोज शुक्ला, दुर्ग*

## करंट अफेयर

### ब्रिटेन की संसद ने दी रवांडा निर्वासन विधेयक को मंजूरी

कुछ प्रवासियों को रवांडा निर्वासित करने के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के प्रयासों को अंततः सोमवार देर रात संसद की मंजूरी मिल गई। इससे कुछ घंटे पहले ही सुनक ने विश्वास जताया था कि जुलाई में रवांडा के प्रवासियों को ले जाने वाली निर्वासन उड़ान शुरू होंगी। सुनक ने मंगलवार को अपनी सरकार के उक्त विवादास्पद 'रवांडा सुरक्षा विधेयक' को संसद की मंजूरी मिलने का स्वागत किया और संकल्प जताया कि अवैध प्रवासियों को उड़ानों से अफ्रीकी देश निर्वासित करने के रास्ते में कोई अड़चन नहीं आएगी। उन्होंने विधेयक को ऐतिहासिक करार दिया और इसे वैश्विक पलायन को संभालने में बुनियादी बदलाव लाने वाला बताया। उन्होंने एक बयान में कहा, 'इस ऐतिहासिक विधेयक का पारित होना न केवल एक कदम आगे बढ़ाना है बल्कि विस्थापन पर वैश्विक समीकरण में मूलभूत बदलाव करने वाला है।' संसद में इस विधेयक को लेकर करीब दो महीने से गतिरोध बना हुआ था। लेकिन सोमवार आधी रात के बाद अंततः गतिरोध समाप्त हुआ और 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' ने 'हाउस ऑफ कॉमन्स' की सर्वोच्चता को स्वीकार किया और अपने प्रस्तावित संशोधनों को वापस लेकर विधेयक के कानून बनने का रास्ता साफ कर दिया।



## ऑफ बीट

### देश भर में खतरनाक कचरे का परिवहन आसान नहीं

क्या आपने कभी सोचा है कि ट्रकों के पीछे अंकित प्रतीकों और संख्याओं वाले रंगीन संकेतों का क्या मतलब होता है? दरअसल वह विनियमों के उस जाल का एक हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य खतरनाक कचरे को एक जगह से दूसरी जगह ले जाते समय श्रमिकों और पर्यावरण को सुरक्षित रखना होता है। देश भर में खतरनाक गैसों, तरह तरह के जहर, हानिकारक रसायनों, संक्षारक और रेडियोधर्मी सामग्री जैसी खतरनाक सामग्रियों का परिवहन करना जोखिम भरा है। लेकिन चूँकि हर साल अमेरिका में लगभग 3 अरब पाउंड की खतरनाक सामग्री एक जगह से दूसरी जगह ले जाए जाने की ज़रूरत होती है, इसलिए यह अपरिहार्य है। देशभर में एक जगह से दूसरी जगह ले जाई जाने वाली आवश्यक सभी सामग्रियों के साथ, ट्रक और रेल परिवहन दोनों से खतरनाक सामग्री को ले जाना अपेक्षाकृत अपरिहार्य है। लेकिन अच्छे नियम इन घटनाओं को न्यूनतम रख सकते हैं। एक संचालन और रसद विशेषज्ञ के रूप में, मैंने वर्षों तक खतरनाक सामग्री परिवहन का अध्ययन किया है। नगरपालिका से संघीय स्तर तक सरकारी एजेंसियों के पास इन सामग्रियों की हैंडलिंग और परिवहन को नियंत्रित करने वाले नियम हैं, हालांकि वे थोड़े जटिल हो सकते हैं।



## ट्रेंड

### गरीबों की मदद की गारंटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए किरमिरा और लाइकेरा ब्लॉक को एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी माना जाता है। प्रधानमंत्री अभय योजना के तहत घर, ज्वारजा योजना के तहत रसोई गैस और गरीब कल्याण भोजन योजना में मुफ्त चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। यह 'मोदी गारंटी' है।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री



### तत्काल रिहाई का आह्वान

जैसे ही यहूदी परिवार पास ओवर की शुरुआत के लिए इकट्ठा होते हैं, मेरा दिल उन सभी के लिए टूट जाता है जिनके सेडर टेबल पर उनके प्रियजन गायब होंगे। एक बार फिर, मैं गाजा में बंधकों की तत्काल रिहाई के लिए अपना आह्वान दोहराता हूं।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव



### सभी संसाधनों को बेचा

मोदी सरकार के तहत, अमीर और गरीब के बीच का अंतर 100 साल के उच्चतम स्तर पर है। 10 सालों में मोदीजी ने सिर्फ अपने करीबी दोस्तों के लिए ही काम किया है। हवाई अड्डों, बंदरगाहों, कोयला खदानों सहित सभी संसाधनों को पूंजीपतियों को औने-पौने दामों पर बेच दिया है।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष



### सूरत तो झांकी है

सूरत तो झांकी है, पूरा देश बाक़ी है। अभी सूरत में चुनाव ख़त्म हुआ है अब पूरे देश में चुनाव ख़त्म होगा। मोदी जी आरक्षण ख़त्म करेंगे। भाजपा, भीमराव जी का नही भागवत का संविधान मानती है।

-संजय सिंह, आप नेता



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।






## बजरंग बली की जय, 'मंगलसूत्र' और 'हनुमान चालीसा' के बहाने कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी

# कांग्रेस की बड़ी साजिश सामने आई... जिसके पास दो घर, उससे एक छीन लेगी कांग्रेस, इनके राज में हनुमान चालीसा पढ़ना व सुनना भी गुनाह

एजेंसी ▶▶ टोंक

पीएम नरेंद्र मोदी टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार के दौरान फिर कांग्रेस के खिलाफ बरसे। हनुमान जयंती पर उन्होंने भाषण की शुरुआत ही बजरंग बली की जय के साथ की। फिर कर्नाटक का एक किस्सा भी सुनाया। आरोप लगाया कि कांग्रेस की सरकार में हनुमान चालीसा सुन रहे व्यापारी को पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया गया। इनके राज में तो हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह हो गया है।

उन्होंने मुस्लिमों को अधिकार देने की बात की। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के बयान को लेकर घेरा। फिर इंडिया गठबंधन को भी नहीं बख्शा। उन्होंने कहा कि मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे गदा देकर बजरंग बली की जय करने का अवसर दे दिया। यह शूरवीरों की धरती है। यहां समय में थोड़ा परिवर्तन करना पड़ा। मुझे लगता है कि मेरी सभा के बाद भी यहां लोग आते रहेंगे। मैं इनमें उत्साह देख रहा हूं। उसमें एक मजबूत भारत के लिए आशीर्वाद है।

*आरोप लगाया कि कांग्रेस की सरकार में हनुमान चालीसा सुन रहे व्यापारी को पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया गया। इनके राज में तो हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह हो गया है।*

*उन्होंने मुस्लिमों को अधिकार देने की बात की। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बयान को लेकर घेरा। फिर इंडिया गठबंधन को भी नहीं बख्शा। उन्होंने कहा कि मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे गदा देकर बजरंग बली की जय करने का अवसर दे दिया।*

### टोंक की रैली में पीएम मोदी का बड़ा हमला

#### मुस्लिमों को आरक्षण देगी कांग्रेस

पीएम मोदी ने कहा कि 2011 में कांग्रेस ने एससी-एसटी को मिला अधिकार छीनकर मुस्लिमों को देने का प्रयास किया। कांग्रेस ने संविधान की परवाह नहीं की, बाबा साहब आंबेडकर की परवाह नहीं की। कर्नाटक में भाजपा सरकार ने धार्मिक आधार पर आरक्षण खत्म कर दिया। कांग्रेस और इंडी अलायंस जब सत्ता में थे तो ये लोग दलितों और पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी करते और वोट बैंक पॉलिटिक्स के लिए उनकी खास जमात को आरक्षण देना चाहते थे।

#### धार्मिक आधार पर आरक्षण का मुद्दा उठाया

पीएम मोदी बोले कि देश में धार्मिक आधार पर आरक्षण का घोर विरोध हुआ था। मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। 2004 में जैसे ही केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी, उसमें सबसे पहला काम आंध्र में एससी-एसटी रिजर्वेशन में कमी कर मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास किया गया। 2004 से 2010 के बीच कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में चार बार मुस्लिम रिजर्वेशन लागू करने की कोशिश की।



#### हनुमान चालीसा सुनने पर दुकानदार को पीटा गया

पीएम मोदी ने कहा कि जब-जब हम बंटे हैं तब-तब देश के दुश्मनों ने फायदा उठाया है। पीएम मोदी ने कहा कि आज हनुमान जयंती पर आपसे बात करते हुए मुझे कुछ दिन पहले की एक तस्वीर भी याद आ रही है। कुछ दिन पहले कांग्रेस के शासन वाले कर्नाटक में एक दुकानदार को केवल इसलिए बुरी तरह से पीटा गया, क्योंकि वो अपनी दुकान में बैठे-बैठे हनुमान चालीसा सुन रहा था। कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा सुनना और अपनी आस्था का पालन करना भी मुश्किल हो जाता है।

#### कांग्रेस ने तुष्टिकरण के लिए कई जगहों पर दंगे करवाए

पीएम मोदी ने कहा कि में अब भाजपा सरकार आने के बाद किसी की हिम्मत नहीं है कि आपकी आस्था पर सवाल उठा दे। आप हनुमान चालीसा भी गाएंगे और रामनवमी भी मनाएंगे। कांग्रेस ने तो राम-राम सा कहने वाले राजस्थान में रामनवमी पर प्रतिबंध लगा दिया था। शोभायात्रा पर पत्थरबाजी करने वालों को सरकारी संरक्षण दिया था। तुष्टिकरण के लिए मालपुरा, करौली, टोंक और जोधपुर को दंगों की आग में झोंक दिया था।

#### अब आपकी संपत्ति पर कांग्रेस की टेढ़ी नजर

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि सत्ता में आने पर कांग्रेस आपके घर का सर्वे कराएगी। जिसके पास एक से अधिक घर होगा, उसका छीन लेगी। मैंने राजस्थान में देश के सामने सत्य रखा था कि कांग्रेस आपकी संपत्ति छीनकर अपने खास लोगों को बांटने की गहरी साजिश रचकर बैठी है। मैंने कांग्रेस की वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति का पर्दाफाश किया था। आखिर वो सच्चाई से इतना डरते क्यों हैं?

गृहमंत्री शाह की कांग्रेस को दो टूक

#### सीएए किसी की नागरिकता नहीं छीनेगा, गुमराह न करें

कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के बयान पर भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित



शाह ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा अपने सिद्धांतों पर अटल है। हम किसी के साथ अन्याय नहीं करेंगे, लेकिन हम तुष्टीकरण भी नहीं करेंगे। कांग्रेस को सीएए से क्या आपत्ति है? सीएए किसी की नागरिकता नहीं छीनेगा, वे लोगों को गुमराह कर रहे हैं। वे तुष्टीकरण की राजनीति करके चुनाव जीतना चाहते हैं। जनता कांग्रेस पार्टी को अच्छे से समझ चुकी है। जहां तक तीन कानूनों (आपराधिक कानून) का सवाल है, तो चिदंबरम खुद समिति का हिस्सा थे। उन्होंने कई बार इस पर सकारात्मक सुझाव दिए और उनकी सराहना भी की।

#### भाजपा टीएमसी के गुंडों को उल्टा लटका देगी

शाह ने कथित अनियमितताओं के कारण सरकारी स्कूल कर्मचारियों की लगभग 25,000 नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश का भी जिक्र किया। संदेशखाली में मां पर अत्याचार किया गया। भाजपा सरकार टीएमसी के गुंडों को उल्टा लटका देगी।

छत्तीसगढ़ में नड्डा का कांग्रेस पर वार

#### कांग्रेस सदा-सदा राम और सनातन विरोधी, राम को काल्पनिक बताया

छत्तीसगढ़ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस और इंडी अलायंस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने इंडी अलायंस को घमंडिया और भ्रष्टाचारी बताया। ये अलायंस या तो जेल में हैं या फिर बेल पर है। कांग्रेस सदा-सदा राम और सनातन विरोधी रही है। यूपीए सरकार में कोर्ट में एफिडेविट दिया था कि राम काल्पनिक है। राम का कोई ऐतिहासिक वजूद नहीं है। सीएम स्टालिन सनातन धर्म को डेंगू कहता है, एड्स कहता है और कांग्रेस पार्टी बिल्कुल चुप रहती है।



झारखंड में गरजे गृहमंत्री राजनाथ

#### समाज को बांटने के लिए राजनीति कर रही कांग्रेस

खूंटी। भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने नामांकन दाखिल किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि पीएम मोदी की वजह से वहां पर फंसे 22,500 भारतीयों को बचा लिया गया। सिंह ने कांग्रेस पर धर्म की राजनीति करने गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश में हिंदु-मुसलमानों को विभाजित करने की राजनीति कर रहे हैं। कांग्रेस जनता के हित के विरुद्ध है। कांग्रेस ने देश के धर्मनिरपेक्षता के ताने बाने को खत्म कर दिया है। लोगों को धर्म या जाति के आधार पर बांट रही है।



भाजपा ने जारी की 14वीं लिस्ट

#### लद्दाख से नामग्याल को नहीं मिला टिकट

नई दिल्ली। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की 14वीं लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में पार्टी ने केवल केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख की सीट से उम्मीदवार का ऐलान किया है। पार्टी ने लद्दाख से वर्तमान सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल का टिकट काट दिया है और ताशी ग्यालसन को नया उम्मीदवार घोषित किया है।



पार्टी से बगावत

#### भाजपा ने ईश्वरप्पा को किया बाहर

बेंगलुरु। भाजपा ने बागी नेता केएस ईश्वरप्पा पर कार्रवाई करते हुए उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी की ओर से की गई कार्रवाई पर अब बागी नेता केएस ईश्वरप्पा ने चुप्पी तोड़ी है। ईश्वरप्पा ने कहा कि वह कांग्रेस में शामिल नहीं होंगे। चुनाव के बाद फिर से भाजपा में शामिल होऊंगा।



पीएम मोदी की स्पीच पर

#### कांग्रेस ने चुनाव आयोग को दी शिकायत

नई दिल्ली। पीएम मोदी के डूंगरपुर-बांसवाड़ा लोकसभा दौरे के दौरान की गई टिप्पणी पर कांग्रेस ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। पीएम ने कांग्रेस मेनिफेस्टो का जिक्र करते हुए राजस्थान में कहा था कि कांग्रेस अगर सत्ता में आई तो वह देश के लोगों की संपत्ति को 'ज्यादा बच्चों वालों और घुसपैठियों' को बांट देगी। पीएम ने कहा था, पहले जब कांग्रेस सरकार थी तब उन्होंने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला हक मुसलमानों का है।



ज्यादा बच्चों वाले बयान पर

#### अकबरुद्दीन ने उठाया सवाल

हैदराबाद। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन नेता अकबरुद्दीन ओवैसी ने हैदराबाद में सार्वजनिक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ और दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी के परिवार पर सवाल उठा दिया। पीएम मोदी के बयान को लेकर उन्होंने कहा, क्या हम घुसपैठिए और कई बच्चों वाले लोग हैं?



## खबर संक्षेप

### पुलिस जीप पर पलटा ट्राला, 3 जवानों की मौत

जयपुर। रोडी से भरा एक ट्राला अनियंत्रित होकर पुलिस जीप पर पलट गया। इसमें तीन पुलिसकर्मियों की दबकर मौत हो गई। हादसा रामपुरा घाटी के निकट उस समय हुआ, जब हनुमान मंदिर के दर्शन कर लौट रहे पुलिसकर्मियों की जीप पर रोडी से भरा अनियंत्रित ट्राला पलट गया। हादसे में दो पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक घायल पुलिसकर्मी ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।



### कन्नौज में बस की ट्रक से टक्कर, 4 की मौत

कन्नौज। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर तोड़कर बस दूसरी तरफ से जा रहे ट्रक में जा घुसी। 4 की मौत हो गई। हादसे में बस में सवार 40 लोग समेत ट्रक चालक व परिचालक घायल हो गए। गोरखपुर से दिल्ली जाते समय ठठिया के 208 किमी प्वाइंट पर पिपरौली गांव के पास बस हादसे की शिकार हो गई। चालक को नींद आने से बस ट्रक में टकरा गई।



### मुंबई एयरपोर्ट पर पकड़ा 6.46 करोड़ का माल

मुंबई। कस्टम डिपार्टमेंट ने मुंबई हवाई अड्डे पर नूडल्स के पैकेट में छिपाए गए हीरे और अंडरगारमेंट्स में छिपाकर लाया गया सोना जब्त किया है। इसकी कीमत 6.46 करोड़ बताई जा रही है। कस्टम डिपार्टमेंट ने बताया कि सप्ताहांत में 4.44 करोड़ मूल्य का 6.8 किलो से अधिक सोना और 2.02 करोड़ के हीरे जब्त करने के बाद चार यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है।



## रामनवमी हिंसा पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने राज्य सरकार पर की सख्त टिप्पणी

*मुर्शिदाबाद में हिंसा पर ममता सरकार को फटकार*

# 8 घंटे शांति से त्योहार नहीं मना सकते वहां पर मतदान की कोई जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

रामनवमी के दिन मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। कोर्ट ने राज्य सरकार से हलफनामे के रूप में रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। अदालत ने चुनाव आयोग से मौजूदा स्थिति को देखते हुए बहरमपुर निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव स्थगित करने को भी कहा है।

इस मामले की एनआईए जांच की मांग करते हुए याचिका दायर की गई थी। इसको लेकर अगली सुनवाई 26 अप्रैल को होगी। मुर्शिदाबाद जिले के बहरमपुर में रामनवमी की शोभायात्र के दौरान हुए दंगे को लेकर हाई कोर्ट ने मंगलवार को टिप्पणी की कि मैं चुनाव आयोग से बहरमपुर में 13 मई को होने वाला चुनाव देरी करने के लिए कहूंगा। यह टिप्पणी कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम ने रामनवमी पर हुई हिंसा को लेकर की है। उन्होंने टिप्पणी की कि जहां लोग आठ घंटे तक शांति से अपना त्योहार नहीं मना सकते, वहां इस समय मतदान की कोई जरूरत नहीं है।

*उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से हलफनामे के रूप में रिपोर्ट दाखिल करने को कहा*



#### चुनाव आयोग को देगा प्रस्ताव

हालांकि हाईकोर्ट ने किसी भी सीट पर चुनाव स्थगित करने पर कोई आदेश जारी नहीं किया, लेकिन उसने कहा कि वह चुनाव आयोग को प्रस्ताव देगा कि बरहामपुर में चुनाव स्थगित कर दिया जाना चाहिए, जो मुर्शिदाबाद के अंतर्गत आता है। उच्च न्यायालय ने राज्य पुलिस को सांप्रदायिक झड़पों पर एक रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया।

#### चीफ जस्टिस ने अशांति पर जताई चिंता, अब 26 को सुनवाई

चीफ जस्टिस ने मामले में अशांति पर चिंता जताई। इसके बाद उन्होंने अपने अवलोकन में बहरमपुर चुनाव स्थगित करने का मुद्दा उठाया। चीफ जस्टिस ने कहा कि यह जानना जरूरी है कि इस घटना को किसने उकसाया। राज्य और केंद्रीय एजेंसियां चाहें तो हलफनामा दाखिल कर सकती हैं। कोर्ट ने मामले में राज्य से रिपोर्ट मांगी है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, राज्य को अदालत को रिपोर्ट देनी चाहिए कि रामनवमी पर क्या हुआ? इस मामले की अगली सुनवाई 26 अप्रैल को होगी।

#### जुलूस पर फेंके गए थे बम और ईंटें

मुर्शिदाबाद का रेजीनगर इलाके में रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान हिंसा हुई थी। कथित तौर पर जब जुलूस रेजीनगर के शांतिपुर इलाके से गुजर रहा था तो कुछ लोगों ने घर की छत से ईंटें और बम फेंके। इस घटना में कई लोगों के घायल हो गए। रामनवमी की घटना को लेकर पूरे इलाके में तनाव फैल गया था। स्थिति को संभालने के लिए प्रशासन को रैफ उतारना पड़ा था।

#### एनआईए जांच की अनुमति मांगी थी

वादी पक्ष ने मांग की कि एनआईए को घटना की जांच करने की अनुमति दी जानी चाहिए। मंगलवार को चीफ जस्टिस की खंडपीठ में मामले पर सुनवाई हुई। उस सुनवाई में याचिकाकर्ता के वकील ने मुख्य न्यायाधीश के सामने रामनवमी दंगों को लेकर चिंता जताई। न केवल बहरामपुर, बल्कि रामनवमी के दिन राज्य में हुई सभी अशांति की घटनाओं की सूचना वादी की ओर से अदालत को दी गई।

## डीपफेक कंटेंट पर रेलमंत्री वैष्णव बोले

# एआई को लेकर मजबूत ढांचा तैयार, यह जल्द सामने होगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एआई आधारित सामग्री भारत सहित वैश्विक चुनावों के दौरान एक प्रमुख चिंता बन गई है। रेलवे और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एआई पर एक मजबूत ढांचा तैयार किया जा रहा है, जो इससे निपट सके। नई सरकार बनते ही इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए रूपरेखा पर सार्वजनिक विचार-विमर्श शुरू हो जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एआई के दुरुपयोग और इसे कैसे रोका जाए, आईटी उद्योग के साथ सार्थक बातचीत हुई है। हमें इसके दुरुपयोग को भी रोकना होगा। नई तकनीक से जुड़े डीपफेक और उपयोगकर्ता के नुकसान में वृद्धि पर चिंताओं के बीच सरकार ने एआई के लिए एक मसौदा तैयार करने पर काम किया।

#### संभावित जोखिमों और नुकसानों का समाधान करेंगे

इसका उद्देश्य आर्थिक विकास के लिए एआई का उपयोग करना और इससे संभावित जोखिमों और नुकसानों का समाधान करना है। भारत में इंटरनेट प्लेटफ़ॉर्म और सोशल मीडिया बिचौलियों का यह सुनिश्चित करने का कानूनी दायित्व है कि उनके संबंधित प्लेटफ़ॉर्म पर किसी भी गलत सूचना या डीपफेक को जगह न मिले। सरकार नियमित रूप से और आईटी मंत्रालय द्वारा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेगी।

#### डिजिटल प्लेटफॉर्म को पूरी जवाबदेही लेनी होगी

आईटी मंत्रालय की ई-सलाह विशेष रूप से एआई से संबंधित है, जिसमें कहा गया है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म को पूरी जवाबदेही लेनी होगी और यह कहकर बच नहीं सकते कि ये एआई मॉडल अंडर-टेस्टिंग फेस में है। वैष्णव ने कहा कि हमने एक मजबूत ढांचा बनाया है और जल्द ही इसे सार्वजनिक करेंगे। पीएम मोदी ने माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ बातचीत में भी इसका संकेत दिया है।

## दिल्ली जल बोर्ड में घोटाला

# फिर मुश्किल में फंसी 'आप' केस की जांच करेगी एसीबी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सलाहकार अंकित श्रीवास्तव के खिलाफ सतर्कता विभाग (एसीबी) ने एंटी करप्शन ब्यूरो को मामला भेजा है। इसमें कहा गया है कि एसीबी मामले की जांच करें।

सतर्कता विभाग के विशेष सचिव वाईवीवीजे राज शेखर ने एसीबी के संयुक्त आयुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि अंकित श्रीवास्तव मौजूदा समय में भी दिल्ली जल बोर्ड के आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप के सदस्य बने हुए हैं। वह ग्रुप में बोर्ड के अधिकारियों को आदेश व निर्देश दे रहे हैं, जबकि उन्हें सलाहकार के पद से हटा दिया गया है।



#### 9 साल में 28,400 करोड़ का हिसाब नहीं

इससे पहले 9 अप्रैल को प्रदेश भाजपा ने दावा किया था कि दिल्ली सरकार के वित्त विभाग ने सर्वोच्च न्यायालय को जानकारी दी है कि जल बोर्ड के पास बीते नौ साल में 28,400 करोड़ रुपए का कोई हिसाब नहीं है। इसे बड़ा घोटाला करार देते हुए भाजपा ने इस पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। भाजपा विधायकों ने एक मंच से दिल्ली सरकार को घेरा था।

## आईआरसीटीसी के लखनऊ के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक सिन्हा ने बताया शेड्यूल

### ऋषिकेश रेलवे स्टेशन से 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा 22 मई से

# नाश्ता व शाकाहारी भोजन मिलेगा, एसी में करें सफर

एजेंसी ▶▶ ऋषिकेश

उत्तराखंड के योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन से आगामी 22 मई को सात ज्योतिर्लिंग यात्रा ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यह ट्रेन 11 रात और 12 दिन का सफर तय कर दो जून को वापस योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।

आईआरसीटीसी ने इस विशेष ट्रेन में विशेष पैकेज की व्यवस्था की है। आईआरसीटीसी के लखनऊ के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि इस ट्रेन में योग नगरी ऋषिकेश, हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, कानपुर, उरई वीरांगना लक्ष्मीबाई ललितपुर से यात्री बैठकर और उतर सकेंगे।

**यह ट्रेन 11 रात और 12 दिन का सफर तय कर दो जून को वापस आएगी**



#### स्पेशल ट्रेन में कुल 767 बर्थ

यात्रा के दौरान ओंकारेश्वर, महाकालेश्वर, सोमनाथ, भेंट द्वारका, द्वारकाधीश मंदिर, नागेश्वर, त्रयंबकेश्वर, घृष्णेश्वर और भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराए जाएंगे। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 767 बर्थ हैं जिसमें प्रथम श्रेणी के कुल 49 वातानुकूलित सीटें, तृतीय श्रेणी की 70 वातानुकूलित सीटें एवं स्लीपर की कुल 648 सीटें होंगी। पैकेज में यात्रियों को नाश्ता, दोपहर और रात का शाकाहारी भोजन परोसा जाएगा।

#### पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगी बुकिंग

पैकेज के तहत एसी और नॉन एसी बसों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर भ्रमण कराया जाएगा। पैकेज में इकोनॉमी, स्टैंडर्ड, कंफर्ट क्लास की व्यवस्था होगी। इसमें ईएमआई की सुविधा भी है। इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### वीआईएल ने 11 रुपए प्रति इक्विटी शेयर को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** दूरसंचार परिचालक वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) के बोर्ड ने अपने 18,000 करोड़ रुपये के एफपीओ के तहत पेशकश मूल्य 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसके बोर्ड ने एंकर निवेशकों के लिए 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के पेशकश मूल्य को भी मंजूरी दी है।

### इंटरग्लोब और गुरनानी ने एआई उद्यम किया शुरू

**नई दिल्ली।** इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज और प्रौद्योगिकी उद्योग के दिग्गज सी पी गुरनानी ने मिलकर कृत्रिम मेघा उद्यम एआईऑनओएस की शुरुआत की है। इस संयुक्त उद्यम की घोषणा मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में इंटरग्लोब के समूह प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया और एआईऑनओएस के कार्यकारी उपाध्यक्ष गुरनानी ने की।

### जुनिपर ग्रीन एनर्जी व टाटा पावर के बीच समझौता

**नई दिल्ली।** जुनिपर ग्रीन एनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उसने महाराष्ट्र में 85 मेगावाट हाइब्रिड बिजली परियोजना के विकास के लिए टाटा पावर के साथ एक समझौता किया है। जुनिपर ग्रीन एनर्जी ने एक बयान में कहा, 'यह कंपनी के लिए पहली पवन-सौर ऊर्जा परियोजना है। यह 51 मेगावाट पवन ऊर्जा और 34 मेगावाट सौर ऊर्जा को मिलाकर पवन और सौर दोनों, संसाधनों का उपयोग करेगी।'

### एनएसई पर आज से निफ्टी नेक्स्ट 50 पर वायदा विकल्प

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) बुधवार से निफ्टी नेक्स्ट 50 सूचकांक पर वायदा एवं विकल्प सौदे शुरू करने के लिए तैयार है। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिलने के बाद यह कदम उठाया जा रहा है। निफ्टी नेक्स्ट 50 सूचकांक निफ्टी 50 कंपनियों को छोड़कर निफ्टी-100 से 50 कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है।

# ग्लोबल एनसीएपी से बोलेरो नियो, होंडा अमेज को खराब सुरक्षा रेटिंग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

किसी दुर्घटना की स्थिति में वाहनों की सुरक्षा को परखने वाले मंच ग्लोबल एनसीएपी ने महिंद्रा के बोलेरो नियो मॉडल को सिर्फ एक स्टार दिया है जबकि होंडा की कार अमेज को दो स्टार रेटिंग मिली है। ब्रिटेन स्थित ग्लोबल एनसीएपी ने इन दोनों मॉडलों को नवीनतम सुरक्षा मानकों के अनुरूप परखने के बाद रेटिंग दी है। इनके साथ किआ के कारेंस मॉडल ने सुरक्षा रेटिंग में प्रभावी प्रदर्शन किया है। मजबूत गाड़ियां बनाने के लिए मशहूर महिंद्रा एंड महिंद्रा के बोलेरो नियो मॉडल को वयस्क और बच्चों की सुरक्षा के मामले में एक स्टार रेटिंग मिली है। वहीं होंडा अमेज कार को परीक्षणों के दौरान वयस्क श्रेणी में दो स्टार मिले हैं लेकिन बच्चों की श्रेणी में इसे शून्य स्टार दिया गया है।

## महिंद्रा के बोलेरो नियो मॉडल को सिर्फ एक स्टार

### कारेंस की सुरक्षा रेटिंग में सुधार

कारेंस की सुरक्षा रेटिंग में सुधार देखा गया है। पहले इसके शुरुआती मॉडल को वयस्क यात्री सुरक्षा में शून्य रेटिंग मिली थी लेकिन नए परीक्षण में यह तीन स्टार पाने में सफल रही है। इसके पीछे कारेंस में छह एयरबैग की मौजूदगी की अहम भूमिका रही है।




### होंडा कार्स ने जताया खेद

हालांकि होंडा अमेज को नए सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं किए जाने का नतीजा खराब रेटिंग के रूप में निकला है। इस पर होंडा कार्स इंडिया ने खेद जताते हुए कहा कि इलेक्ट्रॉनिक स्थिरता नियंत्रण (ईएसबी) और साइड एयरबैग जैसे उपकरण न होने से इसकी रेटिंग कम हुई है। दूसरी पीढ़ी वाली होंडा अमेज को ग्लोबल एनसीएपी ने वर्ष 2019 में चार स्टार रेटिंग दी थी।

### किआ कारेंस के वयस्क श्रेणी को तीन स्टार

किआ कारेंस ने वयस्क श्रेणी में तीन स्टार रेटिंग पाने में सफलता पाई है जबकि बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से इसने पूरे पांच स्टार हासिल किए हैं। ग्लोबल एनसीएपी की तरफ से किसी वाहन को सर्वाधिक पांच स्टार दिए जाते हैं जबकि सबसे असुरक्षित पाए जाने वाले वाहनों को शून्य स्टार मिलता है।

### महिंद्रा के नए मॉडलों को ऊंची रेटिंग मिल चुकी

इस निराशाजनक रेटिंग पर महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपने ग्राहकों और हितधारकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उसने हाल में उतारे गए सभी मॉडलों में सुरक्षा इंतजामों को बढ़ाया है। घरेलू वाहन विनिर्माता के एक्सयूवी700, एक्सयूवी300 और स्कॉर्पियो-एन जैसे कई मॉडलों को ग्लोबल एनसीएपी से चार और पांच स्टार की ऊंची रेटिंग मिल चुकी है।

## वैश्विक बाजार में खरीदारी रही कमजोर

# सराफा में मुनाफा वसूली से बड़ी गिरावट सोना 1450 और चांदी 2300 रुपए लुढ़की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कमजोर वैश्विक रुख और व्यापारियों की मुनाफावसूली से सोने में लगातार दूसरे दिन भी गिरावट देखी गई। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोना 1,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट के साथ 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी की कीमत में भी 2,300 रुपये प्रति किलो की गिरावट आई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा कि दिल्ली में सोना 1,450 रुपये की गिरावट के साथ 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 73,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह, चांदी की कीमत भी 2,300 रुपये लुढ़ककर 83,500 रुपये प्रति किलोग्राम रही। इसका पिछला बंद भाव 85,800 रुपये प्रति किलोग्राम था।

- व्यापारियों ने लगातार दूसरे दिन की बिकवाली

### हाल की तेजी से धातुओं में मुनाफावसूली

गांधी ने कहा कि कारोबारियों ने भी अपने निवेश को सुरक्षित माने जानी वाली संपत्ति से जोखिम वाली संपत्तियों में स्थानांतरित कर दिया है। इससे हाल की तेजी के बाद कीमती धातुओं में मुनाफावसूली हुई है। चांदी भी गिरावट के साथ 26.80 डॉलर प्रति औंस पर रही। पिछले सत्र में यह 27.95 डॉलर प्रति औंस पर थी।



### पश्चिम एशिया में तनाव होने लगा कम

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर लंबे समय तक ऊंची बनाए रखने के संकेतों के बीच मांग में कमी आने से मंगलवार को सोने की कीमतों में और गिरावट आई।

### कॉमेक्स में हाजिर सोना 2310 डालर प्रति औंस रहा

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजार में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। यह पिछले बंद भाव से 1,450 रुपये कम है।' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,310 डॉलर प्रति औंस पर रहा जो पिछले बंद भाव से 55 डॉलर नीचे है।

### कॉमेक्स गोल्ड में तेज नरमी रही

एलकेपी सिक्योरिटीज में कमोडिटी और करेंसी के उपाध्यक्ष (शोध विश्लेषक) जतीन त्रिवेदी ने कहा कि सोने की कीमतों में गिरावट का रुख जारी है और इस गिरावट का कारण दो दिनों के भीतर कॉमेक्स गोल्ड में तेज नरमी है।

### सोने की कीमतों को 70 हजार तक मिल रहा समर्थन

त्रिवेदी ने कहा, "आने वाले दिनों में एमसीएक्स में सोने की कीमतों को 70,000 रुपये के करीब समर्थन मिल सकता है। हालांकि, अगर कीमतें इस स्तर से नीचे गिरती हैं, तो 68,500 रुपये तक एक और बिकवाली हो सकती है। इसका कारण पश्चिम एशिया में जोखिम धारणा का हल्का पड़ना है।"

### एमसीएक्स में सोना वायदा कारोबार 754 रुपए टूटा

इस बीच, एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोना 754 रुपये टूटकर 70,443 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। सबसे अधिक कारोबार वाला जून अनुबंध दिन के कारोबार के निचले स्तर 70,202 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इसके अलावा, मई डिलिवरी वाला चांदी अनुबंध भी 728 रुपये या 0.9 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,851 रुपये प्रति किलोग्राम पर रहा।

## मुनाफावसूली के बावजूद बाजार में तेजी कायम, सेंसेक्स 90 अंक चढ़ा

भाषा ⏭ मुंबई



वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच मंगलवार को घरेलू स्तर पर दूरसंचार, प्रौद्योगिकी एवं टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों में तेजी के दम पर लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढत दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के बीच बढ़ती तेल कीमतों और विदेशी कोषों की निकासी होने से निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली होने के बाद 89.83 अंक यानी 0.12 प्रतिशत बढ़कर 73,738.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 411.27 अंक उछलकर 74,059.89 पर पहुंच गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी अपने शुरुआती लाभ को काफी हद तक गंवाने के बाद 31.60 अंक यानी 0.14 प्रतिशत बढ़कर 22,368 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 111.15 अंक चढ़कर 22,447.55 पर पहुंच गया था। बीएसई स्मालकैप सूचकांक 1.05 प्रतिशत उछल गया जबकि मिडकैप सूचकांक में 0.52 प्रतिशत की तेजी देखी गई। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए जबकि दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और चीन के शंघाई कंपोजिट में गिरावट का रुख रहा। यूरोप के बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को सकारात्मक दायरे में रहे थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.41 प्रतिशत चढ़कर 87.36 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

### रुपया तीन पैसे की तेजी के साथ 83.33 प्रति डॉलर पर

मुंबई (भाषा)। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले तीन पैसे की तेजी के साथ 83.33 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में तेजी के रुख और अमेरिकी मुद्रा के कमजोर होने के बीच रुपये में मजबूती आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 83.33 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे मजबूत है। रुपया सोमवार को डॉलर के मुकाबले आठ पैसे की तेजी के साथ 83.36 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**



मधु

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में प्रदर्शित) **नामः** मधु **पुत्री** : हरीश चंद, **निवासी** : बी–7/224, जे.जे. कॉलोनी, भलस्वा डेयरी, दिल्ली जो दिनांक 07.09.2015 से थाना भलस्वा डेयरी, दिल्ली के अधिकार क्षेत्र से लापता/ अपहरण कर लिया गया है। इस संदर्भ में प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 588/2015 धारा 363 भा.द.स. दिनांक 07.09.2015 थाना भलस्वा डेयरी, दिल्ली में दर्ज है। जिसका शारीरिक विवरण इस प्रकार है:–
**उम्रः** 15 वर्ष, **कदः** 4',6" **रंगः** गेहुंआ, **चेहराः** गोल, **शरीरः** मध्यम, **कपड़ेः** काले रंग का कुर्ता, काले रंग की लैगी, काले रंग की चुन्नी और पैरों में नीले रंग की प्लास्टिक की चप्पल पहने हुए है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।
ई– मेल आईडी–cic@cbi.gov.in वेबसाइटः http://cbi.nic.in

Fax No. 011-24368639
Phone: 011-24368638, 24368641
DP/4519/ON/2024

थानाध्यक्ष
थाना भलस्वा डेयरी, दिल्ली
बाहरी उत्तरी जिला, दिल्ली
दूरभाष 011-27811932, 9315898674, 7065036328

### फिनटेक, स्वच्छ ऊर्जा तकनीक में साझेदारी से बढ़ेगी भारत, यूएई वृद्धि गाथाः अहमद अलजनेबी

**नई दिल्ली (भाषा)।** विमानन, फिनटेक, शिक्षा-प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य-प्रौद्योगिकी और स्वच्छ ऊर्जा तकनीक जैसे क्षेत्रों में साझेदारी से आने वाले वर्षों में भारत और यूएई की वृद्धि गाथा आगे बढ़ेगी। व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) परिषद के निदेशक अहमद अलजनेबी ने मंगलवार को यह बात कही। यूएई-भारत सीईपीए परिषद (यूआईसीसी) की शुरुआत जनवरी में वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। दोनों देशों ने मई 2022 में सीईपीए को लागू किया। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच हवाई परिवहन और एयर कार्गो संपर्क को बेहतर बनाने की बहुत बड़ी संभावना है। अलजनेबी ने कहा, "फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी), शिक्षा-प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य-प्रौद्योगिकी और स्वच्छ ऊर्जा तकनीक में साझेदारी निश्चित रूप से यूएई और भारत की साझा वृद्धि गाथा के अगले अध्याय को आगे बढ़ाएगी।" उन्होंने कहा कि दोनों देशों की डिजिटल अर्थव्यवस्थाएं भी सीईपीए से काफी लाभ उठा रही हैं। अलजनेबी ने कहा कि भारतीय कंपनियां पूरे क्षेत्र में डिजिटल समाधान पेश करने के लिए यूएई के 5जी बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक नेटवर्क का लाभ उठा रही हैं। चीन और अमेरिका के बाद यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है।

### भारत ने सिंगापुर, हांगकांग से मसाला उत्पादों पर रोक के मामले में जानकारी मांगी


**नई दिल्ली (भाषा)।** दुनिया में मसालों के सबसे बड़े उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक भारत ने सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से दो भारतीय कंपनियों के मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने से संबंधित ब्योरा मांगा है। सिंगापुर और हांगकांग ने हाल ही में गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के कारण एमडीएच और एवरेस्ट कंपनियों के कुछ मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय ने इन दोनों देशों में मौजूद भारतीय दूतावासों को इस मामले पर एक विस्तृत रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया है। मंत्रालय ने प्रतिबंध के लपेटे में आने वाली दोनों कंपनियों- एमडीएच और एवरेस्ट से भी विवरण मांगा है। उनके उत्पादों में कथित तौर पर मान्य सीमा से अधिक कीटनाशक 'एथिलीन ऑक्साइड' होने के कारण प्रतिबंध लगाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, /"कंपनियों से विवरण मांगा गया है। भारतीय मसाला उत्पादों को नकारे जाने के मूल कारण का निदान किया जाएगा और संबंधित निर्यातकों के साथ मिलकर उसका समाधान किया जाएगा।/" अधिकारी ने कहा कि सिंगापुर और हांगकांग स्थित दूतावासों से इस संबंध में तकनीकी विवरण, विश्लेषणात्मक रिपोर्ट और निर्यातकों के बारे में ब्योरा मांगा गया है।

## रिलायंस को केजी-डी6 ब्लॉक में निवेश की मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड को बंगाल की खाड़ी में स्थित अपने केजी-डी6 ब्लॉक में गैस भंडार उत्पादन बढ़ाने के मकसद से अतिरिक्त निवेश करने के लिए सरकार की मंजूरी मिल गई है। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रिलायंस और उसकी साझेदार बीपी पीएलसी केजी-डी6 ब्लॉक से फिलहाल तीन करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन गैस का उत्पादन करती है जो भारत के कुल गैस उत्पादन का लगभग 30 प्रतिशत है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चौथी तिमाही के नतीजों पर निवेशकों के साथ चर्चा के दौरान कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अन्वेषण एवं उत्पादन) संजय रॉय ने कहा कि गैस ब्लॉक से वृद्धिशील उत्पादन के लिए विकास योजना को सरकार ने मंजूरी दे दी है। हालांकि रॉय ने इस योजना के लिए स्वीकृत निवेश का विवरण नहीं दिया।


## राशिफल


**मेष** परिवार में धार्मिक कार्यों में मन लगेगा। भवन के रख–रखाव एवं साज–सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे।


**वृष** आत्मविश्वास बहुत रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखने का प्रयास करें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें।


**मिथुन** वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में कोई अतिरिक्त कार्यभार मिल सकता है। कारोबार पर ध्यान दें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा।


**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।


**सिंह** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। भवन सुख में वृद्धि होगी। यात्रा लाभप्रद रहेगी।


**कन्या** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदादी मिल सकती है। परिश्रम बहुत रहेगा।


**तुला** कार्यक्षेत्र में भी बदलाव हो सकता है। खर्च बढ़ेंगें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं।


**वृश्चिक** क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। वाणी के प्रभाव से कारोबार में लाभ बढ़ सकता है।


**धनु** लाभ के अवसर मिलेंगे। धैर्यशीलता भी बनाए रखें। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। संचित धन में कमी आएगी।


**मकर** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में निवेश कर सकते हैं। पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है।


**कुंभ** खर्चों में वृद्धि होगी। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। पठन–पाठन में मन लगेगा। उच्च शिक्षा के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।


**मीन** वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। कारोबार के लिए विदेश यात्रा पर भी जा सकते हैं। यात्रा से धन लाभ हो सकता है।

## पार्किंसंस के बारे जागरूकता के लिए वाकाथॉन का आयोजन

- आर्टेमिस लाइट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने 'वॉक फॉर पार्किंसंस' के रूप में की विशेष पहल
- पार्किंसंस डिजीज को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए कई गतिविधियों और संवाद सत्रों का भी आयोजन

**गुरुग्राम।** आर्टेमिस लाइट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, गुरुग्राम ने पार्किंसंस डिजीज के प्रति जागरूकता के लिए रविवार को वाकाथॉन का आयोजन किया। इसका उद्देश्य लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना और इस बीमारी से जूझ रहे लोगों के संघर्ष को सभी के सामने लाना है। इस आयोजन के दौरान 1992 की एशियन मैराथॉन चैंपियन एवं कोच डॉ. सुनीता गोदारा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं। वाकाथॉन विजेताओं को पदक एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इसके बाद जुंबा सेशन, लॉफ्टर योग थेरेपी और संवाद सत्र समेत कई अन्य आयोजन भी किए गए। संवाद सत्र के दौरान डॉ. सुमित सिंह (चीफ न्यूरोलॉजी, पार्किंसंस स्पेशलिस्ट एवं को-चीफ स्ट्रोक यूनिट), डॉ. आदित्य गुप्ता (चीफ न्यूरो सर्जरी एवं सीएनएस रेडियो सर्जरी एवं को-चीफ साइबर नाइफ सेंटर), डॉ. मनीश महाजन (सीनियर कंसल्टेंट न्यूरो लॉजी एवं हेड ऑफ न्यूरो इम्यूनोलॉजी) और सत्वम हेल्थ की डॉ. अनीता सिंह ने लोगों के प्रश्नों के जवाब दिए। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने लोगों को बीमारी, इसके लक्षण, इलाज और सर्जरी के उपलब्ध विकल्पों के बारे में बताया।

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार–पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## रेलगाड़ियों/रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छ और पौष्टिक "इकोनॉमी खाना" की उपलब्धता


**नई दिल्ली।** भारतीय रेल समाज के सभी वर्गों के लिए यातायात का एक बहुत बड़ा माध्यम है। रेलवे समस्तजनों की आकांक्षाओं को पूरा करने का भरसक प्रयास करती है। इस सम्बन्ध में रेलयात्रियों को कम मूल्य पर पौष्टिक और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती है। रेलगाड़ियों के सामान्य डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों को सस्ता खाना, स्नैक्स / कॉम्बो मील और किफायती दर पर पैकेट बंद पेयजल की सेवा प्रदान करने के लिए प्लेटफॉर्म पर सामान्य श्रेणी के डिब्बों के लगने के निकट सस्ता खाना, स्नैक्स / कॉम्बो मील का प्रावधान किया गया है। 20 रुपए के मूल्य पर उपलब्ध कराये जाने वाले "इकोनॉमीखाना" के अन्तर्गत सात पूरियां (175 ग्राम), आलू की सूखी सब्जी (150 ग्राम) और अचार होता है। 50 रुपए मूल्य पर उपलब्ध कराये जाने वाले 350 ग्राम के स्नैक्स मील के अंतर्गत दक्षिण भारतीय चावल अथवा राजमा / छोले-चावल अथवा खिचड़ी अथवा कुलचे / भटूरे-छोले अथवा पावभाजी अथवा मसाला डोसा होता है। एक गिलास पीने का पानी (200 एमएल), 03 रुपए में प्रदान किया जा रहा है। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री शोभन चौधुरी ने बताया कि रेलयात्रियों को स्वच्छ रूप से तैयार किया गया पौष्टिक "इकोनॉमीखाना" उपलब्ध कराया जा रहा है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
(धारा 82 Cr. P.C देखिए)
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त व्यक्ति **बबलू गिरी** पुत्र राम रक्षा निवासी बी–48, पॉकेट–2, जे.जे. कॉलोनी, सेक्टर–16ए, द्वारका, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 244/2021 धारा 411 भा.द.स.** थाना द्वारका नॉर्थ, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **बबलू गिरी** मिल नहीं रहा है और समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **बबलू गिरी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा करते हुए अभियुक्त **बबलू गिरी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 24.05.2024** को या उसके पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री नीतिका कपुर,
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट–06,
कमरा नं. 514, पांचवा तल,
द्वारका जिला कोर्ट, नई दिल्ली

DP/4624/DW/2024
(Court Notice)

## शब्द पहेली - 5491



**बाएँ से दाएँ**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम, संदेह-2

### शब्द पहेली -5490 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ज | ■ | आ | ग | ■ | सा | थ | ■ | सु | रा |
| ल | ■ | ता | ना | ■ | आ | स | ■ | ख | ब | र |
| ■ | ली | ला | ■ | सा | या | ■ | क | ल | ह | ■ |
| म | न | ■ | रा | त | ■ | र | म | ल | ■ | वि |
| स्ती | ■ | फि | जा | ■ | अ | ग | ला | ■ | सा | दा |
| ■ | शू | र | ■ | की | च | ड़ | ■ | ता | र | ■ |
| कु | ल | ■ | अ | म | ल | ■ | ख | त | ■ | मी |
| ली | ■ | ग | ल | त | ■ | प | ता | ■ | जा | न |
| ■ | दो | ज | ख | ■ | क | ल | ■ | ता | ल | ■ |
| घा | य | ल | ■ | दा | म | ■ | उ | प्र | ■ | मो |
| त | म | ■ | प | ग | ■ | कृ | ष्ण | ■ | क | र |

## सूडोकु नवताल - 5502

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

© MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5501 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 |
| बेंगलोर | 8 | 1 | 7 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
379 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

## खबर संक्षेप



### मुंबई सिटी एफसी व एफसी गोवा के बीच सेमीफाइनल आज

**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग ने कहा कि चार मई को होने वाला 2023-24 सत्र का फाइनल खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाली दोनों टीम में से उस टीम के घरेलू मैदान पर खेला जाएगा जो लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम थी। आज 24 अप्रैल को मुंबई सिटी एफसी की टीम गोवा में एफसी गोवा के खिलाफ अपने सेमीफाइनल मैच का पहला चरण खेलेगी। मोहन बागान ने 15 अप्रैल को मुंबई सिटी एफसी को रोमांचक मुकाबले में हराकर लीग शील्ड जीती जबकि एफसी गोवा की टीम तीसरे स्थान पर रही। अब कोलकाता, मुंबई और गोवा आईएसएल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी की दौड़ में हैं। स्थान की पुष्टि होने के बाद मैच के टिकटों की बिक्री शुरू की जाएगी।

### सेविला के खिलाफ हार के बाद मालोर्का की मुश्किलें बढ़ी



**सेविले (स्पेन)।** सेविला के खिलाफ स्पेनिश लीग में सोमवार को 1-2 की हार के बाद मालोर्का की मुश्किलें बढ़ गई हैं और टीम पर निचली लीग में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। लीग तालिका की निचली तीन टीम रेलीगेशन का सामना करेंगी और मालोर्का अभी सेल्टा विगो के साथ संयुक्त रूप से निचली चौथी टीम है। दोनों टीमों के नीचे से तीसरे स्थान पर चल रहे केडिज से छह अंक अधिक हैं जबकि चार दौर खेले जाने बाकी हैं। मालोर्का को रविवार को केडिज का सामना करना है। इस जीत से सेविला की टीम 37 अंक के साथ 12वें स्थान पर पहुंच गई है और उसका एक और साल शीर्ष लीग ला लीगा में खेलना लगभग तय हो गया है। मालोर्का की टीम सेविला के खिलाफ पहले हाफ में हावी रही लेकिन मेजबान टीम ने दूसरे हाफ में यूसेफ एन नेसरी के हेडर से दागे गोल से बढ़त बनाई और 15 मिनट बाद इसाक रोमेरो ने स्कोर 2-0 कर दिया। स्थानापन्न खिलाड़ी एब्डोन प्रेट्स ने मालोर्का के लिए इंजरी टाइम में गोल किया लेकिन यह नाकाफी था।

### जायसवाल ने परिपक्वता से बल्लेबाजी की: लारा

**नई दिल्ली।** यशस्वी जायसवाल की परिपक्वता से प्रभावित वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर ब्रायन लारा ने कहा कि मुंबई इंडियंस के खिलाफ इस युवा खिलाड़ी की पारी प्रभावशाली थी क्योंकि उन्होंने शॉट खेलने के लिए समय भी लिया और उच्च स्ट्राइक रेट बनाए रखकर अच्छा संतुलन बनाया।



जायसवाल ने फॉर्म में वापसी करते हुए मौजूदा आईपीएल का अपना पहला शतक जड़ा जिससे राजस्थान रॉयल्स ने सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को नौ विकेट से हरा दिया। लारा ने कहा, ''जब आप गेंदबाजों पर हावी हो जाते हैं, यशस्वी के बारे में मुझे यही पसंद है। यह अच्छा समायोजन था, शानदार क्रिकेट शॉट, उन्होंने पूरी पारी का अच्छी तरह प्रबंधन किया।

# आईपीएल : एक पारी के दौरान पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

एजेंसी ▸▸ मुंबई

सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2024 के 35वें मुकाबले में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की थी और 32 गेंद में 89 रन बनाए थे। वह एसआरएच के लिए संयुक्त रूप से सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। हेड के 84 रन पॉवरप्ले में आए थे। आईपीएल में पावरप्ले के दौरान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी ये हैं।

■ ट्रेविस हेड ने दिल्ली के खिलाफ खेली थी धमाकेदार पारी



### सुरेश रैना (87 बनाम पंजाब, 2014)



चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व खिलाड़ी सुरेश रैना ने आईपीएल 2014 के दौरान किंग्स इलेवन पंजाब अब पंजाब किंग्स के खिलाफ क्वालीफायर-2 में 25 गेंद में 87 रन की पारी खेली थी। हालांकि, 227 रन का लक्ष्य पीछा करते हुए सीएसके वह मुकाबला 24 रन से हार गई थी। रैना के 87 रन पावरप्ले के दौरान आए थे। उनकी स्ट्राइक रेट 348 की रही थी। यह आईपीएल इतिहास में पावरप्ले के दौरान बनाया गया सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है।

### हेड (84 बनाम डीसी, आईपीएल 2024)

ट्रेविस हेड ने डीसी के खिलाफ 32 गेंद में 89 रन बनाए। उनके बल्ले से 11 चौके और 6 छक्के निकले। उन्होंने अपने सलामी जोड़ीदार अभिषेक शर्मा के साथ पावरप्ले में बिना विकेट खोए 125 रन बना दिए थे। यह एसआरएच के लिए पावरप्ले में बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर भी है। पहले 6 ओवर में हेड ने 26 गेंद में 84 रन बनाए। यह आईपीएल में पावरप्ले के दौरान बनाया गया दूसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है।

### एडम गिलक्रिस्ट (74 बनाम डीसी, आईपीएल 2009)



डेक्कन चार्जर्स हैदराबाद के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट हेड और रैना के अलावा एकमात्र ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने आईपीएल में पावरप्ले के दौरान 70 से ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने दिल्ली की टीम के खिलाफ 2009 में 6 ओवर में 25 गेंद का सामना किया था और 74 रन जड़ दिए थे। मैच में उन्होंने 35 गेंद में 85 रन की पारी खेली थी। टीम ने 154 रन का लक्ष्य 17.4 ओवर में पूरा कर लिया था।

### ईशान किशन (63 बनाम एसआरएच, आईपीएल 2021)



मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज ईशान किशन पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों मे चौथे स्थान पर हैं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने एसआरएच के खिलाफ मुकाबले में 32 गेंद में 84 रन बनाए थे। पहले 6 ओवर में उनके बल्ले से 63 रन निकले थे। उन्होंने सिर्फ 22 गेंद का सामना करते हुए ये रन बनाए थे। इस खिलाड़ी ने 2 छक्के और 10 चौके लगाए थे।

## गायकवाड के शतक पर भारी पड़ी मार्कस की पारी, लखनऊ छह विकेट से जीता

# स्टोइनिस की शतकीय पारी से एलएसजी ने सीएसके को हराया

63 बॉल पर नाबाद 124 रन बनाए

भाषा चेन्नई



मार्कस स्टोइनिस की 63 गेंद में नाबाद 124 रन की पारी के दम पर लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में मंगलवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को तीन गेंद शेष रहते छह विकेट से हराया। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के नाबाद शतक और शिवम दुबे के साथ चौथे विकेट के लिए 46 गेंद में 104 रन की शानदार साझेदारी से चेन्नई ने चार विकेट पर 210 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था लेकिन एलएसजी ने 19.3 ओवर में चार विकेट पर 213 रन बना कर यादगार जीत दर्ज की। सीएसके के लिए गायकवाड़ ने 60 गेंद की नाबाद पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाये दुबे ने 27 गेंद की ताबड़तोड़ पारी में सात छक्के और तीन चौके लगाये। दोनों की शानदार साझेदारी से टीम पावर प्ले में धीमी बल्लेबाजी (दो विकेट पर 49) से उबरने में सफल रही। मैन ऑफ द मैच स्टोइनिस ने 63 गेंद की नाबाद पारी में 13 चौके और छह छक्के लगाकर लक्ष्य का पीछा करते हुए आईपीएल का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाया। इसके साथ ही चेन्नई के मैदान में सफलतापूर्वक लक्ष्य का पीछा करते हुए एलएसजी ने सबसे बडा स्कोर बनाया। स्टोइनिस को आखिरी ओवरों में निकोल्स पूरन (15 गेंद में 35 रन) और दीपक हुड्डा (छह गेंद में नाबाद 17 रन) का अच्छा साथ मिला जिससे एलएसजी ने अपनी पारी के आखिरी 5.3 ओवर में 87 रन जुटाये। लक्ष्य का बचाव करते हुए दीपक चाहर(11 रन पर एक विकेट) ने पहले ओवर में क्विंटन डिकॉक को खाता खोले बिना बोल्ड किया। लोकेश राहुल ने तुषार देशपांडे के खिलाफ छक्का जड़ा लेकिन मुस्ताफिजूर रहमान (51 रन पर एक विकेट) ने उनकी 16 रन की पारी पर विराम लगाया।

**चेन्नई-210/4 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अजिंक्या का राहुल बो हेनरी | 01 |
| ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद | 108 |
| मिचेल का हुड्डा बो यश ठाकुर | 11 |
| जडेजा का राहुल बो मोहसिन | 17 |
| शिवम दुबे रन आउट | 66 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 04 |

अतिरिक्त: 03
कुल योग: (20 ओवर में चार विकेट पर) 210 रन
विकेट पतन: 1-4, 2-49, 3-101, 4-205
गेंदबाजी: हेनरी 4-0-28-1, मोहसिन 4-0-50-1, बिश्नोई 2-0-19-0, यश ठाकुर 4-0-47-1, स्टोइनिस 4-0-49-0, कृणाल 2-0-15-0

**लखनऊ-213/4 (19.3)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| क्विंटन डिकॉक बो चाहर | 00 |
| राहुल का गायकवाड़ बो रहमान | 06 |
| मार्कस स्टोइनिस नाबाद | 124 |
| पडिक्कल बो पथिराना | 13 |
| पूरन का शारदुल बो पथिराना | 34 |
| दीपक हुड्डा नाबाद | 17 |

अतिरिक्त: 09
कुल योग: (19.3 ओवर में चार विकेट पर) 213 रन
विकेट पतन: 1-0, 2-33, 3-88, 4-158
गेंदबाजी: चाहर 2-0-11-1, देशपांडे 3-0-34-0, रहमान 3.3-0-51-1, शारदुल 3-0-42-0, मोईन 2-0-21-0, जडेजा 2-0-16-0, पथिराना 4-0-35-2

### दिल्ली और टाइटंस के बीच आज भिड़ंत

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 40वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स का सामना गुजरात टाइटंस से आज 24 अप्रैल को अरुण जेटली स्टेडियम में होगा। जीटी ने इस सीजन में 8 में से 4 मैच जीते हैं और फिलहाल अंक तालिका में छठे पायदान पर हैं। इसी तरह 8वें स्थान पर मौजूद डीसी ने 8 में से 3 मैचों में जीत दर्ज की हुई है। इस बीच दोनों टीमों के एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं। आईपीएल में दोनों टीमें 4 मैचों में आपस में भिड़ी हैं, जिसमें से 2 मैच जीटी ने जीते हैं और 2 मुकाबलों में डीसी को भी सफलता मिली है। इस सीजन दोनों टीमों के बीच यह दूसरी भिड़ंत है। पहले मुकाबले में डीसी को 6 विकेट से जीत मिली थी। जीटी उस मुकाबले में सिर्फ 89 रन पर ऑलआउट हुई थी। आईपीएल 2023 में दोनों टीमें 2 मैचों में आमने-सामने थी, जिसमें से 1-1 मैच दोनों टीमों ने जीते थे।

### बोल्ट आईपीएल में पहले ओवर में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज बने

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 38वें मैच में राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने मुंबई इंडियंस के पहले ओवर में विकेट चटकाते हुए बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। उन्होंने पहले ओवर की 5वीं गेंद पर रोहित शर्मा (6) को पवेलियन की राह दिखाई। इसके साथ ही वह आईपीएल इतिहास में पहले ओवर में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

खास खबर

## भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी बनी श्रीजा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की मिश्रित युगल चैंपियन श्रीजा अकुला मंगलवार को नवीनतम आईटीटीएफ रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंची और मनिका बत्रा को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गईं।
नवीनतम रैंकिंग में श्रीजा को एक स्थान का फायदा हुआ जबकि पिछले कुछ समय से भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका दो स्थान के नुकसान से 39वें पायदान पर खिसक गईं। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ 16 मई तक उस समय की विश्व रैंकिंग के आधार पर पुरुष और महिला एकल में दो एकल खिलाड़ियों की प्रविष्टियों पर फैसला करेगा।

### स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को लॉरेस पुरस्कार

**मैड्रिड।** पिछले साल पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप जीतने वाली स्पेन की टीम को सोमवार को लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में दो और पुरस्कार मिले। स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को 2023 के लिए दुनिया की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया जबकि मिडफील्डर एताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। समारोह का आकर्षण नोवाक जोकोविच रहे जिन्हें साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। अमेरिका की जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया।



## कैपिटल्स को झटका, मिचेल मार्श शेष मैचों में नहीं होंगे टीम का हिस्सा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में खराब प्रदर्शन कर रही दिल्ली कैपिटल्स को एक बड़ा झटका लगा है। अब टीम के बचे हुए मैच से स्टार ऑलराउंडर मिचेल मार्श बाहर हो गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें घर पर रहने की सलाह दी है। टी-20 विश्व कप से पहले उन्हें दाहिनी हैमस्ट्रिंग में लगी आंशिक चोट को ठीक करने के लिए भी कहा गया है। वह अभी ऑस्ट्रेलिया में हैं।



**कोच रिकी पोटिंग ने क्या कहा :** डीसी के कोच रिकी पोंटिंग ने मार्श को लेकर कहा, मुझे नहीं लगता कि वह वापस आएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया उसकी रिकवरी प्रक्रिया शुरू करने के लिए उसे घर पर रखना चाहता है। उन्होंने आगे कहा, मैंने उससे पिछले दिनों बात की थी और ऐसा लगता है कि उसे इस चोट से उबरने में जितना मैंने सोचा था उससे थोड़ा ज्यादा समय लग जाएगा। वह टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की टीम का हिस्सा होगा।

**इस सीजन में ऐसा रहा मार्श का प्रदर्शन :** मार्श इस सीजन में कुछ कमाल नहीं कर सके थे। उन्होंने आईपीएल 2024 में 4 मैच खेले, जिसमें 160.53 की स्ट्राइक रेट के साथ 61 रन बनाए थे। उन्हें डेविड वार्नर के जोड़ीदार के रूप में डीसी के सलामी बल्लेबाज के तौर पर भी आजमाया गया था, जिसमें वह असफल रहे थे।

### आरआर के संदीप शर्मा ने आईपीएल में पहली बार चटकाए 5 विकेट

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 38वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में पहली बार यह कारनामा किया है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/20 का रहा था। यह खिलाड़ी चोटिल होने के कारण पिछले कुछ मुकाबलों से बाहर था। संदीप ने दोबारा मिले मौके का फायदा हुआ और मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजों को टिकने का कोई मौका नहीं दिया। संदीप ने मैच में 4 ओवर गेंदबाजी की और सिर्फ 18 रन खर्च करते हुए 5 विकेट झटके। उनकी इकॉनमी रेट सिर्फ 4.50 की रही। उन्होंने ईशान किशन (0), सूर्यकुमार यादव (10), तिलक वर्मा (65), टिम डेविड (3) और गेराल्ड कोएत्जी (0) को अपना शिकार बनाया। उनकी शानदार गेंदबाजी के ही कारण आखिरी ओवर में एमआई की टीम 200 रन का स्कोर भी खड़ा नहीं कर पाई। आईपीएल के इतिहास में एमआई के खिलाफ सिर्फ 4 गेंदबाजों ने 5 विकेट हॉल अपने नाम किया है। संदीप से पहले यह कारनामा मोहित शर्मा (5/10), आंद्रे रसेल (5/15) और हर्षल पटेल (5/27) कर चुके हैं।

## आशी, स्वप्निल ने थ्रीपी ट्रायल में शीर्ष स्थान किया हासिल, दोहा में ट्रैप निशानेबाज लड़खड़ाए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आशी चौकसी और स्वप्निल कुसाले मंगलवार को यहां राइफल/पिस्टल के लिए ओलंपिक चयन ट्रायल के क्वालिफिकेशन में क्रमशः महिलाओं और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहले स्थान पर रहे। आशी ने महिलाओं की थ्रीपी ओएसटी में विश्व स्तरीय 590 का स्कोर बनाया और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्ट कौर समरा (583) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। तोक्यो ओलंपियन अंजुम मोदगिल 581 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि पेरिस कोटा धारक श्रीयंका सदंगी 575 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहीं।





### स्वप्निल ने दूसरों को छोड़ा पीछे

पुरुषों के थ्रीपी वर्ग में कड़ा मुकाबला देखने को मिला जहां स्वप्निल ने पहले 'नीलिंग और प्रोन पोजीशन' में 199 के दो शानदार स्कोर के साथ दूसरों को पीछे छोड़ा। उन्होंने कुल 592 अंक बनाये। सेना के अनुभवी चैन सिंह 591 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अखिल श्योराण प्रोन में 200 अंक के बावजूद 589 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

### भारत के ट्रैप निशानेबाज दौड़ से बाहर

इस बीच दोहा में खेली जा रही ओलंपिक क्वालीफाइंग चैंपियनशिप से भारत के ट्रैप निशानेबाज मंगलवार को दौड़ से बाहर हो गए। पुरुषों के ट्रैप में पृथ्वीराज टोंडिमान 119 अंक के साथ 23वें स्थान पर रहे। विवान कपूर 56वें (116 अंक) और जोरावर सिंह संधू निराशाजनक 82वें (114 अंक) स्थान पर रहे। महिलाओं की ट्रैप प्रतियोगिता में मनीषा कीर 111 अंकों के साथ 37वें स्थान पर सर्वश्रेष्ठ भारतीय थीं, जबकि नीरू 55वें (107 अंक) और श्रेयसी सिंह 56वें (106 अंक) पायदान पर रही।

## गैरी कास्परोव ने की किशोर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश की सराहना

# टोरंटो में भारतीय भूचाल, गुकेश की जीत विश्व शतरंज में बड़ा बदलाव

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रूस के महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्परोव ने विश्व चैंपियनशिप के लिए चुनौती पेश करने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बनने के लिए भारत के किशोर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश की सराहना करते हुए कहा कि 'टोरंटो में भारतीय भूचाल' आया और यह जीत विश्व शतरंज में बड़े बदलाव का संकेत है।

सत्रह साल के गुकेश ने 40 साल पहले कास्परोव के बनाए रिकॉर्ड को तोड़ा। रूसी का यह खिलाड़ी जब 22 वर्ष का था तब उन्होंने 1984 में विश्व खिताब के लिए हमवतन अनातोली कारपोव से भिड़ने के लिए क्वालीफाई किया था और वह उस समय के सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे।

### कास्परोव ने लिखा- टोरंटो में भारतीय भूचाल

कास्परोव ने अतीत में रूस के दबदबे का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए 'एक्स' पर लिखा, ''बधाई हो! टोरंटो में भारतीय भूचाल शतरंज की दुनिया में बदलाव का संकेत है क्योंकि 17 वर्षीय डी गुकेश सर्वोच्च खिताब के लिए चीन के चैंपियन डिंग लिरेन का सामना करेंगे।

### गुकेश ने 14 में से 9 अंक जुटाए

गुकेश ने विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला करने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के 14वें और अंतिम दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा के साथ आसान ड्रॉ खेला और टूर्नामेंट में संभावित 14 में से नौ अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया।



### कास्परोव ने की थी शतरंज संघ की स्थापना

कास्परोव शतरंज फाउंडेशन ने इस लहर को बढ़ते देखा है और गुकेश की सफलता इसे और ऊपर उठाएगी।'' अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के साथ विवाद के बाद कास्परोव ने एक प्रतिद्वंद्वी संगठन पेशेवर शतरंज संघ की स्थापना की थी। वह 1984 से 2005 में नियमित प्रतिस्पर्धी शतरंज से संन्यास लेने तक कुल मिलाकर रिकॉर्ड 255 महीनों के लिए विश्व में नंबर एक खिलाड़ी रहे।

### भारत में शतरंज संस्कृति का जन्म : आनंद



पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने भारत में शतरंज संस्कृति को जन्म दिया और देश इस ग्रैंडमास्टर की सफलता का लाभ उठा रहा है जिसमें हजारों युवा शतरंज को अपना रहे हैं। कास्परोव ने भारतीय शतरंज में आनंद के योगदान को स्वीकार करते हुए कहा, ''विशी आनंद के 'बच्चे' छाए हुए हैं।'' कास्परोव यहां गुकेश की सफलता के बाद ग्रैंड चेस टूर के बधाई ट्वीट का जवाब दे रहे थे।

## आईपीएल 2024: हार्दिक ने मुंबई इंडियंस के लिए खेले 100 मुकाबले

एजेंसी ▸▸ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का 38वां मुकाबला मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला गया। हालांकि इस मुकाबले में एमआई हार गई।

इस मुकाबले में एमआई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। वह एमआई के लिए 100 मुकाबले खेलने वाले 7वें खिलाड़ी बने हैं। हालांकि, उनके लिए यह मैच कुछ खास नहीं रहा। 100वें मैच में इस खिलाड़ी ने 10 रन बनाए और गेंदबाजी में 2 ओवर में 21 रन खर्च कर दिए।



### ये खिलाड़ी हैं सबसे ज्यादा मुकाबले खेलने वाले

मुंबई इंडियंस के लिए पूर्व कप्तान रोहित शर्मा सबसे ज्यादा मुकाबले खेलने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 215 मैच खेले हैं। किरोन पोलार्ड (211) दूसरे स्थान पर हैं। इसी तरह हरभजन सिंह (158), लसिथ मलिंगा (139), अंबाती रायडू (136) और जसप्रीत बुमराह (131) **MI** के लिए 100 से ज्यादा मुकाबले खेलने वाले अन्य खिलाड़ी हैं। सूर्यकुमार यादव ने एमआई के लिए 92 मैच खेले हैं। पूर्व दिग्गज सचिन तेंदुलकर के नाम 91 मुकाबले हैं।




# हवा में टकराए नेवी के दो हेलीकॉप्टर, हादसे में दस की मौत... जांच आयोग किया गठित

**एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर**



मलेशिया की रॉयल मलेशियाई नेवी के सालाना कार्यक्रम की रिहर्सल के दौरान दो मिलिट्री हेलिकॉप्टर आपस में टकरा गए। ये दोनों हेलीकॉप्टर नेवी के थे जिनकी टक्कर में दस लोगों की मौत हो गई है। नेवी की ये रिहर्सल मंगलवार को लुमुट के रॉयल मलेशियन नेवी स्टेडियम में हो रही थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक हेलिकॉप्टर की दूसरे हेलिकॉप्टर से टक्कर होते देखी जा सकती है। मलेशियाई नौसेना ने इस घटना पर बयान जारी कर कहा इस बात की जानकारी दी है।

## 90वीं वर्षगांठ मनाने की तैयारी थी

मलेशियाई नौसेना ने बयान में कहा है कि ये हेलिकॉप्टर नेवी की 90वीं वर्षगांठ पर तीन से पांच मई के बीच होने वाली सैन्य परेड की रिहर्सल कर रहे थे। इस घटना में नेवी ने दस लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। हादसे में मारे गए सभी लोग हेलिकॉप्टर में सवार क्रू मेंबर थे। शवों को शिनाख्त के लिए लुमुट एयरबेस हॉस्पिटल भेजा गया है। ये घटना मंगलवार सुबह स्थानीय समयानुसार 9:32 बजे हुई।

## रोटर टकराए

एक हेलीकॉप्टर का रोटर दूसरे हेलीकॉप्टर के रोटर से टकरा गया। जिसके चलते यह दुर्घटना हुई। ये दोनों हेलिकॉप्टर फेनेक (एम502-6) और एचओएम (एम503-3) थे। एक हेलिकॉप्टर क्रैश होकर स्टेडियम की सीढ़ियों पर जा गिरा दूसरा स्वीमिंग पूल में जा गिरा था।

## राहत और बचाव कार्य जारी

मलेशिया के फायर ब्रिगेड की टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है। फायर ब्रिगेड टीम का कहना है कि उसे सुबह 9:50 बजे फोन के जरिए इस दुर्घटना की जानकारी मिली थी। इस दुर्घटना में 10 लोगों की मौत हो गई है।


# दुबई में हवाई अड्डे का परिचालन बहाल



**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डा दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का परिचालन बहाल हो गया है और यह पूरी क्षमता के साथ काम कर रहा है। दुबई एयरपोर्ट्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पॉल ग्रिफिथ्स ने कहा कि सोमवार से बहाली कार्यक्रम से पहले डीएक्सबी अपने सामान्य उड़ान कार्यक्रम पर लौट आया है और एक दिन में लगभग 1,400 उड़ानों का संचालन कर रहा है। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे के अंदर और उसके आसपास की सड़कों पर पानी का जमाव 100 प्रतिशत साफ हो गया है। हमारे कर्मचारी, लॉजिस्टिक और सुविधाएं फिर से सामान्य रूप से काम कर रही हैं। व्यवधान के कारण 2,155 उड़ानें रद्द की गईं और 115 उड़ानों का मार्ग बदला गया।

**कश्मीर में हत्याओं को अंजाम दे रहा पाक**

# राजौरी टारगेट किलिंग के पीछे दो आतंकी, गोली मारकर हत्या



**एजेंसी ▶▶ श्रीनगर**

जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार रात को आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना तब घटी जब मृतक अब्दुल रज्जाक थानामंडी पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत अपने गांव कुंडा टॉप में घर के पास एक मस्जिद से बाहर आया था। इस टारगेट किलिंग के पीछे दो पाकिस्तानी आतंकवादियों का हाथ है। आतंकवादियों ने करीब से गोली चलाई। पुलिस ने कहा कि आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत मामला दर्ज किया गया है। समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी मोहम्मद रजाक को उनके घर के बाहर गोली मार दी गई।

# समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए भारत-ओमान ने की संयुक्त बैठक



**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) और रॉयल ओमान पुलिस तट रक्षक (आरओपीसीजी) के बीच 5वीं वार्षिक उच्च-स्तरीय बैठक 23 अप्रैल, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित की गई। यह समुद्री सीमा से परे होने वाली अवैध गतिविधियों से निपटने के सहयोगात्मक प्रयासों और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस बैठक में चर्चा का नेतृत्व भारतीय तटरक्षक के महानिदेशक राकेश पाल ने किया। आरओपीसीजी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सहायक अधिकारी कमांडिंग कर्नल अब्दुल अजीज मोहम्मद अली अल जाबरी ने किया। बैठक में क्षमता निर्माण कार्यक्रम, क्रॉस शिप यात्रा, सी-राइडर कार्यक्रम को लागू करने, प्रदूषण रिपोर्टिंग केंद्रों और अन्य सहयोगी व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया।

# क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग: उच्च शिक्षा में जी20 देशों में भारत का शीर्ष प्रदर्शन



फाइल फोटो: पीएम मोदी से भेंट करते क्वाक्वेरेली।

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग के अध्यक्ष नुंजियो क्वाक्वेरेली ने इस साल क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग प्रदर्शन में सभी जी 20 देशों का नेतृत्व करने के लिए भारत की सराहना की है।

क्वाक्वेरेली ने कहा है कि इस साल, भारतीय विश्वविद्यालयों ने सभी जी20 देशों के बीच प्रदर्शन में सबसे अधिक सुधार किया- उनकी औसत रैंकिंग में 14% (साल-दर-साल) का महत्वपूर्ण सुधार हुआ। अनुसंधान आउटपुट के मामले में भारत दुनिया के सबसे तेजी से विस्तार करने वाले अनुसंधान केंद्रों में से एक बन गया है। 2017 से 2022 तक इसके अनुसंधान उत्पादन में प्रभावशाली 54% की वृद्धि हुई, जिससे यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा अनुसंधान उत्पादक बन गया। पीएम मोदी ने एक्स पर कहा कि यह देखना उत्साहजनक है। हमारी सरकार बड़े पैमाने पर अनुसंधान, शिक्षण और नवाचार पर ध्यान केंद्रित कर रही है।




तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-29963627/28, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401, 9311227402; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; (West Patel Nagar) - 9667530598; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667530598; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 955500730; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; (Naraina) - 9310059001; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Ill Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 281455, 09568519999; Shri Masha Honda (Sikandrabad) - 8477004028; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 9837098515, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 7536810266; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

हरिभूमि कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109